






# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 320
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

सोमवार | 04 सितंबर, 2023


# 'इंडिया घमंडिया और परिवारवादी'

## सनातन पर स्टालिन के बयान पर राहुल गांधी से सवाल, क्या यही आपकी रणनीति

### इस गठबंधन का सबसे बड़ा और मजबूत घटक है डीएमके: नड्डा

### उदयनिधि कहता है कि सनातन को जड़ मूल से कर दो समाप्त: नड्डा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सतना

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सनातन धर्म पर दिए गए उदयनिधि स्टालिन के बयान पर नाराज दिखे। मध्यप्रदेश के चित्रकूट में उन्होंने इंडिया को इंडी कहते हुए घमंडिया गठबंधन बताया। उन्होंने कहा, दुखी और आक्रोशित होकर यह बात कह रहा हूं कि यह घमंडिया और परिवारवादी गठबंधन हमारी संस्कृति, धर्म और संस्कारों पर बहुत गहरा आघात करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा, इस गठबंधन का सबसे बड़ा और मजबूत घटक डीएमके है। इस दल के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन (तमिलनाडु) का बेटा उदयनिधि स्टालिन सनातन धर्म को समाप्त करने का उदघोष करता है। यह बात तब कही, जब 3 दिन पहले मुंबई में बैठकर ये गलबहियां कर अपनी रणनीति तैयार कर रहे थे।

### जेपी नड्डा के राहुल गांधी से सवाल

नड्डा ने आगे कहा, राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि मोहब्बत की दुकान में हिंदू और सनातन धर्म के खिलाफ नफरत का सामान कहां और कैसे बिका। ये जहर आप पैदा कर रहे हैं। आपकी मोहब्बत की दुकान नफरत फैलाने वाला काम कर रही है। दो सवाल पूछना चाहता हूं...

- जो उदयनिधि स्टालिन ने कहा, वो घमंडिया गठबंधन की रणनीति का हिस्सा है? क्या आप मुंबई में ये रणनीति बनाकर उतरे हैं।
- क्या आप आने वाले चुनाव में सनातन धर्म को समाप्त करने का मुद्दा लेकर जनता के बीच जाने वाले हैं?
- नड्डा ने जनसभा में लोगों से सवाल करते हुए कहा, इंडिया गठबंधन को रहने का अधिकार नहीं। ये राहुल गांधी की नफरत फैलाने वाली दुकान को बंद करेंगे कि नहीं। घृणा फैलाने वालों को घर बैठाना पड़ेगा।ऐसे अलायंस को रहने देने का अधिकार है क्या? क्या सनातन धर्म को हम समाप्त होने देंगे? हिंदू धर्म पर इस तरह के आघात लगने देंगे?



### जेपी नड्डा के भाषण की 5 प्रमुख बातें...

- **कमलनाथ ने पीएम आवास योजना को डिरेल किया:** मध्यप्रदेश स्वच्छता, स्मार्ट सिटी, जल संरक्षण, प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, महिलाओं के सशक्तिकरण, बच्चों के विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना में मध्यप्रदेश नंबर 1 है। कमलनाथ ने पीएम आवास योजना को डिरेल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। योजना की लिस्ट दिल्ली पहुंचने नहीं दी। इसके बाद भी तीन साल में शिवराज सिंह ने मेहनत कर पीएम आवास योजना को नंबर 1 पर पहुंचाया।
- **आज एमपी उत्तम राज्य, शिवराज सिंह को बधाई:** 1998 में मैं पहली बार प्रदेश में मंत्री बना। जब देश के आंकड़े आते थे, तो उसमें कहा जाता था कि हम स्वच्छता, विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, हर तरीके से हम पिछड़े हैं। मैं पूछा करता था कि इतनी मेहनत करते हैं कि मेरे प्रदेश के आंकड़े तो अच्छे हैं, इसके बाद भी हम कैसे पिछड़े हैं। हमें बताया जाता था कि कुछ बीमारू राज्य हैं। ये राज्य विकास को नीचे खींचकर ले जाते हैं। आज बीमारू राज्य में शामिल मध्यप्रदेश विकसित प्रदेश के रूप में खड़ा हो गया है। एमपी उत्तम राज्य के रूप में आगे बढ़ा है। इसके लिए शिवराज सिंह को बधाई।
- **ज्योतिरादित्य सिंधिया मेडिकल कॉलेज से वंचित हो गए थे:** एमपी में 2002 में मेडिकल कॉलेज में सिर्फ 620 सीट थीं, आज 4 हजार से ज्यादा प्रति वर्ष हो रही है। ज्योतिरादित्य सिंधिया से पूछिए कि किस तरह से वे मेडिकल कॉलेज से वंचित हो गए थे। हमने तो छिंदवाड़ा में भी मेडिकल कॉलेज खुलवाया है। मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 2002 में 11 हजार 171 रुपए थी। यह आज साल की 1 लाख 40 हजार रुपए हो गई है। 2002 में 60 हजार किलोमीटर की सड़कें बनी थी। आज 5 लाख किलोमीटर से ज्यादा सड़कें हैं। 310 कॉलेज थे, आज 536 हैं। इंडस्ट्रियल एरिया 23 से बढ़कर 112 हुए हैं। 0.6 प्रतिशत औद्योगीकरण बढ़कर 24 प्रतिशत तक पहुंचा है।
- **करप्टनाथ सरकार भ्रष्टाचार से युक्त सरकार थी:** हमारे कामों को जन-जन तक पहुंचाना जन आशीर्वाद यात्रा का मकसद है। कुछ दिन पहले गृहमंत्री अमित शाह ने एक रिपोर्ट कार्ड आपके सामने रखा। हम जनता को बताएंगे कि कैसे 20 साल पहले का मध्यप्रदेश था। आज मध्यप्रदेश का परिवर्तन हुआ है। विनाश करने में कांग्रेस की सरकारों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। कमलनाथ की करप्टनाथ सरकार भ्रष्टाचार से युक्त सरकार थी। गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, दलित, युवा, किसान, महिला की तकदीर बदलने के लिए हम समर्पित और संकल्पित हैं। राखी पर सिलेंडर के दाम घटाने का काम हमारी सरकार ने किया।
- **भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा, यह हमारी गारंटी:** अर्थव्यवस्था में आज भारत 11वें नंबर से 5वें नंबर पर खड़ा हो गया है। 2023 में शिवराज, 2024 में पीएम मोदी को आशीर्वाद देना, भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनकर आएगा। यह हमारी गारंटी है। 9 साल पहले मोबाइल पर लिखा होता था- मेड इन चाइना। अब एपल भी इंडिया में बनता है। 97 प्रतिशत मोबाइल भारत में बन रहा है। ऑटोमोबाइल मार्केट में भारत तीसरे, स्टील में दूसरे पर है। 13.5 करोड़ लोग आज गरीबी रेखा से बाहर आकर मध्य वर्ग में पहुंच गए हैं। ये बदलते भारत की तस्वीर है। अति गरीबी 0.1 प्रतिशत से कम हुई है।

**10,543 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी जन आशीर्वाद यात्राएं:** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी जन आशीर्वाद यात्राएं निकालने जा रही है। आज इसका आगाज भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट क्षेत्र से हुआ। जेपी नड्डा ने इस यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले भगवान कामतानाथ के दर्शन किए। पूर्व में तय कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चित्रकूट विधानसभा (सतना जिला) से यात्रा शुरू करानी थी, लेकिन वे अब 5 सितंबर को मंडला से महाकौशल क्षेत्र और श्योपुर से ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की यात्राओं का शुभारंभ करेंगे। बीजेपी पहली बार मध्यप्रदेश में एक साथ 5 यात्राएं निकालने जा रही है।

### यह है परिवारवादी गठबंधन का घमंड

नड्डा ने कहा, उदयनिधि कहता है कि सनातन को जड़ मूल से समाप्त कर दो। उदाहरण देता है कि जैसे मलेरिया, कोरोना को हम समाप्त करते हैं, वैसे ही सनातन को समाप्त कर दो। यह है परिवारवादी गठबंधन का घमंड। वे इस तरह की बात करने में कोई गुरेज नहीं करते। जनसभा के बाद जेपी नड्डा ने सतना जिले की चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के मझगवां के पास मिचकुरिन गांव से जन आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत की। नड्डा का ढाई महीने में यह मध्यप्रदेश का दूसरा दौरा है। इससे पहले वे 27 जून को कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए भोपाल आए थे।

### कांग्रेस गंदगी फैला रही, झूठे वादों में मत आना: सीएम

सीएम शिवराज ने कहा, कांग्रेस के लोग झूठ बोलते रहे कि कर्ज माफ करेंगे। किसानों को इन्होंने डिफॉल्टर बना दिया। एक महीने से पानी नहीं गिरा। किसान चिंतित हैं, लेकिन फिक्र मत करना। आपको संकट से मुक्त कराएंगे। सीएम ने कहा, कमलनाथ ने तो सारी योजनाएं बंद कर दीं। कांग्रेस गंदगी और भ्रम फैला रही है। गंदे आरोप लगा रही है। पहले उसने 900 वादे किए। एक भी पूरा नहीं किया। कांग्रेस के झूठे वादों के झांसों में मत आना। सीएम ने कहा, नर्मदा मां का पानी नागौद की ओर से आने वाला है। नागौद से पानी को दौरी सागर में छोड़ेंगे। नहरे बनाकर सीधे मंदाकिनी नदी में नर्मदा मां का पानी मिला दिया जाएगा। नर्मदा और मंदाकिनी मैया का संगम होगा। सीएम ने कहा, संघर्ष का शंख फूंक दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी केवल भारत के नहीं, पूरी दुनिया के नेता हैं। कांग्रेस ने 50-60 साल राज किया। तब डाकुओं का आतंक था। हमारी सरकार आई तो सारे डकैतों का सफाया कर दिया।




# किसान क्रेडिट कार्ड में भी बड़ा गोलमाल

**आधार से खातों के संबद्ध होने के बाद यह सामने आया कि बहुत बड़ी तादात में अलग-अलग बैंकों से किसान क्रेडिट कार्ड जारी करा लिए गए हैं**

- अब एक किसान को केवल एक ही किसान क्रेडिट कार्ड जारी किया जाएगा
- किसान क्रेडिट कार्ड देने में सबसे बुरी स्थिति कोआपरेटिव बैंकों में देखी गई
- इसके बाद आरबीआई और नाबार्ड द्वारा इस पर गहरी चिंता जताई गई है

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) में भी गोलमाल की आशंका को देखते हुए सरकार सख्त हो गई है। दरअसल, आधार से खातों के संबद्ध होने के बाद यह पता चला कि बहुत बड़ी तादद में अलग-अलग बैंकों से किसान क्रेडिट कार्ड जारी करा लिए गए हैं। यह खुलासा होने के बाद सरकार ने नई व्यवस्था बनाई है। इसके तहत अब एक से ज्यादा कार्ड धारक के केसीसी निरस्त होंगे और ऐसा एक किसान-एक केसीसी के नियमों के अंतर्गत किया जाएगा। किसान क्रेडिट कार्ड देने में सबसे बुरी स्थिति कोआपरेटिव बैंकों में देखी गई, जिसके बाद आरबीआई और नाबार्ड के द्वारा इस पर गहरी चिंता जताई गई है।

### बहुत कम रही निजी बैंकों की सरकारी योजनाओं में भागीदारी

अप्रैल से जून के बीच के समय में तीन महीने में किसान क्रेडिट कार्ड का 32 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो पाया। निजी बैंकों की सरकारी योजनाओं में जिस तरह की कमजोर भागीदारी रही उस पर सवाल खड़े हो रहे हैं और इस संबंध में कई निर्देश भी दिए गए हैं।

### पहचान के बाद कैंसिल किए जाएंगे एक ही नाम पर कई-कई किसान क्रेडिट कार्ड

किसान क्रेडिट कार्ड देने को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देश के अनुसार अधिसूचित फसलों में अब एक किसान को केवल एक ही किसान क्रेडिट कार्ड यानी केसीसी जारी किया जाएगा। एक नाम पर ही कई-कई केसीसी जारी किए जाने की बहुत बड़ी संख्या है। अब सभी की पहचान की जाएगी और फिर उनको कैंसिल भी किया जाएगा। बैंकों को इस बात के सख्त निर्देश दिए गए हैं कि पशुपालन व मछली पालन से संबंधित किसानों को भी केसीसी जारी करने को प्राथमिकता दी जाए और इस ओर तेजी लाई जाए।

**कानपुर एक्सप्रेस**



**कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11**


जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


## लोहिया संस्थान में बनेगा किडनी, लिवर और बोन मैरो ट्रांसप्लांट, 18 करोड़ के प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी, 4.55 करोड़ की पहली किस्त जारी




जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सरकार ने लखनऊ के डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में किडनी, लीवर और बोन मैरो ट्रांसप्लांट सेंटर बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी हैं। 18.22 करोड़ का प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए 4.55 करोड़ की पहली किस्त जारी करने के आदेश दिए हैं। संस्थान परिसर के मुख्य चिकित्सा भवन के छठे और सातवें फ्लोर पर किडनी, लीवर और बोन मैरो ट्रांसप्लांट सेंटर बनाने की अनुमति दी गई है। इसके पूरा होने से न केवल लखनऊ बल्कि आस-पास क्षेत्रों से यहां इलाज कराने आने वाले रोगियों को भी स्वास्थ्य सुविधाओं का भी लाभ मिलेगा। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने इटावा के सैफई में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के 300 बेड वाले छात्रावास के निर्माण कार्य के लिए बकाया 5त्न की धनराशि भी जारी करने के आदेश दिए हैं। सैफई के उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में 28.28 करोड़ रुपए की लागत से जो 300 बेड्स वाले छात्रावास का निर्माण हो रहा है उस कार्य को भी अब गति मिलेगी। दरअसल, इस मद में 5त्न यानी 1.41 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृति बकाया थी। ऐसे में, राज्य सरकार ने निर्माण कार्यों को गति देने के लिए 41.42 लाख रुपए की किस्त को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति दे दी गई है।

# घोसी से सपा प्रत्याशी के बेटे पर एफआईआर

- सिपाही से कहा, तुम्हारे चौकी इंचार्ज को जूते से पीटेंगे, हिंसा कर सकती है सपा: ब्रजेश पाठक

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

घोसी उपचुनाव में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह के बेटे सुजीत सिंह पर एफआईआर हुई है। वह पूर्व ब्लॉक प्रमुख हैं। आरोप है कि सुजीत सिंह ने एक सिपाही को फोन करके धमकाया। कहा कि सपा के पक्ष में काम नहीं कर रहे हो। तुम्हारे जो चौकी इंचार्ज है दलित समाज से उनको जूते से पीटेंगे। सीओ घोसी शीतला प्रसाद पांडे ने इस मामले में कोपागंज थाने में सिपाही योगेश कुमार यादव ने एफआईआर दर्ज कराई है। योगेश, कोपागंज थाने की जाफरगंज चौकी में तैनात हैं। सुजीत सिंह के खिलाफ गाली-गलौज करने, धमकी देने समेत 7 धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। इस पूरे मामले में रविवार सुबह डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि सुधाकर सिंह के बेटे सुजीत सिंह ने एक सिपाही को फोन करके धमकाया है। जिस तरीके से सपा प्रत्याशी के बेटे ने चौकी इंचार्ज को धमकी दी है। वह अराजकता का प्रमाण है। पूरी तरह से अराजकता पर उतर आई है। घोसी उपचुनाव में की वोटिंग 5 सितंबर को है। यहां सुधाकर सिंह का मुकाबला भाजपा के दारा सिंह से है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा, घोसी विधानसभा से सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह के बेटे ने जाफरगंज पुलिस चौकी के आरक्षी को फोन कर धमकाया। कहा कि समाजवादी पार्टी के पक्ष में आप काम नहीं कर रहे हो। आप यादव समाज से हो और आपका चौकी इंचार्ज जो दलित समाज से है। उनको आकर हम जूते से पीटेंगे और धमकाने का काम किया। समाजवादी पार्टी पूरी तरीके से अराजकता और गुंडई पर उतर आई है। डिप्टी सीएम ने कहा कि चुनाव में कभी भी हिंसा हो सकती है। इस संबंध में चुनाव आयोग से बीजेपी का प्रतिनिधिमंडल शिकायत करेगा। हमारी चुनाव आयोग से मांग है कि पूरे मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की जाए।

### सीओ बोले, 7 धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सुजीत सिंह पर जिस एसआई का नाम लेकर अभद्रता का आरोप है। उसने 2017 में सोशल मीडिया पर बीजेपी के खिलाफ भी टिप्पणी की थी। इसके बाद उसे उस थाने से हटा दिया गया था। हालांकि, अधिकारियों ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी।



# पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जाएंगे राज्यसभा, भाजपा ने उम्मीदवार बनाया

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा राज्यसभा जाएंगे। भाजपा ने उनको राज्यसभा प्रत्याशी बनाया है। बीजेपी सांसद हरद्वार दुबे के निधन के बाद राज्यसभा की एक सीट खाली हुई थी। 15 सितंबर को इस सीट पर वोट डाले जाएंगे। उसी दिन वोटों की गिनती भी होगी। समीकरणों के हिसाब से दिनेश शर्मा का राज्यसभा में जाना तय है। वहीं, दिनेश शर्मा के राज्यसभा जाने से यूपी में विधान परिषद की एक सीट पर भी जल्द उपचुनाव होगा। क्योंकि, वह अभी विधान परिषद के सदस्य हैं और उनका कार्यकाल जनवरी, 2027 तक है। दिनेश शर्मा योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में डिप्टी सीएम रहे हैं। हालांकि, योगी 2.0 के मंत्रिमंडल में उनको जगह नहीं मिली थी।



### ब्राह्मण चेहरे की थी चर्चा, लेकिन रेस में नहीं थे दिनेश शर्मा

दरअसल, 26 जून 2023 को दिल्ली में राज्यसभा सदस्य हरद्वार दुबे का निधन हो गया था। इसके बाद राज्यसभा की यह सीट खाली हुई थी। उनका कार्यकाल नवंबर, 2026 तक था। इसके बाद से भाजपा में चर्चा चल रही थी कि इस सीट किसी ब्राह्मण चेहरे को ही उम्मीदवार बनाया जाए। हालांकि, दिनेश शर्मा का लिस्ट में कहीं भी नाम नहीं था। जाने-माने कवि कुमार विश्वास, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर और पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव के नाम पर लगातार चर्चा चल रही थी। लेकिन भाजपा ने दिनेश के नाम का ऐलान कर सभी को चौंका दिया।

### इकलौते ऐसे भाजपा नेता, जिन्हें भारत जोड़ो यात्रा का मिला था निमंत्रण

डॉ. दिनेश शर्मा बीजेपी के इकलौते ऐसे नेता थे, जिन्हें राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का निमंत्रण मिला था, तब हाशिए पर माने जाने वाले डॉ. शर्मा को लेकर की गई कांग्रेस की कवायद को लेकर कई अटकलें लगी थीं। हालांकि डॉ. शर्मा ने निमंत्रण ठुकराते हुए कहा था, 'भारत जोड़ने का वास्तविक कार्य तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। मैं कांग्रेस नेता राहुल गांधी का आह्वान करता हूं कि वह प्रधानमंत्री के भारत जोड़ो अभियान में योगदान करें।

### ब्राह्मण कोटे से खाली हुई थी पर बनाया ब्राह्मण प्रत्याशी

स्वर्गीय हरद्वार दुबे ब्रज क्षेत्र के मथुरा के रहने वाले थे। वह ब्राह्मण थे और शायद इसीलिए भाजपा ने ब्राह्मण दिनेश शर्मा को ही प्रत्याशी बनाया है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान का विधानसभा चुनाव होना है। दिनेश शर्मा का 3 राज्यों उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान से रिश्ता है। यूपी में वह डिप्टी सीएम की कुर्सी तक पहुंचे। उनका परिवार मूलरूप से राजस्थान का रहने वाला है और वह गुजरात के प्रभारी रहे हैं। इसीलिए दिनेश शर्मा को प्रत्याशी बनाकर भाजपा ने राजस्थान में ब्राह्मण वर्ग के वोटरों में बड़ा मैसेज दिया है। डॉ. दिनेश शर्मा को राज्यसभा भेजने का फैसला राजस्थान चुनाव से पहले जातीय समीकरण साधने के लिए केंद्रीय नेतृत्व ने लिया है। राजनीतिक पंडित यह भी मानते हैं कि राष्ट्रीय स्तर की राजनीति में दिनेश शर्मा बीते दो दशक से सक्रिय रहे हैं। इसके साथ ही डॉ. दिनेश शर्मा को राज्यसभा भेजना यूपी के लिए एक बड़ा संदेश भी माना जा रहा है।

### सफल राजनीतिक करियर रहा है दिनेश शर्मा का...

- 1987 में लखनऊ विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष के तौर पर चुना गया।
- 1991 में प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया।
- 1993 से 1998 तक भारतीय युवा जनता मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष रहे।
- बीजेपी सरकार बनने पर इन्हें राज्य मंत्री का दर्जा मिला। साथ ही उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम का उपाध्यक्ष बनाया गया।
- भारत सरकार में राष्ट्रीय युवा मोर्चा आयोग के सदस्य भी बने।
- उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति व भारत सरकार की युवा नीति तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
- पर्यटन निगम के उपाध्यक्ष रहते हुए भाजपा संगठन में उप्र भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश प्रभारी बनाया गया।
- 2006 में लखनऊ के मेयर चुने गए।
- 2012 में दूसरी बार लखनऊ के मेयर चुने गए। भारी मतों से विजयी होने पर लिम्का बुक ऑफ रिकाड्र्स में नाम दर्ज हुआ।
- 16 अगस्त, 2014 को भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और गुजरात प्रदेश का प्रभारी बनाया गया।
- देश के सबसे बड़े राजनीतिक सदस्यता अभियान का राष्ट्रीय प्रभारी बनाया गया, जिसमें राष्ट्रीय नेताओं के मार्गदर्शन में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी।
- 2017 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा की सरकार बनी, तब प्रदेश का उपमुख्यमंत्री चुना गया।
- माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी की भी जिम्मेदारी संभाली। साथ में एक अन्य महत्वपूर्ण दायित्व विधान परिषद में 'नेता सदन' की जिम्मेदारी मिली। औद्योगिक नीति निर्माण के लिए मंत्री समूह के अध्यक्ष रहे।

# अपने हक के लिये सड़क से सदन तक लड़ेंगें शिक्षा मित्र

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रान्तीय आहवान पर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में गत 23 सालों से शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षा मित्रों की समस्याओं के समाधान के लिए चित्रकूट के शिक्षा मित्रों ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर अपने हक और हुकूक की आवाज बुलन्द करते हुये तहसील परिसर से होते हुये राष्ट्रीय राजमार्ग पर नारे बाजी करते हुये ट्रैफिक चैराहे पर सांकेतिक जाम भी लगाया। इसके बाद शिक्षा मित्रों का काफिला सांसद आर. के. सिंह पटेल के आवास पहुंच कर डेरा डाल दिया और सभा की।

संघ अध्यक्ष इन्द्रसेन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा मित्रों के हितों की अनदेखी कर रही है। जबकी गत 6 माह पूर्व सरकार के ही मंत्री कौशल किशोर सिंह ने लखनऊ के रमाबाई पार्क में प्रदेश के लाखों शिक्षा मित्रों को भाजपा के हित में कार्य करने की शपथ दिला चुके हैं। फिर भी शिक्षा मित्रों की समस्या का स्थाई समाधान न होना, सरकार की करनी कथनी में भेद है। जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। संघ के मण्डल अध्यक्ष सन्तलाल त्रिपाठी ने सरकार को चेतावनी दी कि गाँव, गरीब, दलित, शोषित बच्चों को शिक्षा देने वाले शिक्षा मित्रों को भी शिक्षकों के समान वेतन देने का काम करे। वरिष्ठ शिक्षा मित्र नेता सर्वेश यादव ने कहा कि यदि सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़ शिक्षा मित्रों को भी मानवीय जीवन जीने का अधिकार नही देती तो उत्तर प्रदेश के पंद्रह लाख शिक्षा मित्र परिवार सड़क से सदन तक अपनी लडाई जारी रखेंगे। जिला संरक्षक अश्वनी सिंह एवं जिला संयोजक राजेश पांडेय ने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा की सरकार में उत्तर प्रदेश का पीडित उपेक्षित असहाय शिक्षा मित्र लगातार अपनी गुहार लगा रहा है। जिला उपाध्यक्ष नन्दकिशोर ने कहा कि शिक्षा मित्रों का मुद्दा एक बडा मुद्दा है। सरकार को चाहिए कि नियमावली में संशोधन कर शिक्षा मित्रों को शिक्षक बनाने का ऐतिहासिक कार्य करे। सांसद आवास पर सांसद की अनुपस्थिति में प्रधानमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र सांसद प्रतिनिधि को सौंपा।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि आपका माँग पत्र प्रधानमंत्री पहुंच जायेगा। इस मौके पर महामंत्री दिगम्बर दुबे, अमित त्रिपाठी, विनोद त्रिपाठी, ममता देवी, मिथिला देवी, देवानन्द यादव, आलोक जायसवाल, ब्रजेन्द्र पाल, इंद्र नारायण गौतम, ओमकार अहिरवार, केतकी, सुनीता, नीतमाला, शिवनारायण यादव, रमेश यादव, रामचन्द्र भारतीय, नवल किशोर त्रिपाठी, धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, दिनेश सिंह, देवमुनी त्रिपाठी, बालकृष्ण आदि मौजूद रहे।

## कामदगिरि स्वच्छता समिति ने चलाया सफाई अभियान

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने रविवार को परिक्रमा मार्ग में सफाई अभियान चलाया। साथ ही लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने कहा कि जिलाधिकारी की प्रेरणा से और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत यह सफाई अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ और सुंदर परिक्रमा हो इसकी परिकल्पना को साकार करने के लिए इस तरह के अभियान चलने चाहिए। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। महात्मा गांधी ने स्वच्छता को सेवा का भाव कहा था। स्वच्छ,मनुष्य ही स्वच्छ समाज की नीव रख सकता है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है। जिससे सभी को स्वस्थ जीवन प्रदान होता है। इसीलिए अपने आसपास स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमे अपने आसपास स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जहां पर बैठे वहां गंदगी ना करें।

## मवेशी से भरे ट्रक ने महिला को कुचला, मौत

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

पशु तस्करों के पशु भरे ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मारकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया। वही बाईक से गिरी महिला को कुचलते हुये मौत के घाट उतार कर फरार हो गया। स्थानीय लोगो की सूचना पर मौके पर पहुँची थाना पुलिस ने जहाँ घायल को ईलाज हेतु अस्पताल भेज दिया। वही शव को कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुची पुलिस को आसपास के लोगों ने पुलिस को ट्रक नंबर की जानकारी भी दिया लेकिन ट्रक पकड़ा नहीं जा सका। मलवां थाना क्षेत्र के पनई इनायतपुर गांव निवासी राघवेंद्र उर्फ धौकल की पत्नी सुशीला उर्फ गौरी 45 रक्षाबंधन पर भतीजे आलोक के साथ मायके गाजीपुर थाना क्षेत्र के चुरियानी सामियाना गांव गई थी। रक्षाबन्धन के बाद बाईक से भतीजे के साथ मायके से घर लौट रही थी। राधानगर थाना क्षेत्र के जयरामनगर ओवरब्रिज पर बाइक सवार पहुंचे। तभी पीछे से आ रहे पशुओं से लदे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया और बाइक सहित सडक पर गिरी महिला को तेज रफ्तार ट्रक रोदते हुये फरार हो गया। हादसे की सूचना पर चांदमारी चैकी प्रभारी प्रवीण यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि ट्रक में मवेशी लदे थे। ट्रक नंबर की सूचना सभी थानों में दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक राजकिशोर ने बताया कि ट्रक नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में राजापुर प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने बताया कि उप निरीक्षक राजीव कुमार सिंह व आरक्षी मनोज कुमार, अजय वर्मा, महिला आरक्षी प्रियंका सिंह द्वारा संतोषिया पत्नी मुन्नीलाल निवासी ग्राम चिल्लीराकस को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध थाना राजापुर में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## जिला राजकीय पुस्तकालय का डीएम ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने रविवार को जिला राजकीय पुस्तकालय में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कोचिंग सेंटर संचालन की तैयारी का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जिला पुस्तकालय के अंदर फॉल सीलिंग, लाइट, रंगाई पुताई, शौचालय निर्माण आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग से कहा कि मुख्य गेट पर भी डिजिटल बोर्ड लगाया जाए, पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो इंटरलॉकिंग बची है, उसको भी पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि जो अतिक्रमण हटाया गया है, वहां पर भी बाउंड्री बनवाएं एवं गेट भी लगवाए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि बिजली के लोड को भी बढ़ाएं एवं अभ्युदय कोचिंग सेंटर के लिए सुरक्षा गार्ड भी रखें। उन्होंने निर्देशित किया कि फर्नीचर और बढ़ाएं। जिससे बच्चों को बैठने में असुविधा न हो। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

## सदगुरू नेत्र चिकित्सालय ने शहर में निकाली नेत्रदान जागरूकता रैली

❋ डीएम, एसपी ने हरी झंडी दिखा रैली को किया रवाना

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




परमहंस संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एवं सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में चल रहे 38वें नेत्रदान पखवाड़े के दौरान रविवार को जिला मुख्यालय के नगर पालिका परिषद से चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन तक सदगुरू नेत्र चिकित्सालय द्वारा नेत्रदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिलाधिकारी अभिषेक आनद, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता एवं श्री सदगुरू सेवा संघ के ट्रस्टी डॉ. बी के जैन, ट्रस्टी इलेश जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर बी के जैन ने बताया कि अभी हमारे क्षेत्र के लोग नेत्रदान के बारे में पूरी तरह से नहीं जानते, जिस दिन नेत्रदान के बारे में सबलोग मिलकर लोगों को समझाने में कामयाब हो गए, उस दिन हमारे समाज के भाई, बहन व बच्चे अंधेरे की जिंदगी जी रहे हैं, उनके जीवन में उस दिन रोशनी भर देंगे। जिलाधिकारी अभिषेक आनद ने कहा कि नेत्रदान के लिए लोगों को प्रेरित करना हम सबका काम है और यह एक पुण्य काम है। साथ ही उन्होंने कहा कि सदगुरू सेवा संघ के साथ हम चित्रकूट जिले को मोतियाबिंद रहित करने का काम करेंगे। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कहा कि इससे बड़ा कोई दान नही है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मृत्यु के पश्चात शरीर के साथ आंखे भी जलकर राख हो जाती है। हम नेत्रदान से उस मृत आदमी की आंखे जिंदा रख सकते है। इस पहल को सबको मिलकर बढ़ाना है तभी यह कार्य संभव है। इस नेत्रदान जागरुकता रैली में शहर के लोगों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। रैली के माध्यम से नेत्रदान महादान के बारे में लोगों को जागरूक किया। नेत्रदान को लेकर लोगों में तरह-तरह की फैली भ्रांतियों को दूर करने के बारे में नारे के माध्यम से बताया। इस नेत्रदान जागरूकता रैली की शुरुआत नगर पालिका परिषद कर्वी चित्रकूट से हुई और शहर के तमाम जगहों से गुजरते हुए निकली गई और अंत रैली का समापन चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन पर किया गया। इस मौके पर डॉ. उषा बी जैन, डॉ. आलोक सेन, डॉ. प्रधन्या डॉ. गौतम सिंह परमार आदि मौजूद रहे।

## दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अधिवक्ता राजेश कुमार पाण्डेय ने उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि बीती 17 जुलाई को उन्होंने सदर तहसीलदार कार्यालय से जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था। यह आवेदन पत्र अभी भी लम्बित है। उन्होंने सूचना समय पर प्रदान करने के लिए दो बार व्यक्तिगत सम्पर्क भी किया, किन्तु उन्हें सूचना न देकर प्रथम व द्वितीय अपील किए जाने की धमकी दी गयी है। अधिवक्ता ने मामले की जांच कराकर सूचना दिलाए जाने व दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ आज सौंपेगा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश के क्रम में पुरानी पेंशन बहाली सहित 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर अपनी मांगों के समर्थन में जनपद के शिक्षक धरना देकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सौंपेंगे।

जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जब शिक्षकों के साथ अन्याय और भ्रष्टाचार हुआ तब शिक्षकों के मान-सम्मान के लिए आंदोलन हुआ है और सभी शिक्षकों ने एकजुट होकर जनपद के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने अपनी जोरदार उपस्थिति से प्रशासन को अपनी शक्ति का एहसास कराकर सोचने के लिए मजबूर करने का काम किया है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा शिक्षकों की समस्याओं का समाधान न करने, प्रत्यावेदन का निस्तारण न करने, चयन वेतनमान स्वीकृत न करने आदि जनपद स्तरीय समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को अलग से ज्ञापन दिया जायेगा। जनपद के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं से अनुरोध है कि प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर समस्त विकास खण्डों के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं अपनी मांगों के समर्थन में सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपने हक, मान-सम्मान और अधिकार की लड़ाई के लिए धरने में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनायें।

## डीएम ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में हो रहे निर्माण कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

4.5138 करोड़ की लागत से कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल निर्माण इकाई-10 कानपुर द्वारा कार्यशालाओं का निर्माण कार्य-जीर्णाद्धार कराया जा रहा है। वहीं 1.9800 करोड़ की लागत से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आवास टाइप-1, 2, 4 के निर्माण एवं 9.9700 करोड़ की लागत से कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल निर्माण इकाई-2 प्रयागराज द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर स्थित 12 ट्रेड के संचालन हेतु नये भवन के निर्माण कार्य कराया जा रहा है। हालातों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी श्रुति मौके पर पहुंची। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से चरणबद्ध बनाया जाय। नक्शे के अनुसार जो भी कार्य स्टीमेट रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, रैम्प आदि है। उनको प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाय। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में निर्माणाधीन कार्यशालाओं में इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक, ऑटोमोबाइल, ड्राफ्ट मैन सिविल-मैकेनिक, कोपा आदि की कार्यशालाओं का निर्माण कार्य कुल 24 माइल स्टोन के सापेक्ष 15 माइल स्टोन का कार्य पूर्ण पाया। जिलाधिकारी ने कहा कि बजट की मांग के लिए शासन स्तर पर पत्राचार करें। साथ ही शेष बचे हुए माइल स्टोन का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराये। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आवासीय परिसर में 29 माइल स्टोन के सापेक्ष 18 माइल स्टोन पूर्ण पाये गये। उन्होंने मौके पर निर्माण कार्य बंद पाए जाने पर कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल निर्माण इकाई-2 प्रयागराज के पदाधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण लेने के निर्देश संबंधित को दिया।

उन्होंने कहाकि शेष बचे माइल स्टोनो को श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराया जाय। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चर्मकला परिसर में निर्माणाधीन भवनों को देखा और कहा कि समय से निर्माण कार्यों को पूरा कराये। साथ ही आवासीय परिसर के लिए शासन स्तर पर पत्राचार कर मांग कर लें। आईटीआई परिसर में संचालित दो ट्रेडों सिलाई कढ़ाई, ट्रैक्टर मैकेनिक की जानकारी प्रधानाचार्य आईटीआई से लिया कहा कि नियमित रूप से कक्षाएं संचालित होने के लिए निरंतर निगरानी बनाएं रखे। प्रधानाचार्य ने बताया कि 48 छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नीती त्रिपाठी सांख्यिकी अधिकारी प्रियदर्शी सिंह गौतम, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चर्मकला, कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नीती त्रिपाठी सांख्यिकी अधिकारी प्रियदर्शी सिंह गौतम, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चर्मकला, कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षामित्रों ने तिरंगा यात्रा निकाल जिले की सांसद को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

जिले भर से नहर कॉलोनी में इकट्ठा हुए शिक्षामित्रों ने जिला अध्यक्ष सुशील तिवारी के नेतृत्व में एक बैठक करने के बाद बाइक रैली निकाल कर जिले की सांसद व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के आवास पहुंचकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

शिक्षामित्रों ने नहर कालोनी से लगभग 700 बाईको के हुजूम में अपने हाथों में तिरंगा लेकर अपनी आवाज को बुलंद करते हुए शहर के पटेल नगर, विद्यार्थी चैराहा, बुलेट चौराहा, सम्राट अशोक चैराहा, तामेश्वर चैराहा होते हुए केंद्रीय मंत्री के आवास पहुचे। संसद व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को ज्ञापन देते हुये कहा कि शिक्षामित्र 23 साल से बेबसी में जी रहा है। शिक्षामित्र अब जाग चुका है और उनकी 6 सूत्रीय मांगों को पूरा नही किया गया तो अपने हक के लिए 9 अक्टूबर को प्रदेश के आवाहन् पर लखनऊ की सड़कों पर एक विशाल रैली निकालेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने कई साल बीत जाने के बावजूद भी हमारी सुध नहीं लिया।

अब तक लगभग प्रदेश में 9000 से ज्यादा शिक्षामित्रों की मौतें हो चुकी हैं, शिक्षामित्र अपने परिवार को चलाने में असमर्थ है। महज दस हजार के अल्प वेतन में उनका इस महंगाई में गुजारा नहीं होता है। संगठन ने साध्वी निरंजन ज्योति से मांग किया कि संसद के विशेष सत्र मे शिक्षामित्रों का दर्द उठाये और हमारी समस्याओं का निस्तारण करवाये। इस मौके पर संरक्षक पुष्पराज सिंह, अजय सिंह, ओम पटेल, विशाल शुक्ला सहित बडी सख्या मे शिक्षामित्र मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने मनाई स्व. पण्डित कमला पति त्रिपाठी की जयंती

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला कौंग्रेस कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. पंडित कमलापति त्रिपाठी की जयंती जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में मनाई गई। जिसमें कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व मुख्यमंत्री पंडित कमलापति त्रिपाठी का देश के प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने समाज में गरीब के कल्याण के लिए बहुत कार्य किया। उन्होंने कहा कि कौंग्रेस पार्टी में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा, उनके कार्य को कभी भूलाया नहीं जा सकता। उनके बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए कौंग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए हम सभी लोग मिलकर काम करें। साथ ही 2024 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने का काम करें। कौंग्रेस नेत्री रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि पंडित कमलापति त्रिपाठी ने हमेशा समाज को आगे बढ़ाने का काम किया। हम सभी कौंग्रेस के सिपाही संकल्प ले कि उनके बताए हुए मार्ग का अनुसरण करते हुए देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ आम जनता के हितों के लिए संघर्ष करते हुए कौंग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करें। तभी पंडित कमलापति त्रिपाठी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, कुलदीप मिश्रा, प्रदेश महासचिव सेवादल शिव गुलाम वर्मा, जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, विजय मणि त्रिपाठी, चुनवाद प्रसाद प्रजापति, आशीष मिश्रा, ओम प्रकाश गुप्ता, राजेश कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

## पंच प्रण की शपथ के साथ हुआ सम्मान

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

मलवां विकास खंड के सेठ एमआर जयपुरिया कॉलेज में युवा कार्यक्रम एवं खेल कल्याण मंत्रालय के संयोजकत्व में नेहरू युवा केंद्र के प्रायोजन में युवा विकास समिति द्वारा युवा संवाद भारत 2047 का आयोजन किया गया। सात युवा प्रतिभागियों ने अपना वक्तव्य दिया। पंच प्रण की शपथ के पश्चात् विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता, नागरिकों में कर्तव्य भावना पर अपने-अपने व्यक्तव्य प्रस्तुत किये।

मेरा माटी मेरा देश थीम के तहत् देश की आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष, समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित तिवारी ने दीप प्रज्जवलित किया। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण में सभी को योगदान देना होगा। ये देश हम सबका है। इसकी रक्षा और अपनी विरासतों को बचाये रखने और उन पर गर्व करने का वचन लेना होगा। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी लक्ष्मीचंद्र मोना ओमर ने कहा कि हमें ऐसा भारत बनाना है। जहां गुलामी के हर दंश से मुक्ति मिल सके। समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि नागरिकों को कर्तव्य भावना को समझना होगा। उन्होंने सभी अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ ने किया। प्रथम स्थान आरिध्य सोनी, द्वितीय दीपा मिश्रा, तृतीय श्रष्टी सिंह रहीं। जिन्हे अतिथियों ने सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राणा संग्राम सिंह ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर जेपी सिंह, आशुतोष अग्निहोत्री, संजय दत्त द्विवेदी, कंचन मिश्रा, शनी श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, देवेंद्र सिंह भदौरिया, नव्या मिश्रा, खुशी साहू, सजल देवी, आनंद तिवारी रहे।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने किया रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन




जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चित्रकूट धाम नगर द्वारा रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन राधाकृष्ण उत्सव भवन में किया गया।

कानपुर प्रांत के विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद मल्होत्रा ने कहा कि रक्षाबंधन सामाजिक समरसता का भाव जागृत कराने वाला त्योहार है, जो समाज को परंपराओं, आस्थाओं, मान्यताओं को सकारात्मकता से समाज जागृत अवस्था में रखने वाला होता है। ऐसे कार्यक्रम हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है। जिला संघचालक व शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्र ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ऐसे कार्यक्रम मनाता रहता है, जो संघ के छः उत्सवों में एक है, जो समाज जागरण का कार्य करता है। नगर संघचालक आदर्श श्रीवास्तव ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम में समाज की वृहद सहभागिता चित्रकूट धाम के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह कुंवर आशीष सिंह ने किया।

इसके बाद कार्यक्रम में बहनों ने भाइयों की कलाई में राखी बांधते हुए महिला सुरक्षा और राष्ट्र रक्षा का संकल्प दिलाया।

इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह अतुल प्रताप, जिला प्रचारक पुनीत, संजय शुक्ला, वरुण प्रपन्नाचार्य, नगर बौद्धिक प्रमुख विजय किशोर, दीनदयाल मिश्र, श्रेयस केशरवानी, पवन तिवारी, ऋषि कुमार शुक्ला, संजय सिंह, सतीश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, देव त्रिपाठी, ममता सिंह गौर, साधना, शकुंतला गुप्ता, उमा तिवारी, गुड़िया, शैल सिंह आदि मौजूद रहे।




# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | सोमवार | 04 सितंबर 2023 | 03


**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 07-09 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 36.0 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.8 (+1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 75 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 56 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.9 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर -पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# पूरे सूबे में आज कलमबंद हड़ताल : अनुराग

**✻ निष्पक्ष न्यायिक जांच कराएं , इंसाफ ना मिला तो विधानसभा का घेराव करेंगे**



**जन एक्सप्रेस । डॉ. हर नारायण मिश्र**

**कानपुर।** हापुड़ में वकीलों पर किए गए बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज के विरोध में 4 सितंबर को पूरे प्रदेश में कलमबंद हड़ताल की जाएगी। यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश बार कार्उसिल के उपाध्यक्ष अनुराग पांडे ने बताया कि जिस प्रदेश का प्रथम मुख्यमंत्री व जिस राष्ट्र का पहला राष्ट्रपति अधिवक्ता रहा हो उसे प्रदेश में पहले वकीलों पर लाठी चार्ज करके 250 से अधिक वकीलों को लहूलुहान किया गया। इस प्रकरण की जांच का दायित्व उन पुलिस अधिकारियों को सोपा गया जिन्होंने लाठी चलवाई थी। उपाध्यक्ष अनुराग पांडे के अनुसार घटना के उपरांत एडीजी प्रशांत कुमार द्वारा दिए गए बयान से ही पुलिस की नियति का खोट नजर आने लगा था। हमारी मांग है की जांच समिति में बार कार्उसिल के अध्यक्ष /उपाध्यक्ष अथवा किसी सेवानिवृत न्यायाधीश को भी शामिल किया जाए। सरकार व बार काउंसिल के बीच व्याप्त संवेदनहीनता को दुखद बताते हुए कहा कि इस आंदोलन राष्ट्रीय रूप धारण कर लिया है। हमें पंजाब हरियाणा दिल्ली व उत्तराखंड से व्यापक समर्थन मिल रहा है। हमारी मांग पीड़ित व प्रभावित वकीलों को मुआवजा दिए जाने के अलावा दोषी अधिकारियों को दंडित किए जाने की भी है। प्रदेश के सभी जनपदों में सेवारत अधिवक्ता 4 सितंबर को नगरों के एसएसपी जिलाधिकारी को गुलाब का पुष्प व कलम भेंट करेंगे। अगले दिन यही प्रक्रिया प्रदेश के मुख्य सचिव/ गृह सचिव के साथ अपनाई जाएगी। मांगे ना पूरी होने की दशा में प्रदेश विधानसभा का घेराव भी किया जाएगा। हमारा यह शांतिपूर्ण आंदोलन इंसाफ मिलने तक जारी रहेगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सूने घर में चोरों का धावा,लाखों का माल किया पार

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** थाना घाटमपुर क्षेत्र अंतर्गत पानी के बतासे का ठेला लगाकर अपना जीवन यापन करने वाले दुकानदार के घर अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर नगदी व ज्वैलरी समेत लाखों का माल पार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जालौन के सुजानपुर गांव निवासी अनिल कुशवाहा घाटमपुर कस्बे के जवाहर नगर पश्चिमी बीएसएनल ऑफिस वाली गली में पिछले 10 वर्षों से किराए के मकान में रहकर बताशे का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं ।बताया कि कुछ महीने पूर्व भाई अमित कुशवाहा की भोगनीपुर चौराहे मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी जिसके लिए शांति पाठ का कार्यक्रम 1 तारीख को पैतृक घर में होना था शांति पाठ कार्यक्रम के चलते हुए परिवार समेत रक्षाबंधन के दिन घर में ताला लगाकर पैत्रक गांव चले गए थे। रविवार सुबह पड़ोसियों द्वारा सूचना मिली कि उसके घर के में गेट का ताला टूटा हुआ है और दरवाजा खुला हुआ है। जब घर पहुंचें तो देखा कि अंदर बने कमरों के ताले भी टूटे हुए हैं और सामान बिखरा पड़ा है घर में घुसे अज्ञात चोरों ने कमरे में रखे बक्से का तारा तोड़कर नगद और अंगूठी चेन सहित सोने और चांदी के लगभग एक लाख के जेवर चोरों द्वारा चोरी कर लिय हैं।

### लापता युवक का शव झाड़ियों में मिला, हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** नौबस्ता थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते शुक्रवार से लापता सिक्योरिटी गार्ड का शव झाड़ियां में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची नौबस्ता पुलिस व फॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाने के बाद शव की पहचान कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई में जुटी हुई। नौबस्ता के गंगापुर इलाके में रहने वाले नितिन पांडे उम्र 35 वर्ष गुजरात के राजकोट में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे और रक्षाबंधन के त्यौहार के चलते नितिन गंगापुर में किराए के मकान में पत्नी प्रियंका व दो बच्चों के साथ रहते थे। वही उसके परिवार के बाकी सदस्य केडीए कॉलोनी में रहते थे पत्नी प्रियंका ने बताया कि नितिन शुक्रवार के शाम 4 बजे घर से निकले थे और देर रात तक घर नहीं लौटे तो स्थानीय पुलिस के पास जाकर पति के गुमशुदा होने की तहरीर दी। जिसके बाद रविवार सुबह पुलिस को हंसपुरम के स्कूल के पास झाड़ियां में एक शव मिलने की सूचना मिली तो पुलिस ने बुलाकर शव की पहचान कराई गई तो शव उसके पति नितिन का निकला है ।फिलहाल पुलिस ने बताया कि युवक की हत्या करने के बाद शव यहां झाड़ियां में फेंका गया है टीम गठित करके घटना का खुलासा जल्द किया जाएगा।

### चंद्रशेखर कृषक समिति का स्थापना दिवस कल



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में कृषकों द्वारा संचालित चंद्रशेखर कृषक समिति का स्थापना दिवस आगामी 5 सितंबर 2023 मंगलवार को मनाया जाएगा। बताते चले कि विश्वविद्यालय में कृषक समिति की स्थापना वर्ष 1985 में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को विश्वविद्यालय एवं अन्य कृषि संस्थानों द्वारा विकसित नवीनतम कृषि तकनीक से ओतप्रोत करना है। कृषक समिति के अध्यक्ष बाबू सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह की 5 तारीख को कृषक समिति बैठक विश्वविद्यालय में आहूत होती है। जिसमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान दिए जाते हैं साथ ही किसानों की खेती-बाड़ी संबंधी समस्याओं का निराकरण भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति मौजूद रहेंगे वही वैज्ञानिकों द्वारा दलहन, तिलहन एवं खाद्यान्न फसलों पर किसान वैज्ञानिक परिचर्चा होगी। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग का विशेष सहयोग रहेगा।

### भाजपाइयों ने रेलबाजार थाना घेरा, परिसर में धरना

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर के थाना रेल बाजार में उस समय अफरातफरी अपनी मच गई जब किसी बात को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर लिया और पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते कार्यकर्ताओं ने थानाध्यक्ष के ऊपर कारवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि किसी पीड़ित को लेकर थाना रेल बाजार गए थे और उसे पर कार्रवाई की बात कि जिस पर थानाध्यक्ष ने भाजपा नेता अंकित गुप्ता से अभद्रता की जिसको लेकर सैंकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गेट पर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। प्रदर्शन होता देख मौके पर आला अधिकारी पहुंचे और मामले की मध्यस्थता कर आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं को शांत किया और मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### आपसी बंटवारे को लेकर चाचा भतीजे में हुआ खूनी संघर्ष



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ख्यौरा कटरी के मजरें गिल्ली पुरवा गांव में आपसी बंटवारे को लेकर के चाचा और भतीजे के बीच खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें भतीजे ने चाचा के सिर पर कुलहड़ियों से कई वार कर लहुलुहान कर दिया। गिल्ली पुरवा के रहने वाले ठाकुर निषाद व उसके भतीजे अमित निषाद के बीच पुश्तैनी भूमि के आपसी बंटवारे को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। बीते दिन रविवार की शाम को इस आपसी विवाद भूमि विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप धारण कर लिया। जिसके बाद भतीजे अमित निषाद ने अपने चाचा के सिर पर कुल्हाड़ी से कई बार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल के परिजन घायल को नवाबगंज थाने प्रार्थना पत्र देने के लिए ले गए हैं। घटना के बारे में जानकारी करने के लिए जब नवाबगंज थाना प्रभारी को फोन लगाया गया तो उनका फोन नहीं उठा।

### अग्रहरि समाज के अध्यक्ष व महामंत्री सहित कार्यकारिणी को दिलाई शपथ



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** रविवार को एच ब्लॉक किदवई नगर ओम लक्ष्मी टावर में अग्रहरि समाज का शपथ गहण समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें सत्य प्रकाश अग्रहरि (पप्पू जी) - अध्यक्ष धीरज अग्रहरि - महामंत्री उमेश अग्रहरि कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता प्रेमचन्द अग्रहरि ,आदित्य अग्रहरि शिक्षा विभाग, सहित 11 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 13 उपाध्यक्ष, 10 मंत्री. 10 संगठन मंत्री, 15 प्रचार मंत्री, 5 मीडिया प्रभारी,10 कार्यकारिणी सहित शपथ लिया जिसमें मुख्य अतिथि जी.एस.टी. अधिकारी असिस्टेन्ट कमिश्नर चन्द्रमान अग्रहरि ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैलाश चन्द्र अग्रहरि,सोम चन्द्र अग्रहरि,राधे कृष्ण अग्रहरि,रमाकान्त अग्रहरि,वैजनाथ अग्रहरि,स्वामीदीन अग्रहरि,विजय अग्रहरि,शिव प्रसाद अग्रहरि,आर,डी अग्रहरि,रामलौट अग्रहरि,राधेश्याम अग्रहरि,संत शरण अग्रहरि, प्रमोद अग्रहरि (बार्डर), हरिशंकर अग्रहरि आदि लोग उपस्थित रहे।

# जबरन धर्मांतरण कराने का आरोप लगाकर बजरंगियों ने काटा हंगामा, दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

नवाबगंज थाना क्षेत्र में बीते दिन एक बार फिर धर्मांतरण नाम का जिन्न देखने को मिला है। विष्णुपुरी क्षेत्र में श्रम विभाग द्वारा अलॉट की गई लेबर कालौनी में ईसाई धर्म सभा चलाए जाने का मामला गर्माया रहा। क्षेत्रीय लोगों और बजरंगदल द्वारा बताए जाने के बाद पुलिस ने सभा चलाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार 7/8 विष्णुपुरी कॉलोनी में काफी समय से साप्ताहिक ईसाई धर्म सभा आयोजित की जा रही थी। क्षेत्रीय जनता द्वारा कई बार इस साप्ताहिक धर्म सभा का विरोध भी किया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रीय जनता ने यहां तक बताया कि इसी धर्मसभा में गरीब जनता को रुपयों का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराए जाने का दबाव बनाया जा रहा था। बीते दिन रविवार को प्रत्येक सप्ताह की तरह फिर से ईसाई धर्म सभा का आयोजन किया जा रहा था जिसकी जानकारी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को हुई। इसके बाद कानपुर नगर के बजरंग दल के प्रमुख कृष्णा तिवारी अपने साथियों के साथ नवाबगंज थाने पहुंचे और वहां पर ईसाई धर्म सभा चलाई जाने की बात बताइ। इसके बाद नवाबगंज थाना प्रभारी अपने साथियों के साथ धर्म सभा स्थल पर पहुंचे। जहां से शोभित डेनियल पुत्र स्वर्गीय भोमस सिंह निवासी 4/78/3 शास्त्री नगर, व शोभित सिंह उर्फ सिंकू पुत्र गुलशन सिंह निवासी 7/8 विष्णुपुरी कॉलोनी नवाबगंज को गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया जहां पर इन दोनों के खिलाफ 3 व 5 धारा 154 के मुकदमा पंजीकृत किया गया है। एसीपी कर्नलगंज अकमल खान ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए ईसाई धर्म सभा कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिन पर धर्म परिवर्तन कराए जाने की धाराओं में मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस स्थान पर धर्म सभा का आयोजन किया जा रहा था। इस जगह के लिए धर्म सभा आयोजित किए जाने की जिला प्रशासन की ओर से कोई भी परमिशन नहीं दी गई थी।

# दरोगा को आशिक मिजाजी पड़ी भारी, अधिकारियों ने किया निलंबित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

साढ़ थाने में एक पुलिस अफसर का पीड़ित महिला के साथ अश्लील बातचीत का एक ऑडियो तेजी से वायरल होते ही सोशल मीडिया में हड़कम मच गया । हालाकि जन एक्सप्रेस अखबार वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल ऑडियो कानपुर के साढ़ थाने में तैनात तेजवीर दरोगा का बताया गया है। ऑडियो वायरल होने पर लोग तरह तरह की बाते कर रहे है। वही मामले में दरोगा जी का कहना है, की यह उसे बदनाम करने की साजिश रची गई है। ऑडियो उसका नही है। थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला बीते दिनों थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की थी, की उसके पति उसके साथ मारपीट करते हैं। पुलिस को पीड़िता ने बताया था की वह शादी से पहले एक युवक से बात किया करती थी। शादी के बाद उसका फोन आया तो वह फिर बात करने लगी। युवक ने उसे वीडियो कॉल किया तो वह रोज उससे बात करने लगी। जिसका वीडियो युवक ने बना लिया और उसे मिलने के लिए ब्लैकमेल करने लगा। उसने जब मिलने से मना कर दिया तो वीडियो उसके पति को भेज दिया, जिसके बाद से पति उसके ऊपर शक करने लगा और फोन बिजी होने पर उसके साथ मारपीट करता था। जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की तो पुलिस अफसर मदद करने की बजाएं उसे फोन कर अश्लील बाते करने लगा। मामले में साढ़ थानाध्यक्ष सतीश राठौर का कहना है, कि पुलिस अफसर की तैनाती उनके थाने में है। उनकी जानकारी में पति से परेशान पत्नी का मामला नहीं आया है। यह ऑडियो पुराना भी हो सकता है, यह जांच का विषय है। लगभग दस मिनट का पुलिस अफ़सर और पीड़ित महिला के बीच बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ हैं। जिसको उच्चाधिकारियों ने संज्ञान में लिया और साढ़ थाने में तैनात दरोगा तेजवीर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया जांच घाटमपुर एसीपी दिनेश कुमार शुक्ला को सौपी गई है।

# रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स का पदभार ग्रहण समारोह संपन्न

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स का पदभार ग्रहण समारोह रविवार को बर्रा के होटल में संपन्न हुआ। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर गणेश वंदना व राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर क्लब के चार्टर अध्यक्ष रो.डॉ.भक्ति विजय शुक्ला ने क्लब की स्थापना के उद्देश्य व विगत दो वर्षों में क्लब द्वारा किये गए प्रमुख कार्यो के बारे मे बताते हुए कहा कि क्लब का विशेष ध्यान ग्रामीण साक्षरता व स्वास्थ्य पर है।क्लब के पूर्व अध्यक्ष रो.मयंक गहोई ने विगत वर्ष 2022-23 में क्लब द्वारा किये गए कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने रो.राजीव कटियार को रोटरी का कॉलर पहनाकर अध्यक्ष का कार्यभार व क्लब सचिव रो.अर्पित गुप्ता ने रो.अमित खन्ना को कॉलर व पिन पहनाकर सचिव का कार्यभार सौंपा।?इस अवसर पर 10 नए सदस्यों को क्लब की सदस्यता रोटरी पिन लगवाकर दिलवाने के साथ क्लब के बोर्ड व विभिन्न कमेटी के अध्यक्ष की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम में जी.एस.आर. रो.सुशील श्रीवास्तव,रो. पूर्व मंडलाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, सह मंडलाध्यक्ष रो. पवन सहदपूरी आदि मौजूद रहे।



# शिक्षक दिवस से पूर्व 51 शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एवम शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को बीएनएसडी शिक्षा निकेतन सभागार में शिक्षक दिवस से पूर्व 51 शिक्षक/शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद पूर्व उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉ.दिनेश शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज की धुरी है व गुरु से मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए उसके प्रति अटूट श्रद्धा रखनी चाहिये। विशिष्ट अतिथि एमएलसी श्रीचंद्र शर्मा ने कहा कि आदिकाल से ऋषयों मुनियों द्वारा दिया गया ज्ञान पूर्णतया वैज्ञानिक एवम सार्वकालिक है।कार्यक्रम संयोजक शैलेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि शिक्षक का सम्मान , आदर और उसके प्रति श्रद्धा, वर्ग , जाति, सम्प्रदाय, उच्च नीच से परे होनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, एमएलसी अरुण पाठक, प्रदेश संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ डॉ.अनिल कुमार मिश्रा, सुरेश अवस्थी, डॉ.दिलीप सरदेसाई मंचासीन रहे। कार्यक्रम में राहुल मिश्रा, चंद्रदीप यादव, विश्वनाथ कटियार, ऋतुराज कटियार, गौरव शुक्ला अखंड प्रताप सिंह सहित शिक्षक एवम शिक्षिकाए मौजूद रही।

# राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने कानपुर से लखनऊ तक निकाली रैली



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क से लखनऊ तक रैली निकाली। रैली दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय लखनऊ में समाप्त होगी। प्रदेश के दिव्यांगजन आरक्षण कोटा पूरा करवाने, दिव्यांग पेंशन बढ़ाने, नौकरी, रोजगार कि मांग को लेकर 4 सितम्बर को दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन करेगे। राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा की सरकार दिव्यांगजनो कि बराबर उपेक्षा कर रही है। जिसके कारण राष्ट्रीय विकलांग पार्टी को आन्दोलन का निर्णय लेना पडा है। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनो मे रोष व्याप्त है प्रदेश के 55 लाख दिव्यांगजन आने वाले चुनाव में सरकार के खिलाफ मतदान करेंगें। वीरेन्द्र कुमार ने दिव्यांगजनो से अपील किया कि उत्तर के सभी दिव्यांगजन अधिक से अधिक संख्या में इन्द्रा भवन लखनऊ पहुँच कर धरना प्रदर्शन को सफल बनावे। आज कि रैली में राष्ट्रीय राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार, अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, अरविन्द सिंह, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार, गुड्डी दीक्षित, कमलेश कुमार सिंह, जितेन्द्र गुप्ता, दिनेश यादव आदि शामिल थे।

# हापुड़ काण्ड: अधिवक्ताओं की हत्या और उत्पीड़न के विरोध में सोमवार को वकील रहेंगे हड़ताल पर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज और गाजियाबाद में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या के विरोध में अधिवक्ता सोमवार न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने हड़ताल की घोषणा की है। बार काउंसिल की ओर से हापुड़ के जिलाधिकारी एसपी का स्थानांतरण दोषी पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने वकीलों के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमे को वापस करने की मांग की थी। कार्रवाई नहीं हुई। इसके चलते हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा गया है। बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश द्वारा वर्चुअल आपात बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निश्चय किया गया कि अधिवक्तागण जिला अधिकारी उप जिला अधिकारी को अपनी मांगों के लिए ज्ञापन सौंपेंगे। तत्पश्चात अधिवक्ताओं द्वारा शांति पूर्ण ढंग से मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश व पुलिस महानिदेशक का पुतला कचहरी परिसर के अंदर फूंकेंगे। यह भी निश्चय किया गया प्रदेश के सभी अधिवक्ता अनुशासन में रहते हुए शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करेंगे। कलम बंद हड़ताल रहेगी। इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि अधिवक्ताओं का हथियार उनकी कलम है ना की लाठी डंडा।

### बाइक सवार लुटेरों ने छीना युवती से मोबाइल

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** अपाचे सवार लुटेरों ने घर के बाहर टहल रही युवती के साथ मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया और र फरार हो गए ।युवती ने इसकी शिकायत पुलिस से की जिसके बाद पुलिस लुटेरों की पकड़ के प्रयास चालू कर दिए हैं। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कैलाश विहार में किराये पर कमरा लेकर रहने वाली अंजली तिवारी टेट की तैयारी कर रही हैं।

# पं0 कमलापति त्रिपाठी की 118 वीं जयन्ती पर कांग्रेसियों ने तैलचित्र पर किया माल्यार्पण

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर उत्तर द्वारा प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व केन्द्रीय रेलमंत्री रहे पं0 कमलापति त्रिपाठी की 118 वीं जयन्ती के अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल मे उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण के पश्चात आयोजित पुष्पांजलि संगोष्ठी मे पूर्व विधायक भूधर नारायन मिश्रा ने पं0 कमलापति त्रिपाठी को देशभक्त, स्वतंत्रता संग्राम का महानायक बताते हुये कहा कि बनारस के पिन्डी तिवारी परिवार की प्रसिद्धि रखने वाले पं0 कमलापति त्रिपाठी न केवल एक उद्भट विद्वान व पत्रकार थे जिन्होने तत्कालीन श्रेष्ठतम समाचार पत्रो का सम्पादन कर अपना कैरियर ही नही प्रारम्भ किया बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम मे देश व प्रदेश स्तर पर अग्रणी भूमिका निभाते हुये जेल यातनाए सहकर स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात निरंतरता से अनेक बार विधायक, मंत्री, सांसद व प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहने के साथ ही केन्द्रीय रेल मंत्री के पद पर भी रहकर महाराष्ट्र के पुणे मे रेलवे डीजल सेड का शुभारम्भ कर रेलवे मे डीजल इंजन के प्रयोग के सूत्रधार बने। पुष्पांजलि सभा मे प्रमुख रुप से सर्वश्री पवन गुप्ता, आलोक मिश्रा, अब्दुल मन्नान, श्यामदेव सिंह, निजामुद्दीन खां, राजकुमार यादव, संतोष मिश्रा, शकील मंसूरी, चन्द्रमणि मिश्र, वसुन्धरा वर्मा, डा0 आरके जगत, हरीश गुप्ता, राधेश्याम कश्यप, रमाकान्त शर्मा व हीरालाल निषाद ने आदि ने भी संगोष्ठी मे अपने सम्बोधन से पं0 कमलापति त्रिपाठी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये अपने श्रद्धासुमन समर्पित किये। कार्यक्रम मे सर्वश्री अफरोज खां, हरिशंकर पाल, रामाश्रय पाल आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थें।

# चाँदभाई से अंकित बनकर युवक ने अपने हिन्दू धर्म में की वापसी

**जन एक्सप्रेस । आदित्य श्रीवास्तव**

**कानपुर नगर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के गांव में प्रेम के वशीभूत होकर एक हिन्दू युवक का धर्म परिवर्तन करा दिया गया था लेकिन युवक ने रविवार को अपने धर्म में वापसी कर ली है। चौबेपुर क्षेत्र के ग्राम नाथूपुर गांव निवासी अंकित पुत्र ओमप्रकाश को कुछ समय पूर्व घर के सामने रहने वाली मुस्लिम समुदाये की लड़की करीना पुत्री शमीम मियां से प्यार हो गया था जिसके बाद वह दोनों एक दूसरे के करीब आने लगे लेकिन ज़ब प्यार में सारी हदे टूट गईं तब दोनों ही प्रेमी युगल चार महीने पहले घर से भाग गए थे और ज़ब चार महीने बाद वह घर लोटे तो लड़की के पिता ने



अपनी लड़की को लडके के साथ रहने के लिए लडके के सामने धर्म परिवर्तन करने की शर्त रख दी जिसे मोहब्बत के आगे बेवस अंकित ने मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लिया जिसके बाद लड़की के परिजनों व मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगो ने उसका धर्म परिवर्तन करा दिया और उसे अंकित से चाँद बाबू बना दिया। वही इस पूरे प्रकरण को मोबाइल से शूट कर के सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया और देखते ही देखते यह वीडियो आग की तरह फेल गई। वही ज़ब इसकी जानकारी लडके के पिता ओमप्रकाश पुत्र मेवालाल को हुई तो उनके पैरो तले जमींन खिसक गईं जिसके बाद उन्होंने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके बेटे अंकित को मुस्लिम समुदाय लव जिहाद के द्वारा अपहरण कर जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया है। जिसके बाद एक्शन मोड में आई पुलिस ने दोनों प्रेमी युगल से बात की तो लडके ने अपने पिता द्वारा मुस्लिम समुदाय पर लगाए गए आरोपों को सत्य बताया जिसके बाद पुलिस की निगरानी व जिलापंचायत गोपाल दीक्षित, प्रांत मंत्री विपिन शुक्ला, विहिप जिलाध्यक्ष मनीष दीक्षित, विहिप अध्यक्ष श्यामू तिवारी, महामंत्री गोलू पाण्डेय आदि की मौजूदगी में शिवराजपुर खेरश्वर घाट पर दोनो को हिन्दू रितिरीवाज से विवाह कराने के लिए जाया गया लेकिन वहा पहुंच कर लड़की हिन्दू धर्म अपनाने से इंकार करने लगी ।खबर लिखे जाने तक विवाह सम्पन्न नहीं हो सका था आगे क्या हुआ जानने के लिए जन एक्सप्रेस के अगले अंक को पढ़ना ना भूले।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र जावेद अशरफ व उनकी पत्नी वरिशा से संबंध विच्छेद करके इन्हे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
रफीक अशरफ
पुत्र स्व. अजीज रहमान
निवासी - बेकनगंज के पास
98/211 ए नजीरबाग बेकनगंज,
कानपुर नगर।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के घर विनय की गोली मारकर हुई हत्या में मंत्री भी गुनहगार?

## कहीं जुए और शराब का अड्डा तो नहीं बन चुका था केंद्रीय मंत्री के बेटे का आवास?

जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय

लखनऊ भारत में जुआ खेलने पर रोंक लगाने हेतु विशेष कानून लागू होने के कारण जुए पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन देश की वर्तमान भाजपा सरकार में मौजूदा केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के बेटे के घर पर जुए की फड़ सजी थी, जिसकी पुष्टि पुलिसिया जांच में हो चुकी है। इतना ही नहीं बल्कि पुलिस के अनुसार पकड़े गए तीनो आरोपियों ने भी जुआ खेलने की बात को स्वीकार किया है। जिसके बावजूद लखनऊ पुलिस द्वारा विनय श्रीवास्तव की हत्या में महज तीन आरोपियों पर आईपीसी की धारा 302 के तहत ठाकुरगंज थाने में अभियोग पंजीकृत किया गया है। बताते चलें की हाल ही में हुई विनय श्रीवास्तव की हत्या मंत्री कौशल किशोर के बेटे विकाश किशोर की लाइसेंसी पिस्टल से मंत्री के बेटे के निवास पर ही की गई थी।

### केंद्रीय मंत्री के अन्य बेटों ने भी खूब रचा था ड्रामा, बेटों ने जमकर उठाया पिता के मंत्री होने का फायदा

शराब का आदी होने के कारण आकाश किशोर की मौत के बाद भी समस्याएं कौशल किशोर का पीछा नहीं छोड़ती हैं। साल 2021 में कौशल किशोर के दूसरे बेटे आयुष किशोर की पत्नी अंकिता ने नस काटकर खुदकुशी करने की कोशिश की थी। अंकिता ने इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाला था। वीडियो में रोते हुए अंकिता ने आयुष और उसके घरवालों पर आरोप लगाया था। उसने कहा था कि आयुष मेरी कोई गलती नहीं थी, तब भी तुमने मुझे छोड़ दिया। मैने कुछ नहीं किया फिर भी फंसा दिया। झूठे आरोप लगा दिए, मैने कहां गलती की? तुमसे शादी की, तुम्हारे साथ रही यह गलती की। मैं तुम्हारे साथ खुश थी जैसी भी मैं थी। तुमने गलत कर दिया मेरे साथ, जीने की कोई वजह नहीं छोड़ी। बताते चलें कि केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के बेटे आयुष का नाम तब विवादों में आ गया था, जब उस पर अपने ऊपर गोली चलवाने का आरोप लगा था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ था कि आयुष किशोर ने अपने साले के जरिए ही खुद पर गोली चलवाई थी। पुलिस का कहना था कि उसने अंकिता से लव मैरिज की थी। कौशल किशोर इस शादी से खुश भी नहीं थे। फिलहाल अब कौशल किशोर अपने तीसरे बेटे विकास किशोर की वजह से चर्चाओं में हैं।





“केंद्रीय राज्य मंत्री एवं मोहनलालगंज से भाजपा के सांसद कौशल किशोर के घर में उनके बेटे की पिस्तौल से युवक विनय श्रीवास्तव की दर्दनाक हत्या भाजपा सरकार पर कभी न मिटने वाला कलंक है। प्रदेश सरकार केंद्रीय राज्य मंत्री और उसके बेटे को बचाने में जुटी केंद्रीय मंत्री के घर में उसके बेटे की लाइसेंसी रिवाल्वर से हत्या इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज खत्म हो गया है। अपराधी मंत्री माफिया और पुलिस के बीच में तिगड़ी बन गई है। प्रदेश में अपराधी भय मुक्त और जनता भयभीत है, पूरे प्रदेश में गुंडा माफिया जंगल राज कायम हो गया है।

–रविदास मेहरोत्रा, विधायक लखनऊ मध्य, एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री/ प्रभारी लखनऊ लोक सभा (समाजवादी पार्टी)



“लखनऊ पुलिस मंत्री व उसके बेटे को बचाने व मामले में लीपापोती करने में जुटी है। घटना की जांच पुलिस राजनैतिक दबाव में कर रही है जबकि प्रदेश की जनता सहमी हुई है। आजाद अधिकार सेना प्रदेश सरकार से इस मामले में सीबीआई जांच की मांग करती है।

–अमिताभ ठाकुर, अध्यक्ष –आजाद अधिकार सेना

### मृतक के भाई का दावा, विनय श्रीवास्तव शराब और जुए का आदि नहीं था



वहीं मृतक विनय श्रीवास्तव के भाई विकास श्रीवास्तव ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर यह दावा किया है कि उसका भाई विनय श्रीवास्तव ना ही शराब का आदी था और ना ही जुआ खेलता था। मृतक के भाई ने आगे कहा कि जब वह घटना के बाद मौके पर पहुंचा तो न ही ताश के पत्ते थे और न ही शराब की बोतल वहां पर मिली, लेकिन पुलिस मामले को अलग मोड़ दे रही है। विकास श्रीवास्तव ने मंत्री के बेटे विकास किशोर व अन्य लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि विनय की हत्या एक सोची समझी साजिश थी। विकास श्रीवास्तव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देश के प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि विनय की हत्या की जांच एसआईटी द्वारा करवाई जाए व सभी दोषियों को सजा दिलाई जाए।

### जुआ खेलने की बात जगजाहिर फिर भी द्यूत अधिनियम 1867 दर किनार

भारत में जुआ की परिभाषा एवं सजा को लेकर अभी सार्वजनिक द्यूत अधिनियम 1867 लागू है। इस अधिनियम के अनुसार जुए में यदि विचार, मौका एवं पुरस्कार या धन आदि शामिल हैं तो वह अपराध होगा। पुलिस की जांच और आरोपियों का कुबूलनामा स्पष्ट रूप से बयान करता है कि मंत्री के घर पर अवैध रूप से जुए का खेल खेला जा रहा था, लेकिन लखनऊ पुलिस अपने दोहरे चरित्र के मानदंडों को दर्शाते हुए द्यूत अधिनियम को दरकिनार कर मंत्री और मंत्री के बेटे को संरक्षित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही।



### बड़ा सवाल!

- क्या केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर को पता था कि बेटे और उसके दोस्त शराब और जुए के आदी हैं?
- यदि हां तो पहले से क्यों नहीं लगाई लगाम?
- यदि नहीं तो क्यों चला रहे नशा मुक्त भारत अभियान?



# माया रूपी संसार के भव सागर से पार उतरने का एकमात्र साधन है सत्संग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ यह जीव माया रुपी संसार में फंसा हुआ सुख-दुख के थपेड़े खा रहा है जीव को यह पता नहीं होता कि वह पीछे कौन से पाप या पुण्य कर्म करके आया है ,परंतु गर्भ में उसे सब ज्ञात होता है, इसलिए वह बार-बार परमात्मा से प्रार्थना करता रहता है कि हे प्रभु हमें इस कष्ट से बचाइए और इस कुंभी पाक नर्क से मेरी रक्षा कीजिए, इस बार संसार में आकर आपकी भक्ति करूंगा संसार के प्रपंच में नहीं पड़ूंगाऔर जब यह जीव गर्भ से बाहर आता है तो अपनी कही बातों को भूल जाता है। वह घर, परिवार, कुटुंब और समाज में लिप्त हो जाता है। संत रामपाल का अमृतमय सत्संग सरोजनी नगर स्थित मुल्लाही खेड़ा के श्याम शांति शादी घर बिजनौर रोड में सुबह 10ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक हुआ। संत जी बार-बार इस जीव को समझाते हुए कहते हैं कि, हे जीव, तू इस काल के लोक में आकर फंस गया है। यह दुख भरा संसार है, यहां सुख ढूंढना नमक की बोरी में खांड ढूंढने जैसा है इसलिए गर्भ में किए गए अपने वादे को याद कर और भक्ति करे।

*उस समरथ की रीझ*
*छुपाई,कुल कुटुंब से राता।*
*गर्भ में तूने वचन करे थे, कहां*
*गई वो बाता।।*

सच्ची भक्ति करने तथा भवसागर से पार उतरने के लिए मनुष्य को तत्वदर्शी संत की शरण में जाना चाहिए ,उन्हें अपना गुरु बनाकर फिर उस सच्चे सतगुरु द्वारा बताई भक्ति विधि से साधना करने से जीव का उद्धार संभव हो सकता है ,इधर-उधर भटकने से कोई लाभ नहीं होगा।

संत रामपाल जहां आध्यात्मिक ज्ञान से जीव को मोक्ष का मार्ग बता रहे हैं वहीं समाज की बुराइयों से बचाने जैसे जातिवाद, नशा, भ्रष्टाचार, घूसखोरी व दहेज जैसी लाइलाज बीमारी को समाप्त करने का अभियान चला रहे हैं। मंडल कोऑर्डिनेटर रामनारायण दास ने बताया कि 10 लोगों ने निशुल्क नाम दीक्षा प्राप्त की, तथा सत्संग के बाद भक्तों को चाय, बिस्किट वितरित किया गया।

# प्रो. पूनम टंडन: मैत्री भवन लविवि से कुलपति कार्यालय गोविवि की यात्रा

### लविवि के छात्र उन्हें दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किए जाने पर जितना उत्साहित हैं, उतना ही भावुक हैं उनको अपने से दूर जाते देखते हुए



एक शिक्षक को अपने छात्रों हेतु कितना निष्ठावान होना चाहिए! इसका उत्तर जानने के लिए एक नाम पर्याप्त है, वह है वर्तमान में लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर (डॉ.) पूनम टंडन का। उनके कार्यालय का नाम है 'मैत्री भवन', जैसा इस कार्यालय का नाम है ठीक उसी के अनुक्रम में उनके मार्गदर्शन में यह कार्यालय छात्र और विश्वविद्यालय प्रशासन के मध्य मैत्रीपूर्ण संबंधों को बनाए रखने के लिए अनवरत प्रयासरत रहा है। विगत 66 वर्षों में केवल दूसरी महिला के रूप में गोरखपुर विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉ.) पूनम टंडन ने लखनऊ विश्वविद्यालय से ही अपना अध्ययन व शोध किया तदोपरांत वे यहीं पर शिक्षक बनीं। वर्तमान में वे लखनऊ विश्वविद्यालय की भौतिक विज्ञान विभाग की अध्यक्षा हैं, इसके अतिरिक्त वे कई महत्वपूर्ण पद जैसे डीन स्टूडेंट वेलफेयर (डी.एस.डब्ल्यू.), डीन एकेडमिक्स जैसे पदों पर रहते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट बनाने में अपना योगदान दे रही हैं। वे लखनऊ विश्वविद्यालय से वर्ष 1987 में बीएससी व वर्ष 1989 में एमएससी फिजिक्स की टॉपर रही हैं, वर्ष 1992 में उन्होंने पीएचडी की डिग्री हासिल की। वर्ष 1999–2000 में उनको मार्टिन लूथर यूनिवर्सिटी, हेले (जर्मनी) से फेलोशिप भी मिली। वर्ष 1996 से 2001 तक वे सीनियर लेक्चरर, वर्ष 2001 से 2006 तक रीडर और वर्ष 2006 में प्रोफेसर बनीं। वर्तमान में वर्ष 2018 से वे लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की अध्यक्षा हैं, वर्ष 2006 से एमआरएसआई लखनऊ की फाउंडर सेक्रेटरी हैं, वर्ष 2007 से भौतिक विभाग के सभी प्रशासनिक निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके कुशल निर्देशन में 37 छात्र शोध कर चुके हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू पद का दायित्व संभालते हुए उन्होंने छात्रों के शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास संबंधी अनेक योजनाएं संचालित कीं, जिसमें कर्मयोगी योजना कर्मोदय योजना प्रमुख हैं। सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस उत्तर प्रदेश, गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया यूजीसी मिड कैरियर अवार्ड, यंग साइंटिस्ट अवार्ड, नेचर पब्लिशिंग ग्रुप अवार्ड यूएसए, जेएसपीएस फेलोशिप जापान, बायोटेक्नोलॉजी नेशनल एसोसिएटशिप गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया, यूजीसी नेट फेलोशिप जैसे अनेकों पुरुस्कारों एवं उपाधियों से सम्मानित प्रोफ़ेसर टंडन का अध्ययन एवं अध्यापन से लगाव इस तथ्य से परिलक्षित होता है कि अब तक 193 अंतरराष्ट्रीय व 9 राष्ट्रीय जर्नल में उनके शोध–पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। प्रोफेसर टंडन से पढ़े हुए छात्र, उनके शोधार्थी एवं विश्वविद्यालय के नए–पुराने छात्र बताते हैं कि उनके कार्यकाल के दौरान छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के द्वारा छात्रों की समस्याओं को सुलझाने के लिए सदैव खुले रहे। उन्होंने सदैव छात्र हित के विषयों का स्वागत किया और तत्परता से वह निर्णय लेना सुनिश्चित किया जिस में छात्रों का हित निहित हो। उनके द्वारा संचालित की गईं योजनाएं आने वाले दिनों में छात्रों के व्यक्तित्व विकास के परिप्रेक्ष्य से मील का पत्थर साबित होंगी। उनका मृदुभाषी व्यक्तित्व एवं शालीन आचरण सदैव एक आदर्श के रूप में स्थापित हो गया है, और यही कारण है की छात्र उन्हें दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किए जाने पर जितना उत्साहित हैं, उतना ही भावुक हैं उनको अपने से दूर जाते देखते हुए। गुरु गोरखनाथ की कृपा उन पर रहे ताकि वे लखनऊ विश्वविद्यालय का अपना गौरवपूर्ण कार्यकाल एवं अपनी विशेष कार्यशैली को उन्नति के शिखर की ओर बढ़ाते हुए गोरखपुर विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर विराजें। वर्तमान में गोरखपुर की स्थिति विषम अवश्य है किंतु हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके करिश्माई नेतृत्व में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय नित् नवीन कीर्तिमान गढ़ेगा, यही लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार की कामना है।



–इन्द्र दमन तिवारी (स्टूडेंट डीन, विधि संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय)

# दोस्तों के साथ गोमती नदी के पास नहाने गए दो नवयुवक की पानी में डूबकर हुई मौत

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



**इटौंजा, लखनऊ।** रविवार शाम को करौंदी गांव के तीन नवयुवक आपने दोस्तों के साथ गोमती नदी की बाढ़ देखने गए थे तभी बहादुरपुर गांव के पास विमल वर्मा व अजय शर्मा गोमती की बाढ़ में नहाने लगे जिसमें दोनों नवयुवक की डूबने से मौत हो गई तथा एक की जान बच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने एंबुलेंस की मदद इलाज के लिए बीकेटी स्थित शौ सैय्या अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने दो नवयुवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं करौंदी गांव निवासी लखन वर्मा पुत्र विमल वर्मा उम्र 12 वर्ष व मड़ियांव निवासी गुड्डू शर्मा पुत्र अजय शर्मा उम्र 17 वर्ष की बाढ़ के पानी में डूब कर मौत हो गई। वहीं इटौंजा पुलिस ने मल्लाहों की मदद से दो शवों को पानी से निकलवा कर इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों युवकों को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर बीकेटी एसडीएम सतीश चन्द्र त्रिपाठी अस्पताल पहुंचकर इस दुखद घटना पर दुख जाहिर किया।

# बदन सिंह बद्दो ने कोर्ट में कराई जीवा की हत्या

## 600 पन्ने की चार्जशीट में खुलासा, नेपाल में शूटर को दी थी 50 लाख की सुपारी



यह फोटो बदन सिंह बद्दो की है। साल 2019 में गाजियाबाद से पेशी से लौटते वक्त उसने एक होटल में पुलिस वालों को शराब पिलाई।

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा हत्याकांड में लखनऊ पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में 600 पन्ने की चार्जशीट दाखिल की। इसमें पुलिस ने दावा किया है कि 7 जून को पुराने हाईकोर्ट में जीवा की हत्या मेरठ के गैंगस्टर बदन सिंह बद्दो ने कराई थी। वह असलम के जरिए शूटर विजय यादव से नेपाल में मिला। उसे 50 लाख रुपए की सुपारी दी। यही नहीं, बद्दो ने ही उसे कोर्ट में हत्या और सरेंडर करने को कहा था। बदन सिंह साल 2019 से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। उस पर सरकार ने 5 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया है। चार्जशीट में पुलिस ने गैंगस्टर बदन सिंह को नामजद किया है। हालांकि, इस हत्याकांड की जांच स्‍ढुञ्ज भी कर रही है। बद्दो वेस्ट यूपी का बड़ा अपराधी है। वह 4 सालों से फरार है। बीच-बीच में यह भी चर्चा होती है कि वह विदेश में छिपा हुआ है।

### बदन सिंह ने तय की थी हत्या की जगह

शूटर विजय यादव ने बताया कि बदन सिंह ने उसे कोर्ट में हत्या करने को कहा था। उसने बताया कि कोर्ट में हत्या करने से वह तुरंत पकड़ लिया जाएगा। उसकी जान भी बच जाएगी। उसके आदमी कोर्ट में उस स्थान को दिखा देंगे, जहां पर हत्या की जाएगी। उसे अच्छे किस्म का रिवॉल्वर भी दिया जाएगा। बदन सिंह ने ही रिवॉल्वर मुहैया कराई थी। उससे ही हत्या की पुष्टि फोरेंसिक एक्सपर्ट ने भी की है।

### सुशील सिंह मूंछ के गैंग पर नजर

पुलिस ने यह भी आशंका जताई है कि मुजफ्फरनगर का अपराधी सुशील सिंह मूंछ ने भी इस हत्याकांड में बद्दो की मदद की है। दोनों गिरोह अलग–अलग है, लेकिन दुश्मनी कभी नहीं रही। कई बार ऐसा हुआ कि दोनों एक साथ अपने दुश्मनों से लड़े। सुशील और बदन का आतंक यूपी, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और राजस्थान में रहा है।

### विदेश में छिपा हुआ है बदन सिंह

जीवा हत्याकांड में बदन सिंह का नाम आते ही एजेंसियां चौकन्नी हो गई। करीब दो साल से नेपाल, बैंकॉक, दुबई और मलेशिया में उसके होने की सूचनाएं मिलती रही। 28 मार्च 2019 को गाजियाबाद से पेशी से लौटते वक्त उसने एक होटल में पुलिस वालों को शराब पिलाई। फिर लग्जरी गाड़ी से भाग निकला। उसके खिलाफ करीब 47 मुकदमे दर्ज हैं। हालांकि, आधिकारिक तौर पर बद्दो के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### असलम के जरिए नेपाल में बद्दो से मिला था शूटर विजय

चार्जशीट में बताया है कि जौनपुर का रहने वाला शूटर विजय यादव असलम के जरिए नेपाल में गैंगस्टर बदन सिंह बद्दो से मिला था। बद्दो ने विजय को बताया था कि जीवा ने उसके कई आदमी मरवा दिए हैं। वह ज्यादा दिन जिंदा रहा, तो उसके लिए खतरा बना रहेगा। उसे मारना जरूरी है। पुलिस ने यह भी दावा किया है कि बद्दो को लग रहा है कि साल 2005 में भाजपा नेता कृष्णानंद राय की हत्या के बाद से जीवा का कद बढ़ गया था। इसके बाद उसका दबदबा पूर्वांचल के बाद पश्चिमी यूपी में भी बढ़ता जा रहा था। इस वजह से संजीव और बद्दो के बीच दुश्मनी हो गई थी। जीवा के परिजनों ने भी अपने बयान में कहा कि बदन सिंह से जीवा की दुश्मनी थी। उसने कई बार जीवा की हत्या कराने का प्रयास किया।

# डिप्टी सीएम पहुंचे, गदिया संपर्क मार्ग का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज बाराबंकी के ग्राम पंचायत प्यारेपुर सरैया मे उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित अन्नप्राशन प्रेरणा महिला लघु उद्योग केंद्र का जायजा लिया तथा उद्योग केंद्र मे बनने वाली 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चो के लिए बनने वाली रेशपी, 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चो, गर्भवती एव धात्री महिलाओ के लिए आटा वेशन हलुआ, बर्फी व मुंग दाल खिचड़ी व कुपोषित बच्चो के लिए ऊर्जा युक्त हलुआ सामग्री की क्वालिटी का जायजा लिया। उपमुख्यमंत्री टीएचआर प्लांट की सराहना की और स्वयं सहायता समूहों की दीदियों का उत्साहवर्धन किया। केशव प्रसाद मौर्य ने उद्योग केंद्र को सौर ऊर्जा से संचालित कराने का आश्वासन दिया तथा समूह की महिलाओ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि महिलाओ के सशक्तीकरण का बेहतर प्रयास देखने को मिला। आज महिलाए किसी भी मायने मे पुरुषो से पीछे नही है। निरीक्षण के दौरान सांसद उपेंद्र सिंह रावत, विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा, अंगद सिंह, राजरानी रावत, परियोजना निदेशक मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार आदि उपस्थित रहे। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित लखनऊ अयोध्या रोड से ग्राम गदिया सम्पर्क मार्ग का भी निरीक्षण किया।

### राज्य मछली 'चिताला' के संरक्षण हेतु वाराणसी में गंगा नदी के संत रविदास घाट पर रिवर रैचिंग कार्यक्रम कल

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मत्स्य विभाग द्वारा संकटासन्न राज्य मीन 'चिताला' को रिवर रैंचिंग के माध्यम से संरक्षण एवं बढ़ोतरी हेतु 05 सितंबर को गंगा नदी, वाराणसी के संत रविदास घाट पर रिवर रैचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस रिवर रैचिंग कार्यक्रम में केंद्रीय मत्स्य, पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा सम्मिलित होंगे। उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डा संजय कुमार निषाद द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की जायेगी। उत्तर प्रदेश 'मीन' की रिवर रैंचिंग करने वाला भारत के सभी राज्यों में प्रथम राज्य होगा। एनएस रहमानी संयुक्त निदेशक, मत्स्य विभाग ने बताया कि राज्य मीन 'चिताला' के संवर्धन एवं संरक्षण हेतु मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा रिवर रैंचिंग कार्यक्रम किया जा रहा है। 'चिताला' की रिवर रैंचिंग से इसकी बढ़ोत्तरी के साथ जलीय पारिस्थितिकी संतुलन बनाने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम से संकटासन्न राज्य मीन 'चिताला' को भविष्य में विलुप्तप्राय श्रेणी से बचाया जा सकेगा तथा भविष्य में प्रचुर मात्रा में इनके प्रजनकों की उपलबद्धता सुनिश्चित हो सकेगी। जनसामान्य को प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार की उपलब्धता होगी एवं मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि होगी।

### जनजाति विकास विभाग के संविदा टीचरों का लखनऊ में जमावड़ा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। समाज कल्याण विभाग के जनजाति विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत आश्रम पद्धति विद्यालयों के 40 से भी अधिक शिक्षकों ने आज लखनऊ में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी के साथ बैठक कर अपने साथ हो रहे उत्पीड़न से अवगत कराया। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने बताया है कि जनजाति विकास विभाग के 9 संविदा शिक्षकों की संविदा समाप्त कर दी गई है। संविदा समाप्त करने के पीछे अधिकारियों की मनमानी बताई जा रही है। 16 वर्षों से शत प्रतिशत परिणाम देने वाले शिक्षक की संविदा सिर्फ इसलिए समाप्त कर दी गई है कि उसकी कक्षा में इस वर्ष एक छात्र अनुतीर्ण हो गया है। आठ अन्य शिक्षकों के साथ भी किया गया है। संविदा समाप्त करने के पीछे उद्देश्य शिक्षकों को जानबूझकर नौकरी से अलग करना है ,जबकि संविदा नवीनीकरण के लिए 2020 का शासनादेश प्रभावी है, जिसमें असंतोषजनक आचरण के आधार पर स्पष्टीकरण लेकर स्वतः नवीनीकरण का प्रावधान किया गया है। संयुक्त परिषद ने जनजाति विकास विभाग के संविदा शिक्षकों की समस्याओं से समय–समय पर समाज कल्याण मंत्री, प्रमुख सचिव समाज कल्याण को भी अवगत कराया है, लेकिन उत्पीड़न से राहत नहीं मिली है।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### चंद्रयान-3 की सफलता से पश्चिमी देशों का चिढ़ना दर्शाता है कि भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है

**यह भी एक वास्तविकता है कि भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और इस संदर्भ में हाल ही में भारत ने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए अपनी अर्थव्यवस्था को आकार में ब्रिटेन से भी बड़ी अर्थव्यवस्था बना लिया है। परंतु, कुछ ब्रिटिश राजनीतिज्ञ एवं पत्रकार इस तथ्य को स्वीकार ही नहीं कर पा रहे हैं और वे अपनी साम्राज्यवादी सोच से भी बाहर नहीं आ पा रहे हैं।**

*अंततः भारत चल पड़ा है विश्व गुरु बनने की राह पर। परंतु, पश्चिमी देशों में कुछ विघनसंतोषी जीवों को शायद यह रास नहीं आ रहा है क्योंकि भारत, ब्रिटेन का कभी औपनिवेशिक देश रहा है और इन देशों की नजर में यह कैसे हो सकता है कि ब्रिटेन के चन्द्रमा पर पहुंचने के पूर्व ही उनका एक पूर्व औपनिवेशक देश अपना चन्द्रयान-3 सफलता पूर्वक चन्द्रमा पर उतार ले। भारत, पूरे विश्व में, पहला देश है जिसने चन्द्रयान-3 को चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर सलतापूर्वक उतार लिया है। अन्यथा, विश्व का कोई भी देश, अमेरिका, रूस एवं चीन सहित, अभी तक चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर अपना यान उतारने में सफल नहीं हो सका है। निश्चित ही भारत की यह सफलता न केवल भारत के लिए बल्कि विश्व के समस्त देशों के लिए गर्व का विश्व होना चाहिए। यदि चन्द्रयान-3 अपने उद्देश्यों में सफल हो जाता है तो यह विश्व की भी उपलब्धि होगी। चन्द्रमा पर पानी उपलब्ध है अथवा नहीं, चन्द्रमा पर किस प्रकार के खनिज पदार्थ (सोना, प्लेटिनम, टाइटेनियम, यूरेनियम, आदि), रासायनिक पदार्थ, प्राकृतिक तत्व, मिट्टी एवं अन्य तत्व पाए जाते हैं, आदि का पता लगने पर क्या इस जानकारी का लाभ केवल भारत को ही होने जा रहा है अथवा क्या विश्व के अन्य देश भी इस जानकारी का लाभ उठा सकने की स्थिति में नहीं होंगे? परंतु, पश्चिमी देशों में कुछ तत्व भारत की इस महान उपलब्धि को सकारात्मक दृष्टि से न देखते हुए इस संदर्भ में अपनी नकारात्मक सोच को आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहे है और सम्भव है कि भारत के प्रति उनकी यह नकारात्मक सोच इन देशों के लिए भविष्य में हानिकारक सिद्ध हो। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक कार्टून छापा है जिसमें बताया गया है कि विशिष्ट वर्ग के दो नागरिक एक कक्ष (कैबिन) में बैठे हैं एवं इनमें से एक संभ्रांत व्यक्ति एक अखबार में भारत के मंगल मिशन के सम्बंध में जानकारी पढ़ रहा है। इस कक्ष के बाहर भारतीय गरीब किसान के रूप में एक गाय को लेकर एक व्यक्ति दरवाजे के बाहर खड़ा है, जो दरवाजे पर दस्तक देता हुआ दिखाई दे रहा है। इस कार्टून से ऐसा महसूस कराए जाने का प्रयास किया जाना प्रतीत हो रहा है कि जैसे एक गरीब भारत देश, पश्चिमी देशों से अपने मंगल मिशन के लिए सहायता मांग रहा हो। संभवतः भारत के चन्द्रयान-3 की सफलता को पश्चिमी देशों में कुछ तत्व पचा नहीं पा रहे हैं। एक ब्रिटिश पत्रकार पेट्रिक क्रिस्टी ने भारत को चन्द्रयान-3 को चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर सफलता पूर्वक उतारे जाने की बधाई देते हुए यह मांग की है कि ब्रिटेन द्वारा भारत को उपलब्ध कराई जा रही आर्थिक सहायता राशि को वापस लिया जाना चाहिए क्योंकि उसके अनुसार चूंकि भारत की आधी आबादी गरीबी का जीवन जी रही है अतः ब्रिटेन द्वारा भारत को दी जा रही आर्थिक सहायता राशि का उपयोग भारत में गरीबी मिटाने के उद्देश्य से न किया जाकर अंतरिक्ष में अपने चन्द्रयान भेजने के लिए किया जा रहा है। इस ब्रिटिश पत्रकार का दावा है कि ब्रिटेन द्वारा भारत को वर्ष 2016 से वर्ष 2021 के बीच 230 करोड़ ब्रिटिश पाउंड की राशि आर्थिक सहायता के रूप में उपलब्ध कराई गई है। उक्त पत्रकार का यह भी कहना है कि यदि भारत अपने राकेट को अंतरिक्ष में भेज रहा है तो भारत को ब्रिटेन के पास कटोरा लेकर मदद के लिए नहीं आना चाहिए। जबकि इस संदर्भ में वास्तविकता यह है कि भारत कभी भी ब्रिटेन के पास आर्थिक सहायता मांगने के लिए गया ही नहीं है। इस संदर्भ में ब्रिटेन द्वारा सरकारी तौर पर उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार ब्रिटेन ने भारत को किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई है परंतु ब्रिटेन ने वर्ष 2015 के बाद से भारत में व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निवेश जरूर किया है ताकि भारत के बाजार में ब्रिटेन का योगदान बढ़ सके एवं ब्रिटेन के नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर निर्मित हो सकें।*

## एक्सप्रेस आलेख

**उपनिषदकाल में जिज्ञासा और अध्ययन का वातावरण आश्चर्यजनक है। कठोपनिषद में नचिकेता का प्रश्न है, मृत्यु के बाद क्या होता है? केनोपनिषद के प्रश्न सामान्य जीवन से जुड़े हुए हैं। कहते हैं कि, यदि आप मानते हैं कि ब्रह्म के स्वरूप को आप जानते हैं तो वास्तव में आप बहुत कम जानते हैं। विद्वानों ने जो स्वरूप प्रकट किया है वह अनिर्णीत है और मीमांसा के योग्य है। वैदिककाल के ज्ञान के प्रति देश के सम्पूर्ण विद्वान लगभग सहमत हैं। लेकिन राजनीतिक कारणों से वैदिक ज्ञान और वैदिक धर्म का मजाक भी उड़ाने वाले कम नहीं। धर्म जगत की व्यवस्था है। इसे वैदिक धर्म भी कहते हैं। उत्तरवैदिककाल में भी शाश्वत धर्म की उपस्थिति है और बाद में भी।**



हृदयनारायण दीक्षित

# एस. सोमनाथ बधाई के पात्र हैं

**इन्द्र हैं, वरुण हैं, मरुद्गण हैं, पर्जन्य हैं। इन्हीं देव नामों की स्तुतियों में वर्षा विज्ञान के आदि तत्व छुपे हुए हैं। जल से ऋग्वैदिक समाज का प्रेम सर्वविदित है। जल को माता कहा गया है। जल पवित्र करता है। कृषि के लिए उपयोगी है ही। ऋषि जल प्रवाहों का इतिहास जानना चाहते हैं। प्रश्न है–लगातार प्रवाहित जलों का आदिप्रवाह कब हुआ था?**

भारत में ज्ञान सर्वोपरि उपलब्धि है। भारतीय ज्ञान परम्परा में प्रकृति के सभी प्रत्यक्ष रूपों की जिज्ञासा थी। ज्ञान ही परम सत्ता के वास्तविक दर्शन का उपक्रम भी था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने ज्ञान को सर्वोपरि बताया है। वे उज्जैन में महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, भारत वैदिक काल से ही ज्ञानी समाज था। इसमें संस्कृत भाषा की विशेष भूमिका रही है। गणित, दर्शन विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, तत्व ज्ञान, खगोल, तर्क, व्याकरण, आदि विषय अतिमहत्वपूर्ण हैं। इन विषयों पर संस्कृत में विपुल लेखन हुआ है। उन्होंने कहा कि, संस्कृत दुनिया की प्राचीन भाषा है। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर का काव्य रचा गया है। ऋग्वेद का रचनाकाल लगभग साढ़े दस हजार वर्ष प्राचीन है। वैदिक काल में ज्ञान की परिभाषा भी की गई थी। ऋग्वेद (10.71) में ऋषि आंगिरस बृहस्पति हैं। वे ज्ञान के अधिष्ठाता हैं। ब्रह्मज्ञानी हैं। सूक्त के देवता ज्ञान हैं। सूक्त में ज्ञान की प्रारंभिक अवस्था का उल्लेख है। कहते हैं, प्रारम्भ में पदार्थों के नाम रखे गए। नाम और रूप का परिचय ज्ञान का प्रथम सोपान है। इनका शुद्ध और दोषरहित ज्ञान अनुभूति में छुपा है। ऋषि सूप और सत्तू का उदहारण देते हैं। कहते हैं, सूप से सत्तुओं को स्वच्छ करने की तरह मेधावी जन अपनी बुद्धि से भाषा को सुसंस्कृत करते हैं। कुछ लोग प्रकृति के गूढ़ तत्वों को देख कर भी नहीं समझ पाते। कुछ लोग सुनते हैं लेकिन समझ नहीं पाते। जैसे पति के सामने पत्नी अपना रूप नहीं छुपाती उसी प्रकार ज्ञान देवी सुपात्र के सामने अपना रूप खोल देती हैं। आगे कहते हैं, किसी-किसी ज्ञानी में शब्द और उनके भावों को ग्रहण करने की क्षमता होती है। उनकी कोई बराबरी नहीं कर सकता। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो भाषा को फल फूल रहित सुनने व अध्ययन तक सीमित मानते हैं। ज्ञानी एक समान नहीं होते। सबकी क्षमताएं अलग-अलग होती हैं। ज्ञान प्राप्ति असाधारण कार्य है। ऋग्वेद के लगभग साढ़े दस हजार मंत्र हैं। अधिकांश मंत्रों में प्रकृति की शक्तियों पर गहन जिज्ञासा है। ऋषि प्रकृति के गोचर प्रपंचों को ध्यान से देखते हैं और प्रकृति की शक्तियों की गतिविधि को भी। वैदिककाल में परिपूर्ण वाकस्वातंत्र्य था। दर्शन चिंतन के लिए यूनान सारी दुनिया में विख्यात रहा है। लेकिन देवों पर ही प्रश्न उठाने के आरोप में सुकरात को प्राणदण्ड दिया गया था। सुकरात पर मुख्य आरोप था कि वे देवताओं के अस्तित्व पर प्रश्न उठाते हैं। वे अपनी तर्क कुशलता के आधार पर संस्कृति के विरुद्ध विचार देते हैं। यह भी कहा जाता था कि सुकरात पृथ्वी के नीचे और ऊपर आकाश आदि के रहस्यों को जानने का प्रयास करते हैं। सुकरात प्रतिभाशाली विद्वान थे। एथेंस नगर की न्यायपीठ में उन पर मुकदमा चलाया गया। न्यायपीठ के 501 सदस्यों के सामने सुकरात ने सफाई दी। 220 न्यायकर्ताओं ने उन्हें निर्दोष माना। 281 ने दोषी पाया। बहुमत से उन्हें प्राण दंड की घोषणा की गई। आश्चर्य है कि विश्व दर्शन की मूल भूमि यूनान में ही दार्शनिक सुकरात को प्राणदण्ड दिया गया। भारत में वैदिककाल से ही प्रश्न और जिज्ञासा का वातावरण रहा है। ऋग्वेद में वैचारिक विविधता है। यहां वैदिककाल से लेकर उत्तर वैदिककाल, पुराणकाल और महाकाव्यकाल तक विचार अभिव्यक्ति की अगाध स्वतंत्रता रही है। प्रकृति की तमाम शक्तियों को देवता कहा जाता रहा है। देवता भी प्रकृति और समाज के नियमों को मानते हैं। अग्नि प्रकृति की प्रत्यक्ष शक्ति हैं और वैदिक देवता भी। अग्नि की अनुकूलता उपयोगी हैं। ऋषि अग्नि को प्रसन्न करना चाहते हैं। ऋग्वेद के एक मंत्र (1.76.1) में अग्नि से ही प्रार्थना है कि, हम आपको किस मन से प्रसन्न करें-केन मनसा? ये ऋषि अग्नि विज्ञान के खोजी प्रतीत होते हैं। ऋग्वेद में अश्विनी देवता हैं। वे आरोग्यदाता वैध हैं। ऋषि अश्विनीदेवों को प्रसन्न करना चाहते हैं। पूछते हैं कि- अज्ञानी लोग आपकी स्तुति कैसे करें? ऋग्वेद के देवता हैं मरुद्गण। वे गण समूह में चलते हैं। गणसमूहों के सभी सदस्य समान हैं। सबकी उम्र एक है। वे जल बरसाते हैं। ऋषि इस पूरे प्रपंच को जानना चाहते हैं। मरुद्गणों से प्रश्न करते हैं कि-एक समान उम्र वाले मरुद्गण किस शक्ति से जल बरसाते हैं? किस बुद्धि से किस देश में जाते हैं? (1.165.1) वर्षा एक जगह नहीं होती। जल वर्षा का वैज्ञानिक रहस्य है। ऋषि वर्षा का पूरा तंत्र जानना चाहते हैं। एक मंत्र में एक साथ तीन प्रश्न हैं। पहला-वर्षा करने की शक्ति क्या है? दूसरा-भिन्न भिन्न क्षेत्रों में जल वर्षा करने की शक्ति क्या है? तीसरा प्रश्न है-देश चयन की बुद्धि क्या है? ऋषि समूचे वर्षा विज्ञान को जान लेना चाहते हैं। आधुनिक विज्ञान वर्षा की पूर्व जानकारी देता है। लेकिन इस ज्ञान परम्परा की शुरुआत ऋग्वेद से होती है। वर्षा के ढेर सारे देवता हैं। इन्द्र हैं, वरुण हैं, मरुद्गण हैं, पर्जन्य हैं। इन्हीं देव नामों की स्तुतियों में वर्षा विज्ञान के आदि तत्व छुपे हुए हैं। जल से ऋग्वैदिक समाज का प्रेम सर्वविदित है। जल को माता कहा गया है। जल पवित्र करता है। कृषि के लिए उपयोगी है ही। ऋषि जल प्रवाहों का इतिहास जानना चाहते हैं। प्रश्न है-लगातार प्रवाहित जलों का आदिप्रवाह कब हुआ था? यह प्रश्न पूर्णतया वैज्ञानिक है। ऋषि सभी गतिविधियों का आदिकारण और समय जानने के इच्छुक रहे हैं। सोमनाथ ने ठीक कहा है कि भारत वैदिककाल से ही ज्ञानी समाज था। ऋषि तमाम विषयों पर अपनी जानकारी देते हैं। तमाम विषयों की जानकारी उन्हें नहीं है। वे अपना अज्ञान स्वीकार करते हैं। ऋग्वेद (1.164.1) में कहते हैं कि, मैं इनका उत्तर नहीं जानता। एक प्रश्न है, जिसने छहों लोक थाम रखे हैं उस अजन्मा प्रजापति के रूप में वह एक तत्व किस प्रकार का है? मैं यह नहीं जानता। ज्ञानियों से जानने के लिए पूछना चाहता हूं।



**वैदिक धर्म, सनातन धर्म और हिन्दू धर्म एक ही हैं। राजनीतिक कारणों से कहा जा रहा है कि यहां कोई धर्म ही नहीं है। सोमनाथ बधाई के पात्र हैं कि प्रतिष्ठित अंतरिक्ष विज्ञानी होकर भी वे अपनी ज्ञान और प्रतिभा के आधार पर भारत के सुदूर अतीत में समझे गए, जाने गए, ज्ञान की चर्चा कर रहे हैं।**

## एक्सप्रेस कविता

*इतनी खामोश हवाएं क्यों है,*
*इतनी गमगीन फिजाएं क्यों है।*
*हाल ए दिल तो सुनाओ जरा,*
*इतनी बे-असर दुआये क्यों हैं।*
*दर्द हमारा तो ला इलाज है,*
*बेअसर इतनी दवाये क्यों हैं।*
*नजरें बता गई बेरुखी का सबक,*
*आंखों में लाल ढेर अंगारे क्यों हैं।*
*इंतहा हो गई लम्हों के इंतजार की,*
*अपनी यादों के गमगीन इशारे क्यों हैं।*
*लोरियां सो गई दर्द बयां करते संजीव,*
*आसुओं के जुगनू इतने बेसहारे क्यों हैं।*
*हिम्मत रखो अंधेरों के बाद रोशनी आएगी,*
*आप के हौसले इतने थके हारे क्यों हैं।*

**संजीव ठाकुर**

## एक्सप्रेस ज्ञान

*संदेह, मुसीबत के पहाड़ों का निर्माण करता है और विश्वास पहाड़ों में से भी रास्ते का निर्माण करता है।*



## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 16:48 तक |
| नक्षत्रः | अश्विनी 09:28 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | ध्रुव, 24:57 |
| सूर्योदयः | 06:04 |
| सूर्यास्तः | 18:35 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 07:38-09:12 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:54-12:45 |

## जन एक्सप्रेस

### टिप्पणी अब धर्म पर !

*फायदे की खातिर ।*
*कर रहे प्रहार ।।*
*टिप्पणी अब धर्म पर ।*
*है तभी उद्धार ?*
*खेल रहे हैं आग से ।*
*दिए हैं गरिमा त्याग ।।*
*है सत्ता को ख़तरा ।*
*गए इसलिए जाग ।।*
*राजनीति ये अक्सर ।*
*ऐसे गुल खिलाती ।।*
*जो असली हैं मुद्दे ।*
*है उनसे भटकाती ।।*
*होगा जब दुलार कम ।*
*फिर ऐसे बयान ।।*
*बने काम अपना ।*
*है यही बस ध्यान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पेट में मौजूद माइक्रोबायोटा की वजह से बच्चों में हो रही गंभीर एलर्जी की समस्या



बच्चों में बड़ों के मुकाबले एलर्जी के मामले अधिक देखे जाते हैं। कई बार यह एलर्जी आम होती है, लेकिन कुछ मामलों में यह बच्चों के पेट और आंत से जुड़ी हो सकती है। हाल ही में नेचर कम्युनिकेशन्स जर्नल में प्रकाशित हुई एक स्टडी के मुताबिक बच्चों में बचपन में होने वाली एलर्जी आंतों में मौजूद बैक्टीरिया के कारण भी हो सकती है।

**अस्थमा और एग्जिमा की भी रहती है समस्याः** यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया एंड बीसी चिल्ड्रन हॉस्पिटल द्वारा की गई इस स्टडी के मुताबिक बच्चों में गट माइक्रोबियम एलर्जी के साथ ही अस्थमा, एग्जिमा, फूड एलर्जी या फिर अन्य समस्याओं का भी कारण बन सकता है। शोधकर्ताओं द्वारा स्टडी में 1115 बच्चों को शामिल किया गया। इसमें नवजात से लेकर उनके 5 साल के हो जाने तक उन्हें फॉलोअप किया गया। इनमें से 592 बच्चों में गट माइक्रोबियम के कारण एलर्जी की समस्या देखी गई। बच्चों के स्टूल का सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा गया, जिसमें इस समस्या का पता लग सका। यूएस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की वेबसाइट के मुताबिक गट माइक्रोबायोटा न केवल एलर्जी बल्कि, इम्यून सिस्टम और ब्रेन को भी प्रभावित कर सकता है। यह बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य में बाधा बनने के साथ ही उनकी शारीरिक विकास और न्यूरोकॉग्नेटिव विकास को भफी प्रभावित कर सकता है। ऐसी स्थिति होने के पीछे बहुत से कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। ऐसे में मां के दूध पिलाने के तरीके, बच्चों द्वारा ली जाने वाली डाइट, उनके पैदा होने की स्थिति आदि पर भी निर्भर कर सकता है। शरीर में सैकड़ों लाखों ओर्गेनिज्म पाए जाते हैं, जिन्हें माइक्रोबायोटा के नाम से जाना जाता है।

**बच्चों को एलर्जी से कैसे बचाएं?:** इस विषय में अधिक जानकारी पाने के लिए हमने एससीपीएम हॉस्पिटल के डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ सुमन से बातचीत की। उन्होंने बताया कि बच्चों में एलर्जी होने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। ऐसे में इससे बचने के लिए बच्चों को बाहर का खाना बिलकुल न दें। उनकी डाइट को पूरी तरह से हेल्दी रखें। अगर उन्हें स्किन एलर्जी हुई है तो ऐसे में बर्फ से स्किन की सिकाई कर सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# गुरुकुल के अनुरूप शैक्षणिक परिवेश



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**इन बच्चों की प्रतिभा का लाभ देश और समाज को नहीं मिल पाता जिससे दोनों को अपूरणीय क्षति होती है। इन बच्चों को बाल मजदूरी से बचाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारें ने समय-समय पर कानून बनाए लेकिन इस पर पूरी तरह से रोक नहीं लग पाई।**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक और संकल्प सिद्ध हुआ। श्रमिकों के बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय बनाने की योजना शुरू की थी। सभी 18 मंडलों में इन विद्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। पहले चरण में प्रदेश के 18 मंडलों में एक-एक विद्यालय की स्थापना हुई है। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा बचे हुए सत्तावन जनपदों में इसी तर्ज पर एक एक विद्यालय स्थापित किया जा रहा है। इन विद्यालयों के निर्माण सम्बन्धी कार्य पूरे हो चुके हैं। इनका पहला सत्र शीघ्र प्रारम्भ होगा। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर गुरुवार्ता संगम कार्यक्रम को संबोधित किया। अटल आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एडमिशन किट वितरित की गई है। उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय भारत की प्राचीन गुरुकुल जैसी परम्परा की शुरुआत है। गुरुकुल परम्परा ने भारत को शिक्षा तथा समृद्धि के क्षेत्र में विश्वगुरु बनाया था। इन विद्यालयों की स्थापना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा, श्रद्धेय अटल का नाम, तथा पं दीनदयाल उपाध्याय जी का संकल्प है। अटल आवासीय विद्यालय सभी सुविधाओं से युक्त विश्वस्तरीय विद्यालय हैं। अटल आवासीय विद्यालयों का उद्देश्य समाज के सबसे पिछड़े तथा अन्तिम पायदान से बच्चों की प्रतिभाओं को शिक्षित तथा प्रशिक्षित कर उन्हें गरिमामयी जीवन जीने के योग्य बनाना है। इन विद्यालयों में सामान्य बच्चों को भी प्रवेश दिया जाएगा। अटल आवासीय विद्यालयों के भवन उच्च श्रेणी के बनाए गए हैं। इन विद्यालयों का परिसर करीब पंद्रह एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इन विद्यालयों में शिक्षा के साथ ही स्किल डेवलपमेंट तथा खेलकूद की गतिविधियों के लिए भी स्थान है। यहां बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग छात्रावास भी हैं। योगी आदित्यनाथ अनेक अवसरों को विकास से जोड़ने के प्रति सजग है। उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस भी उसके लिए ऐसा ही अवसर रहा है। 24 जनवरी को यह स्थापना दिवस मनाया जाता है। योगी आदित्यनाथ ने स्थापना दिवस को भी विकास का अवसर बना दिया। ऐसे ही स्थापना दिवस पर उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय बनाने की घोषणा की थी। पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने सरकार को उत्तर प्रदेश दिवस आयोजित करने का सुझाव सपा सरकार को दिया था। लेकिन उसने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। योगी आदित्यनाथ जब मुख्यमंत्री बने तब उन्होंने इस ओर ध्यान दिया। उन्होंने 24 जनवरी को न केवल उत्तर प्रदेश दिवस मनाने का निर्णय किया, बल्कि इसे उत्तर प्रदेश के विकास से जोड़ दिया। विश्वकर्मा पुरस्कार की यही प्रतिध्वनि थी। धीरे धीरे इसका विस्तार पूरे प्रदेश में किया गया। लखनऊ में सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन होता है। अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर सभी 18 कमिश्नरी में अटल आवासीय विद्यालयों का शुभारंभ किया गया। इससे पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों व निराश्रित बच्चों हेतु भी आवासीय विद्यालय उपलब्ध होंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विद्यालयों में नियमित मॉर्निंग असेम्बली होनी चाहिए। प्रार्थना सभा में सभी बच्चे सम्मिलित हों। यहां भारत की परम्पराओं के विषय में जानकारी दी जाए। विद्यार्थियों को किसी भी राष्ट्रीय पर्व अथवा आध्यात्मिक आयोजन से पहले इनके महत्व के विषय में बताया जाना चाहिए। त्योहारों के आध्यात्मिक व धार्मिक पक्ष होते हैं। त्योहारों के प्रेरणादायी पक्षों से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाना चाहिए। विद्यालय का परिसर तथा प्रवेश द्वार आध्यात्मिक वातावरण से परिपूर्ण होना चाहिए। इसके लिए अलग-अलग प्रकार के वृक्षों को लगाया जाना चाहिए। विद्यालय में पुष्पदार पौधे लगाये जाने चाहिए। अलग-अलग जगह पर आम्र वाटिका, जामुन वाटिका, अमरूद वाटिका आदि वाटिकाएं विकसित की जानी चाहिए। सड़कों के किनारे छायादार वृक्ष भी लगाए जा सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारत की शिक्षा की नींव को आगे बढ़ाने का कार्य होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के पहले स्थापना दिवस पर एक जिला एक उत्पाद ओडीओपी योजना लॉन्च की गई थी। यह योजना प्रदेश के निर्यात को तेजी से आगे बढ़ाने में कारगर साबित हुई है। जहां देश का निर्यात आठ प्रतिशत की दर से बढ़ा है। वहीं उत्तर प्रदेश का निर्यात अट्ठाइस फीसद की दर से बढ़ा है। दूसरे स्थापना दिवस पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शुरू की गई। तीसरे स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री आवासीय विद्यालयों की स्थापना के लिए आधारशिला रखी गई थी। प्रदेश सरकार ने कुशलता से विकास और कल्याणकारी योजनाओं के बीच संतुलन स्थापित किया है। अटल आवासीय विद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे।


**छात्रों के रहने और सभी प्रकार की सुविधाओं की व्यवस्था सरकार करेगी योगी आदित्यनाथ ने अन्तरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर बाल मजदूरी करने वाले बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए बाल श्रमिक विद्या योजना की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा था कि परिस्थितियों के चलते इन बच्चों को बाल मजदूरी करनी पड़ती है। इससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ता है।**

# परिवार रजिस्टर नकल के लिए चक्कर लगा रहा है पीड़ित

## पंचायत सेक्रेटरी ललित यादव चक्कर पर चक्कर लगवा रहे हैं फोन उठाने पर मामले को हफ्ता 10 दिन के लिए टालने की परंपरा बना रखी है, पीड़ित जाए तो जाए कहां

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** सरकारी कर्मचारी अधिकारी का काम होता है की फरियादियों की फरियाद सुन मौके पर उनका निस्तारण करें जिसके लिए सरकार भी प्रयत्नशील है लेकिन लगातार चक्कर लगाना मूर्ख बनाना आज नहीं कल आना कल नहीं परसों आना इस तरह का बहाना बनाकर मामले को टालना एक परंपरा सी बन गई है। सरकारी विभागों में बताते चलें सहायक विकास अधिकारी पंचायत विकास खंड फूलबेहड़ जिला खीरी को दिए शिकायती पत्र में ग्राम पंचायत


सेवा में,
श्रीमान मुख्य विकास अधिकारी
जनपद-लखीमपुर-खीरी।
विषय: प्रार्थना-पत्र बाबत परिवार रजिस्टर की नकल हेतु।
महोदय,
[illegible]
दिनांक- 26.08.2023
प्रार्थी
Gurucharan Singh
गुरुचरन सिंह पुत्र श्री दर्शन
[illegible]

परसेहरी कलां विकास खण्ड फूलबहेड जिला लखीमपुर खीरी के रहने वाले पीड़ित गुरूचरन सिह ने बताया की मुझे अपने परिवार रजिस्टर की नकल की आवश्यकता है। इसके लिए मैं दो डेढ़ महीने से पंचायत सेक्रेटरी व ब्लाक के चक्कर लगा रहा हूं पंचायत सेक्रेटरी ललित यादव फोन उठाते नहीं है।अगर भूल-चूक से फ़ोन उठा भी ले तो बिना बात सुने यह कहकर फोन काट देते हैं कि अभी हफ्ता-दस दिन समय नहीं है। इसके बाद बात करना मैने कई बार बड़ी रिक्वेस्ट कर अपनी अवगत कराने की कोशिश की तो मुझसे 15 मिनट का समय मांगा कि कहीं भी किसी भी जगह,शहर से लेकर ब्लाक या ग्राम पंचायत तक, किसी भी दिन 15 मिनट निकाल कर मेरा कार्य कर दें। जब इस प्रकार मौखिक बात करने पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो मैंने बी0डी0ओ0 फूलबेहड़ से मिला। बी0डि0ओ0 साहब ने काफी सख्ती से बात / फोन करते हुए सेक्रेटरी से यह कहा कि परिवार रजिस्टर में इनके छूटे नाम बढ़ाते हुए समस्त परिवार की पूरी नकल दे दी जाये। 18.अगस्त .2023 को यह आदेश शिकायती पत्र में शपथ पत्र के साथ दिया गया था तब पंचायत सेक्रेटरी ने अधूरी नकल दे दी,जिसमें केवल वो नाम डाल दिये गये जो बढ़ाने हेतु दिये थे। मेरे माता-पिता, भाई बहन, दादा दादी आदि के नाम छोड़ दिये। उक्त अधूरी नकल से न तो वरासत हो सकती है और न ही रिलेशनशिप बयनामा योजना के तहत बयनामा हो सकता है। उक्त नकल मेरे किसी उपयोग की नहीं है। मै पुनः अपनी पीड़ा लेकर बी0डी0ओ0 के पास हाज़रि हुआ बी0डी0ओ0 साहब ने सेक्रेटरी से पुनः बात की तो सेक्रेटरी ने मुझे सुन्दरवल के पंचायत भवन में बुलाया और बोले कि बैठ जाओ जब मीटिंग समाप्त होगी तो उसके बाद बात करेंगे। मैंने बताया की सर मेरा स्वास्थ खराब रहता है। मुझे कई घंटे बैठालने के बाद जाते समय यह कह कर चले गये कि.. अभी हफ्ता-दस दिन मेरे पास समय नहीं है। आडिट चल रहा है, इसके बाद मिलना तो बतायेंगे यह घटना 25 अगस्त.2023 की है। इस प्रकार मुझे महीने से परेशान कर रह है। इसका क्या मतलब है बुलाया गया, बैठाया गया नजर अन्दाज कर दिया गया यह सब मुझे ठीक नहीं लगा तो मैने साहब के यहाँ 26.अगस्त .2023 का पुनः प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। अभी तक कोई हल नहीं निकल पाया है। मेरे द्वारा लिखी बाते पूर्णत बिल्कुल सत्य व सच्ची हैं। कभी कहते हैं कि रजिस्टर बना नही तो हमारे पास पुरानी नकल 11.02.2019 की कहाँ से आयी। कभी कहते है रजिस्टर खो गया। है। यदि रजिस्टर खो है तो अभी विभाग को सूचना क्यों नहीं दी गई या कोई एफ0आई0आर0 अभी तक क्यों नहीं दर्ज करायी गई ग्राम पंचायत में नकले कहाँ से व कैसे दी जाती हैं। इस प्रकार के कई प्रश्नों के उत्तर पंचायत सेक्रेटरी दी दे सकते हैं। मैं खुशामद दरामद करके, सिफारिश लगाकर या सुविधा शुल्क देकर नकल नहीं लेना चाहता हूँ। क्योंकि मैं इनकी कोई निजी चीज भीख या दान में नहीं मांग रहा हूँ। मैं अपना अधिकार माँग रहा हूँ। मुझे नियमानुसार अपने परिवार रजिस्टर की नकल दिलाये जाये। मैं हर तरह से सक्षम हूँ। जब मुझे इतना परेशान किया जा रहा है बेवकूफ, उल्लू बनाया जा रहा है। तो आम साधारण, गरीब, अनपढ़ व्यक्ति के साथ क्या बीतती होगी। जनता के प्रति पंचायत सेक्रेटरी ललित यादव के इस प्रकार के व्यवहार से सरकार व पार्टी छवि धूमिल होगी सरकारी मुलाजिम इस तरह से एक आम आदमी को परेशान करें और अपने विभागीय अधिकारियों की भी न सुने अपने आप में सवालिया निशान लगा रहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ग्राम चौपाल का कार्यक्रम हुआ आयोजित

जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद(सीतापुर)। विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत सदरावां में स्थित पंचायत भवन के मीटिंग हॉल में ग्राम चौपाल का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने लोगों को स्वच्छ भारत मिशन अभियान, शौचालय योजना , प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, दिव्यांग, विधवा, वृद्धा पेंशन योजना , पी एम किसान सम्मान निधि कार्यों की जानकारी दी। ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को लेकर आयोजित चौपाल कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रभारी राम किशोर वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी आशीष कुमार रावत , ग्राम प्रधान अनुज कुमार यादव, पंचायत सहायक सावित्री देवी, पी एम किसान सम्मान निधि के कर्मचारी (टी ए)उदय चंद्र , सुशील कुमार, कुलदीप कुमार, आशा कार्यकत्री, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, केयर टेकर, सफाई कर्मचारी शिव प्रकाश सिंह , जगदीश यादव, प्रमोद यादव , अरुण कुमार, काली चरन, जसवंत आदि लोगों के साथ ग्राम पंचायत सदरावां की महिलाओं समेत अन्य लोग भी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित हुए। और विकास खंड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत शाहिनपुर में भी ग्राम चौपाल का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मौजूद ग्राम विकास अधिकारी अवनीश कुमार रावत ,सहायक विकास अधिकारी कोपरेटिव एवं ग्राम प्रधान पूनम यादव,सफाई कर्मचारी , पंचायत सहायक , अंकित वर्मा समेत वहीं पर ग्राम पंचायत की महिलाओं समेत अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### 1700 लोगों को पौष्टिक पदार्थ का किया गया वितरण

जन एक्सप्रेस/बिसवां/(सीतापुर)। मानव की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है ऐसा मानना है भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं शांति देवी मानव सेवा समिति के अध्यक्ष सुधाकर शुक्ला का, इसके लिए उन्होंने समिति का प्रतिदिन किसी न किसी गांव में कैम्प कर शुद्ध स्वास्थ्य वर्धक पेय पदार्थ बाँट रहे हैं । सुधाकर शुक्ल बताते हैं गर्मियों के दिनों में प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध साफ पानी की अवश्यकता होती



तेज प्यास लगने पर लोग अक्सर दुकानों पर कोल्ड ड्रिंक का सेवन करते हैं जिससे सेहत को नुकसान होता हैं! प्राकृतिक फलो से बने पेय पदार्थ सेहत के लिए अच्छा होते हैं वर्तमान समय में डेंगू, मलेरिया बुखार के प्रकोप के चलते शांति देवी मानव सेवा समिति के अध्यक्ष व पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह डाबर कम्पनी के पौष्टिक व स्वास्थ्य वर्धक पेय पदार्थ वितरित किये जा रहे हैं। एक कदम मानवता की ओर संकल्प के साथ समिति ने बिसवां तहसील के राजस्व विभाग, थाना कोतवाली, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बिसवा, शिक्षण संस्थानों, ग्रामीण क्षेत्र में संस्था के पदाधिकारी के द्वारा लगातार निरंतर वितरण किया जा रहा हैं! बिसवाँ-ब्लॉक के गांव सरबाहनपुर के आयुर्वेदिक अस्पताल में लगभग 1700 लोगों को. पौष्टिक पदार्थ का वितरण किया गया । ग्राम सर्वहनपुर,दमैला, पड़रिया, नसीरपुर , बजेहरा दूधियापुर के ग्रामीनो को डाबर का नारियल पानी, सेब का जूस, गन्ने का जूस आदि कई तरह के ब्रांडेड पेय पदार्थ वितरित किये गए ।समिति के अध्यक्ष सुधाकर ने बताया शरीर को तरो ताज़ा रखने के लिए यह ड्रिंक आपके लिए बेहतर हैं यह ड्रिंक न सिर्फ ऊर्जा प्रदान करते हैं बल्कि पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं यह पेय पदार्थ शरीर में ऊर्जा का संचार करते हैं और किसी प्रकार का नुकसान नहीं पंहुचाते हैं समिति लगातार यह वितरण कार्य करतीं रहेगी।

### उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की मीटिंग

जन एक्सप्रेस/रिजवान खान। पलिया कलां खीरी। उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर उप जिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह के नेतृत्व में आने वाले त्योहार चेहल्लुम, व जन्माष्टमी को सकुशल संपन्न कराए जाने के परिप्रेक्ष्य में पीस कमेटी की एक बैठक का आयोजन



कोतवाली पलिया परिसर में किया गया। जहाँ क्षेत्र की समस्याओं और त्योहारों को सकुशल संपन्न करवाने हेतु चिंतन मनन किया गया। बैठक में हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के तमाम प्रबुद्ध वर्ग के लोग उपस्थित हुए। जिनसे पुलिस क्षेत्र अधिकारी आदित्य कुमार गौतम ने आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न करने के सम्बन्ध में चर्चा की। सभी लोगो ने त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग करने की सहमति दी तथा समस्याओं के बारे में भी अवगत कराया। बैठक में उठी समस्याओं के सम्बन्ध में अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि उक्त समस्त समस्याओं का समय रहते निदान करा दिया जाएगा। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक तेज सिंह हेड कांस्टेबल अतुल चौरसिया अनूप चौहान, संदीप चौधरी, जोनी, परीक्षित सैनी सहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चारपाई के उपर ग्रामीण नीचे मगरमच्छ देख घर में मच गई चीख-पुकार, उड़ी नींद

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

।पिछले दिनों बिजुआ क्षेत्र के एक गांव में मगरमच्छ रात भर चारपाई के नीचे बैठा रहा। इस बार मजरा मुराउनपुरवा के एक घर में मगरमच्छ घुसकर चारपाई के नीचे पहुंच गया, जिसे देख परिवार में चीख-पुकार मच गई। लखीमपुर खीरी में जंगल से सटे इलाकों में बाघ और तेंदुआ ही नहीं मगरमच्छ भी ग्रामीणों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। मगरमच्छ आबादी के करीब तालाबों में पहुंच रहे हैं और तालाबों से निकल घरों तक। थाना खमरिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत मूसेपुर के मजरा मुराउनपुरवा में तालाब से निकलकर एक मगरमच्छ शनिवार रात करीब 10 बजे ग्रामीण के घर में चारपाई के नीचे पहुंच गया, जिससे ग्रामीणों की नींद उड़ गई। ग्रामीण पुत्तीलाल रात में चारपाई पर लेटा हुआ था। तभी उसे अजीब हलचल महसूस हुई।उसने चारपाई के नीचे देखा कि विशालकाय मगरमच्छ चारपाई के नीचे था। पुत्तीलाल डर कर घर से भाग खड़ा हुआ। घर में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीण इकट्ठा हो गए। रेंजर धौरहरा को फोन पर जानकारी दी।जानकारी मिलने पर वन क्षेत्राधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने टीम को भेज कर ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को रेस्क्यू कर लिया। वन विभाग की टीम मगरमच्छ को पकड़ कर ले गई। लेकिन ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। यहां रातभर चारपाई के नीचे रहा मगरमच्छ अगस्त माह के पहले सप्ताह में बिजुआ ब्लॉक के एक गांव में मगरमच्छ गांव के अंदर घुस आया था। मगरमच्छ रातभर युवक की चारपाई के नीचे बैठा रहा।सुबह जब वह जागा तो चारपाई के नीचे मगरमच्छ को देख उसके होश फाख्ता हो गए। वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को पकड़कर जंगल में छोड़ा था।

**सबसे ज्यादा निघासन प्रभावित**

जिले में मगरमच्छ के हमलों में ग्रामीणों की जान भी जा चुकी है। मगरमच्छ के हमले में सबसे ज्यादा मौतें निघासन तहसील क्षेत्र में हुई हैं। यहां पिछले पांच साल में छह लोगों की मौत हो चुकी है। कई पशु भी मगरमच्छ का निवाला बने हैं।

- वर्ष 2017-मसुरहा निवासी जगदीश को मगरमच्छ ने निवाला बनाया।
- वर्ष 2018- सिन्हौना गांव निवासी जगमोहन को जौरहा नदी में मगरमच्छ ने बनाया निवाला।
- वर्ष 2021- बैलहा निवासी रामतीरथ को मगरमच्छ ने नाले में मार डाला।
- वर्ष 2021-मसुरहा निवासी संदीप को मगरमच्छ ने सरयू नदी में निवाला बनाया।
- अगस्त 2023-मसुरहा निवासी 60 वर्षीय लालजी को सरयू नदी में मगरमच्छ ने निवाला बनाया।
- अगस्त 2023-नौरंगाबाद फार्म निवासी 45 वर्षीय राम विलास की मगरमच्छ हमले में मौत।

# गौकशी का शातिर इनामिया बदमाश गांजा के साथ गिरफ्तार

- 10 हजार का इनामी गौकश मादक पदार्थ सहित चढ़ा पुलिस के हत्थे
- संगठित गिरोह चलाकर गौकशी को देते हैं अंजाम, खूंटे से जानवर चोरी कर काटने का था महारथ हासिल

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी




**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** जुर्म व जरायम पर प्रभावी कार्यवाही को अंजाम दे रही खीरी पुलिस की सक्रियता से अपराध और अपराधियों की धर-पकड़ निरन्तर जारी है।जानकारी मुताबिक कोतवाली गोला पुलिस द्वारा गौकशी मामले में कई थानों में वांछित 10 हजार रूपए के घोषित इनमिया आरोपी छोटे पुत्र सद्दीक ग्रा0 पो0 महमदपुर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी को गांजा पत्ती के साथ गिरफ्तार किया है।जिले के कुख्यात इनमिया गौकश ने कुछ दिन पूर्व ही फरधान थाना क्षेत्र में दो बैलों को चोरी करके गौकशी को अंजाम दिया था जिसके संदर्भ में मुकदमा अपराध संख्या 394/2023 दर्ज हुआ था उक्त घटना के बाद से जिले भर की पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश में जुटी थी,कड़ी घेराबंदी के बाद शातिर बदमाश को गोला पुलिस द्वारा गिरफ्तारी किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 3082 ग्राम अवैध गांजा पत्ती भी बरामद हुई है।उक्त गिरफ्तारी मामले में उप निरीक्षक चेतन तोमर से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार को मोहम्मदी थाना क्षेत्र के महमदपुर निवासी छोटे पुत्र सद्दीक को गिरफ्तार किया है आरोपी काफी दिनों से पुलिस को चकमा दे रहा था।उक्त आरोपी फरधान, नीमगांव आदि थानों पर गौहत्या के बाद गैंगस्टर की कार्यवाही की गई थी आरोपी पर पहले से ही आधा दर्जन से अधिक गौ-वध व एनडीपीएस के मामले दर्ज हैं,थाना नीमगांव में गौकशी मामले में दस हजार का इनामी घोषित किया गया था।काफी समय से इसकी तलाश में लगी पुलिस टीम ने घेराबन्दी कर कुटवारा जंगल के पास गांजा पत्ती के साथ शातिर बदमाश को पकड़ा है इस कुख्यात शातिर की गिरफ्तारी से गौकशी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक चेतन प्रकाश तोमर,कांस्टेबल सूर्य प्रताप राघव,कांस्टेबल गौरव सिंह शामिल रहे।

# कोतवाल को हटवाने के लिए फिर लामबन्द हुआ पटेल समाज, दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

कोतवाल को हटवाने के लिए एक बार फिर आक्रोशित पटेल समाज लामबन्द होकर मुखर हो गया है।जिसको लेकर आज कूर्मि क्षत्रिय समाज कल्याण समिति के मंत्री सुरेश चंद कनौजिया एड,सतीश वर्मा, व्यापारी नेता अशोक कनौजिया, सेंट्रल वार संघ के पूर्व अध्यक्ष लालबिहारी वर्मा एड, पंकज वर्मा एड,संजय वर्मा एड आदि दर्जनों लोगों की मौजूदगी में तहसील दिवस में जिलाधिकारी को संबोधित मांगों का एक ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को सौंपा है।जिसमें रवि उर्फ रिंकू हत्याकांड में दोषी गोला कोतवाल को हटवाने, कोतवाल की आरोपितों से मिली भगत की जांच कराने एवं पीड़ितों व अन्य के विरुद्ध रोड जाम का दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांगे शामिल हैं। बताते चलें कि नगर के मोहल्ला कुमार टोला में सत्रह दिन पहले हुए बहुचर्चित रवि वर्मा उर्फ रिंकू हत्याकांड के बाद पीड़ित परिवार जनों ने सदर चौराहे पर शव रखकर जाम लगाया था। तब बैक फुट पर आई पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था। इसके बाद बिना जांच किए पुलिस ने अपराधियों के साथ मिली भगत से हत्या की धारा को गैर इरादतन हत्या की धारा में नामजद आरोपितों का चालान कर दिया था। परिवार जनों के विरुद्ध रोड जाम करने का मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद पीड़ित परिवार ने पीट पीट कर हुई हत्या के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सवाल उठाया था क्योंकि पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण फेफड़े का संक्रमण बताया गया था। पटेल समाज ने महापंचायत कर पुनः पोस्टमार्टम कराने गोला कोतवाल को हटवाने पीड़ितों के विरुद्ध दर्ज किया गया मुकदमा वापस लेने, हत्या के आरोपितों से प्रभारी निरीक्षक गोला की मिली भगत की जांच कराने की मांग की थी। जिसमें से 13 दिन बाद मृतक केशव का दोबारा पोस्टमार्टम करा दिया गया था इसके अलावा अन्य सभी मांगे अभी लंबित चल रही हैं।ज्ञापन पर विनोद वर्मा हरिओम वर्मा पटेल सुशील वर्मा विजय वर्मा अंकुर वर्मा अमित वर्मा जेपी वर्मा सुभाष वर्मा अंकित वर्मा विशाल पटेल मनीष पटेल उमाशंकर विजय वर्मा एडवोकेट अवधेश वर्मा एडवोकेट अवनीश वर्मा एडवोकेट आदि के हस्ताक्षर हैं।

# भारत विकास परिषद द्वारा निरन्तर जारी संस्कृति सप्ताह में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन

- विजेता अजमानी पब्लिक स्कूल,उप विजेता, सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज

जन एक्सप्रेस । शाजिफ हुसैन



**लखीमपुर खीरी।** भारत विकास परिषद लखीमपुर शाखा ने संस्कृति सप्ताह के तीसरे दिन आज राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट डेली डोज के प्रांगण में संपन्न हुआ।शहर के कई प्रतिष्ठित स्कूलों में अजमानी इंटरनेशनल स्कूल,अजमानी पब्लिक स्कूल,सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज,गुरूनानक कन्या इण्टर कॉलेज,कामिनी महेंद्र शिक्षण संस्थान, माधव चिल्ड्रन एकेडमी आदि कई स्कूलों ने हिंदी एवं संस्कृत समूह गान प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी विवेकानन्द जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन तथा वंदे मातरम् से प्रारम्भ हुआ।परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ज्ञान स्वरूप शुक्ला मुख्य अतिथि व डॉ आरपीएस चौहान विशिष्ट अतिथि रहे।सभी प्रतिभागियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया,उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण सभी सदस्य एवं अतिथि अन्त तक कार्यक्रम से जुड़े रहे।मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत विकास परिषद लखीमपुर शाखा विगत कई वर्षों से समूहगान प्रतियोगिता संस्कृति सप्ताह कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है,जनपद की प्रतिभाओं को इस मंच के माध्यम से आगे ले जाने का परिषद बहुत अच्छा कार्य कर रही है।राष्ट्रीय समूह गान में विजेता अजमानी पब्लिक स्कूल रहा तथा उपविजेता पुरस्कार सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज ने प्राप्त किया।परिषद के इस कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष डॉ राजवीर सिंह व सचिव डॉ. प्रदीप गुप्ता ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने अजमानी पब्लिक स्कूल को विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया।निर्णायक मंडल में दीनानाथ झा एवं माधव प्रसाद चतुर्वेदी तथा मीना रहीं साथ ही योग गुरु मंगेश त्रिवेदी की गरिमामई उपस्थित रही।परिषद परिवार के इस कार्यक्रम में प्रांतीय संगठन सचिव मानवेन्द्र सिंह,प्रांतीय संयोजक रमेश कुमार वर्मा, नरेश चंद्र वर्मा के साथ सप्ताह प्रभारी सतीश चंद्र टंडन, सप्ताह संयोजक विनोद तोलानी, शाखा प्रभारी ऋतुराज बाजपेई, मधुलिका त्रिपाठी,हरि प्रकाश त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र सक्सेना,प्रबोध कुमार शुक्ला,संगठन सचिव दिव्येश मिश्रा ,संजय गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष छोटेलाल, कोषाध्यक्ष राम जन्म बरनवाल, महिला संयोजिका रेखा शुक्ला, अर्चना सिंह,उमा पितरिया,शशि सक्सेना, अमित सिंह चौहान, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, रेणुका टंडन, हर्ष गुप्ता,प्रांजल शुक्ला उपस्थित रहे।सह प्रभारी परम वर्मा, सह संयोजक संजय अग्रवाल, पंकज मित्तल, पवन कुमार शुक्ला, कौशल किशोर,रामबहादुर मित्रा, विपिन भारद्वाज के साथ-साथ अन्य कई सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे।परम वर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों, सदस्यों, स्कूली बच्चों आदि मौजूद सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।

### भारतीय योग संस्थान में केपी त्रिपाठी द्वारा विधिवत योग साधना कराई गई



जन एक्सप्रेस/ लखीमपुर खीरी। रविवार को भारतीय योग संस्थान लखीमपुर खीरी महिला जिला द्वारा संचालित हैप्पी डेज स्कूल नि:शुल्क साधना केंद्र में संस्थान के मार्ग दर्शक केपी त्रिपाठी द्वारा विधिवत योग साधना कराई गई। आवास विकास केंद्र की केंद्र प्रमुख श्रीमती सुधा चेतवानी ने भी सभी साधिकाओं को सिंहगर्जना आसन एवं हास्य योग कराकर सभी को प्रफुल्लित कर दिया। चेतन शेखर ने भुजंगासन,शलभासन बहुत ही सुन्दर ढंग से कराया ।केपी त्रिपाठी निरंतर अपनी सेवाएं इस नवीन केंद्र के साधक साधिकाओं को दे रहे हैं। केंद्र पर संख्या भी बढ़ रही है ।उपरोक्त सभी बाते अर्चना श्रीवास्तव महिला जिला प्रधान भारतीय योग संस्थान लखीमपुर खीरी द्वारा बताई गई।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई ने मनाया 30वां स्थापना दिवस

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई मिश्रिख जिला सीतापुर द्वारा अध्यक्ष हरिप्रसाद वर्मा के नेतृत्व में 30 वर्ष पूर्ण होने पर 30 वां स्थापना दिवस को सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया सम्मान दिवस को व्यापारी दिवस के रूप में मनाने के लिए सभी पदाधिकारी गण कल्लू राम उदय राम धर्मशाला में एकत्रित होकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव ने व्यापारियों से कहा प्रत्येक माह ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए जिससे व्यापारियों की समस्याओं का भी निस्तारण समय से हो सकेगा उन्होंने कहा व्यापारी सीसीटीवी कैमरे दुकानों में तो लगवाए ही हैं साथ ही एक कैमरा सड़क की ओर जरूर लगाए जिससे सड़क पर आने वाले और दुकान पर आने वाले ग्राहकों की पहचान स्पष्ट हो सके किसी भी समस्या का निस्तारण समय से किया जा सके उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए भी प्रेरणा दी कोतवाल जितेंद्र ओझा में व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा दुकान के सामने खड़े करने वाले बाइक को सही जगह पर खड़ा करें चौकी इंचार्ज रत्नेश त्रिपाठी ने व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पूरा भरोसा दिलाया इससे पूर्व व्यापार मंडल के पदाधिकारी द्वारा वरिष्ठ व्यापारियों को अतिथियों का माल्यार्पण कर शाल ओढ़ाकर उनको सम्मानित किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख में मरीजों वा गरीब असहयों को व्यापार मंडल के द्वारा केला बिस्कुट सेब का वितरण किया गया इस मौके पर मुन्नालाल वैश्य, मणि शंकर गुप्ता, राम किशोर वर्मा, राहुल स्वर्णकार, सोनू सागर,डॉक्टर परि मल कुमार बोस, लक्ष्मीकांत वैश्य, राजीव ओझा, राजीव कुमार , श्री कांत वैश्य, इंद्र प्रकाश वैश्य, कृष्ण पाल वैश्य, नरेंद्र कुमार अग्रहरी, मनीष कुमार, अवधेश कुमार, संदीप कुमार वैश्य, डॉक्टर सागर ,मनोज कुमार गुप्ता राजेश कुमार, वीरेंद्र कुमार गुप्ता ,अमित वैश्य अतुल वैश्य, सुधीर सिंह ,नियामत अली आलोक कुमार मीडिया प्रभारी सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# युवा प्रेस क्लब की अब्बास नकवी की अध्यक्षता में हुई बैठक

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी



**मोहम्मदी-खीरी।** युवा प्रेस क्लब की मासिक बैठक एमबीए मेमोरियल स्कूल में क्लब के अध्यक्ष अब्बास नकवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संगठन को कैसे मजबूत व सक्रिय किया जाए इस पर विस्तृत चर्चा की गयी। अध्यक्ष ने क्लब के सभी पदाधिकारी व सदस्य को बेहतर व साफ-सुथरी पत्रकारिता के लिए आभार व्यक्त किया। क्लब के सदस्य संदीप गुप्ता ने अस्पताल रोड पर पक्की दुकान वालो द्वारा फैलाये गए अतिक्रमण व जलभराव की समस्या को लेकर शीघ्र ही संबंधित अधिकारी से वार्ता कर निस्तारण की बात कही गयी।वही क्लब की लगातार तीन बैठक में ना आने पर दो सदस्यों को निष्काषित भी किया गया। इस मौके पर संरक्षक जेड खान महामंत्री आकाश सैनी, कोषाध्यक्ष देवरंजन मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इरफान अहमद, उपाध्यक्ष शावेज खान रवी उल्ला खा व सदस्य के रूप मे उपस्थित रहे उत्कर्ष शुक्ला अरुण राठौर मोहम्मद हसन नकवी एडवोकेट फरीद खान मौजूद रहे।

# मनरेगा योजना में भूत प्रेत द्वारा हो रहा निर्माण कार्य

- मटेरियल पे हो गया लाखों का भुगतान, मजदूरी, मिस्त्री शून्य

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




जनपद के परसेंडी ब्लाक की ग्राम पंचायत मूसेपुर में अंत्येष्टि स्थल, बाउंड्री वाल , पार्क व हाट बाजार का निर्माण कार्य भूतों या नंई मशीन से निर्माण कराया गया जिससे एक भी मनरेगा श्रमिकों और मनरेगा मिस्त्री का भुगतान नहीं और मटेरियल भुगतान 54 लाख 7681 रूपयों का भुगतान किया गया मनरेगा शासनादेश के विपरीत भुगतान माना जाये या जानबूझ कर नये तकनीक का प्रयोग किया गया है यह जांच में सिद्ध होगा लेकिन मटेरियल भुगतान से कार्य कराया गया और भुगतान किया गया तो मनरेगा श्रमिकों के द्वारा या कार्य नहीं किया गया या जानबूझ कर भुगतान नहीं किया गया लेकिन मनरेगा मिस्त्री के बगैर मटेरियल गया तो कहा अगर कार्य कराया गया तो मटेरियल के पहले मिस्त्री का भुगतान अनिवार्य था तो मटेरियल का भुगतान हुआ कैसे अब सवाल यह है कि मनरेगा शासनादेश क्या अन्य विकास खण्डों पर लागू होता और परसेन्डी के ग्राम पंचायत मूसेपुर में मनरेगा शासनादेश लागूं नहीं होता अगर लागूं होता तो भुगतान नहीं किया गया होता अब तक मनरेगा श्रमिकों की योजना बनाई गई थी लेकिन अब मनरेगा में भूत प्रेत मनरेगा श्रमिकों और मनरेगा मिस्त्री का कार्य करने लगे हैं देखना है जिला प्रशासन मनरेगा श्रमिकों को कार्य दिला पातीं या आगे भी भूत प्रेत मनरेगा योजना कार्य करेंगे।

# डिप्टी सीएम ने पूर्व विधायक रामनरेश रावत की प्रतिमा का किया अनावरण

* अब जम्मू कश्मीर के हर घर में फहराया जा रहा तिरंगा
* पूर्व विधायक द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कार्य दर्शनीय



**जन एक्सप्रेस। मसौली बाराबंकी**

जीवन में महानता का मानक केवल नीचे से ऊपर जाना नहीं होता है। कोई व्यक्ति जब शून्य से शिखर की यात्रा को अपने पुरुषार्थ और परिश्रम से प्राप्त करता है। तो वह महानता के मानक तय करता है। रामनरेश रावत की जीवन यात्रा शून्य से शिखर तक की है। जिन्होंने शिक्षक,एम एल सी व एक विधायक के रूप में जीवनपर्यंत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विकास की लाइन को आगे बढ़ाने का काम किया। उक्त विचार रविवार को इंडियन पासी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक रामनरेश रावत की प्रथम पुण्यतिथि पर पारिजात संस्थान सफदरगंज मे स्वर्गीय राम नरेश रावत की मूर्ति अनावरण के पश्चात श्रद्धांजलि समारोह को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशवप्रसाद मौर्य ने कही। वह बोले कि एक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने अपनी जो राजनीतिक यात्रा प्रारम्भ की थी। वही सज्जनता और सादगी जीवन पर्यंत उनमें दिखाई पड़ती रही।पारिजात धाम के साथ उनका लंबा जुड़ाव रहा है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र मे जो कार्य करके दिखाया है। वह दर्शनीय है,क्योकि समाज में परिवर्तन का माध्यम शिक्षा ही बन सकती है।

पूर्ववती सरकारों मे स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों एव शैक्षिक संस्थानों पर तिरंगा फहराने का अधिकार था। मोदी सरकार ने हर घर तिरंगा फहराने का अधिकार दिया, जिसके आप सभी लोग साक्षी है। जम्मू कश्मीर मे धारा 370 व 35 ए को समाप्त किया और अब जम्मू कश्मीर में भी हर घर तिरंगा फहराया जाता है। राममंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए श्री मौर्य ने कहा कि यदि मोदी जी की सरकार न होती तो क्या राममंदिर का निर्माण हो सकता था. बाराबंकी जनपद को अयोध्या नगरी का द्वार कहा जाता है। हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास पर विश्वास करती है। लेकिन अन्य विपक्षी दलों के नेता सबका का साथ चाचा भतीजा का विकास करते है। मोदी सरकार ने गावों से लेकर ससंद तक एक साथ चुनाव कराना चाहती है। लेकिन विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे है। एक साथ चुनाव होने पर धन बचेगा। जिससे विकास की गति बढ़ेगी। यहां बारी-बारी कर श्रद्धांजलि समारोह में सदन के उपनेता विद्यासागर सोनकर, राज्यमंत्री सुरेश राही, भाजपा जिलाध्यक्ष शंशांक कुशमेश, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एम एल सी अंगद सिंह, पूर्व विधायक बैजनाथ रावत, शरद अवस्थी, शिवकरण सिंह, पूर्व विधान परिसद सदस्य हरगोविंद सिंह, इंडियन पासी समाज के राष्ट्रीय महामंत्री लाल बहादुर ठेकेदार, ब्लाक प्रमुख आकाश पाण्डेय, आरती रावत, मंडल अध्यक्ष संजय अवस्थी, केवल प्रसाद वर्मा, राजन बक्सोर, नितिन मौर्य, राजकुमार सोनी, शशि गुप्ता, पारिजात युवक समिति के महामंत्री जगतजीत सिंह, इंडियन पासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष राम सहाय रावत ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## महिला लघु उद्योग केंद्र का लिया जायजा

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम पंचायत प्यारेपुर सरैया मे उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित अन्नप्राशन प्रेरणा महिला लघु उद्योग केंद्र का जायजा लिया। साथ ही उद्योग केंद्र में 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चो के लिए बनने वाली रेशपी व 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चो सहित गर्भवती एव धात्री महिलाओ के लिए आटा वेशन हलुआ, बर्फी व मुंग दाल खिचड़ी व कुपोषित बच्चो के लिए ऊर्जा युक्त हलुआ आदि सामग्री का जायजा लिया।आगे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उद्योग केंद्र को सौर ऊर्जा से संचालित कराने का आश्वासन दिया तथा समूह की महिलाओ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि महिलाओ के सशक्तीकरण का बेहतर प्रयास देखने को मिला है।आज महिलाए किसी भी मायने मे पुरुषो से पीछे नही है। इस मौक़े पर परियोजना निदेशक मनीष कुमार, एन आर एल एम उपायुक्त बी के मोहन, खंड विकास अधिकारी डा संस्कृता मिश्रा, बी एम एम जितेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## गमगीन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का उत्साह

पूर्व विधायक रामनरेश रावत के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सुबह से उमड़ी समर्थको एव शुभचिंतको में गजब का उत्साह देखा गया। जय श्री राम भारतमाता की जय एव शंखनाद कर कार्यकर्ताओ ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जोरदार स्वागत किया। यहां डिप्टी सीएम के भाषण के दौरान कार्यकर्ताओ ने शंखनाद कर भाजपा को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## शिक्षामित्रों ने सांसद को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की बाराबंकी इकाई ने जोरदार प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री संबोधित छह मांग पत्रों का एक ज्ञापन रविवार को सांसद उपेंद्र सिंह रावत को सौंपा है। शिक्षामित्र संघ की तरफ से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि नियमावली में संशोधन कर शिक्षामित्रों की योग्यता पूर्ण कराकर उन्हें पुन: समायोजित किया जाए। समायोजन प्रक्रिया पूर्ण होने तक 12 माह 62 वर्ष की सेवा सुरक्षित करते हुए सम्मानजनक वेतनमान दिया जाए।

## विद्युत लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** थाना दरियाबाद अंतर्गत एक 18 वर्षीय युवक की हाई वोल्टेज विद्युत लाइन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना दरियाबाद के गोपालपुर निवासी नौमीलाल के घर रविवार को छत ढलाई का कार्य हो रहा था। इसी बीच नौमीलाल 18 वर्षीय पुत्र सचिन अचानक से घर के सामने से गुजरी हाई वोल्टेज विद्युत लाइन की चपेट में आकर मरणासन्न हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## एसडीएम ने शराब की दुकानों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/रामसनेहीघाट-बाराबंकी।** एसडीएम रामसनेहीघाट ने रविवार को कोटवा सड़क के निकट सोहिलपुर व बहादुरगंज स्थित शराब की दुकानों का निरीक्षण कर यहां आसपास फैली गंदगी पर नाराजगी जताई। साथ ही निर्देश दिए कि सभी शराब विक्रेता अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे।रविवार को आर एस वर्मा ने सर्वप्रथम सोहेल पर स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अभिलेखों में ओवर राइटिंग देखकर नाराजगी जताई। और इसकी पुनरावृत्ति ना करने के निर्देश दिए। आगे उन्होंने क्षेत्र की बीयर व देसी शराब की दुकानों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने शराब की दुकानों के आसपास फैली गंदगी देखकर नाराजगी जताई और उसे तत्काल सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

# पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क, ग्रामीणों के लिए बनी मुसीबत



**जन एक्सप्रेस। रामसनेहीघाट-बाराबंकी**

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल- हर घर जल के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर पानी की टंकी बनवाने एवं पाइपलाइन बिछाकर जलापूर्ति करने की योजना कब मुर्त रूप लेगी, यह तो भविष्य के गर्भ में है। लेकिन मौजूदा समय मे पाइपलाइन बिछाने के नाम पर खोदी गई सड़कों से गांव की स्थिति बहुत दयनीय हो गई है। बारिश के दौरान इन सड़कों से गुजरना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। एक साल पहले से शुरू हुए इस कार्य में अभी तक ठेकेदारों द्वारा एक भी पंचायत में कार्य पूरा नही किया जा सका है। लेकिन पाइपलाइन बिछाने के नाम पर गांव की सारी सड़के खोद दी गई है। जिसके चलते लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। योजना के तहत गांव-गांव में पानी टंकी का निर्माण से लेकर पाइप लाइन विस्तार के साथ सभी घरों मे नल जल का कनेक्शन किया जाना है। लेकिन विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से निर्माण कार्य में लेटलतीफी, स्तरहीन सामग्री का इस्तेमाल और घटिया निर्माण का खेल चल रहा है। आलम यह है कि गांव के सभी रास्तों को चाहे सी सी रोड हो खड़ंजा या इंटरलॉकिंग यहां तक डामर रोड तक को भी खोद कर पाइप डाल दिया गया है लेकिन कार्यदाई संस्था के जिम्मेदार कर्मचारियों एवं विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से खोदे गए रास्तो को दुरुस्त नही किया जा रहा है, जिससे लोगो को जहाँ आने जाने में दिक्कते हो रही है वही तमाम लोग गिरकर चोटिल भी हो रहे है। इस सम्बंध में खंड विकास अधिकारी विनय मिश्र ने बताया कि कार्यदाई संस्था के इस्टीमेट में मेंटिनेंस का भी बजट सामिल है, पाइप लाइन डालने के बाद टेस्टिंग करके रास्तो को संबंधित फर्म द्वारा सही कराया जाएगा। मामले से संबंधित शिकायते मिल रही है जल्द ही कार्यदाई संस्था को पत्र भेजकर कार्यवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा।

## सड़क पर मिले वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में स्टेशन पर अचेत अवस्था में पड़े वृद्ध को राहगीरों ने जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी कालीचरण 80 वर्ष शनिवार को अचेतावस्था में स्टेशन रोड पर मिले थे। जिन्हें राहगीरों ने जिला अस्पताल पहुंचाया था, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने शव को शवग्रह में रखवा कर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और परिजनों को घटना की जानकारी दी। वही मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वह रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। जिससे वह घर पर नहीं रुकते थे। मना करने के बाद भी घर से निकल जाते थे।

# अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से राख का ढेर बनी यज्ञशाला



**जन एक्सप्रेस। कालपी**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंगरोल में मंदिर के समीप बनी प्राचीन यज्ञशाला में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिससे वह पूरी तरह जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गई।

कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंगरोल में मंदिर के समीप प्राचीन यज्ञशाला बनी हुई है। जहां पर लोग दर्शन करने के बाद यज्ञशाला की परिक्रमा लगाने जाते हैं। शनिवार रात को जब ग्रामीण मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे थे, उसी दौरान यज्ञशाला में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दर्शन करने पहुंचे लोगों में अफरा तफरी मच गई और वह दहशत में आ गए।

घटना के बाद वहां हड़कंप मचते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने आसपास से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग का विक्राल रूप देख ग्रामीणों ने दमकल कर्मियों को सूचना दी। सूचना पर पहुंच दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

लेकिन तब तक यज्ञशाला पूरी तरीके से जलकर खाक हो चुकी थी। यज्ञशाला में आग कैसे लगी, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका। फिलहाल इस मामले की दमकल कर्मियों द्वारा जांच की जा रही है।

## लश्कर एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री की संदिग्ध हालत में मौत

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** लश्कर एक्सप्रेस में यात्री की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त होने के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मजीठ निवासी महेश पाठक पूना महाराष्ट्र में रहकर अपना काम धंधा करता था। जब वह पूना से वापस घर आ रहा था तभी रास्ते में उसकी लश्कर एक्सप्रेस में संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मौत किन कारणों से हुई यह स्पष्ट नहीं हो पाया। दिवंगत महेश लश्कर एक्सप्रेस के जिस डिब्बे में सफर कर रहा था, उसी डिब्बे के शौचालय में उनका शव बरामद हुआ। घटना की सूचना जीआरपी थाना झांसी को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और शिनाख्त होने के बाद घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि वह अविवाहित था और शराब का सेवन भी किया करता था। ग्राम प्रधान मंजीत सिंह ने बताया कि दिवंगत अधिकांश पूना में ही रहता था, यदा कदा ही गांव आता था। फिलहाल उसके शव का गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

# सड़क के गड्ढों से परेशान लोगों को थानाध्यक्ष ने दिलाई निजात, सड़क की कराई मरम्मत

**जन एक्सप्रेस। सिरसा कलार**



कस्बा में सड़क के गड्ढों की वजह से राहगीरों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा था। लोग अक्सर सड़क पर गिरकर चुटियाल हो जाते थे। इतना ही नहीं स्कूल आते जाते बच्चे भी अक्सर चुटहिल हो जाते थे। ग्रामीणों इस मामले की शिकायत कई बार जिम्मेदारों से की लेकिन उनकी कान पर जूं भी नहीं रेंगा। अंत में लोगों को भारी समस्या का सामना करते देख थाना प्रभारी ने लोगों को इस समस्या से निजात दिलाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने अपने खर्चे से जेसीबी मंगाई और पूरे रास्ते को दुरुस्त कराया। तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

सिरसा कलार कस्बे में सड़क पर बड़े बड़े गड्ढों हो गए थे, जिनमें पानी भर जाता था। लोगों को यह तक पता नहीं चलता था कि कहां गड्ढा और कहां सड़क है। जिससे चलते उस रास्ते से गुजरने वाले ग्रामीणों को भारी मुसीबतों का सामना कर पड़ रहा था। यहां से गुजरने वाले अक्सर गिरकर ग्रामीणों को भारी मुसीबतों का सामना कर पड़ रहा था।

यहां से गुजरने वाले अक्सर गिरकर चुटियाल हो जाते थे। हांलाकि कस्बे की सड़क का निर्माण लगभग एक वर्ष पहले ही हुआ था। ग्रामीण कुंदन सोनी, गंगाराम कुशवाहा, छोटू अंडा, मनीष, दिलीप, मोनू भास्कर, संजीव, रामकुमार ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व जोल्हूपुर मोड़ से मदारीपुर तक 35 किलोमीटर तक किया गया था।लेकिन सड़क में सही मानक न डालने से वह 15 दिन भी न टिकी पूरे 35 किलोमीटर में एक किलोमीटर भी ऐसी जगह नहीं है। जिसमे गड्ढे न हो सरकार का सारा पैसा ठेकेदार चट कर गए। यहां तक कि सिरसा कलार में दो दिन सोमवार और शुक्रवार बाजार लगता है। जिसमें लगभग 60 गांव के लोग सामान लेने आते हैं। ग्रामीणों ने कई बार पीडब्लूडी व संबंधित विभाग को लिखित शिकायत की, लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ। ग्रामीणों को पेरशान होता देख थानाध्यक्ष दिनेश कुरील ने ग्रामीणों को इस समस्या से निजाद दिलाने की ठानी। उन्होंने अपने खर्च से जेसीबी मंगवाकर मेन चौराहे की सड़क पर गिट्टी डलवा कर दुरस्त कराई। अब ग्रामीणों को इसी सड़क से गुजरने में बेहद आसानी हो रही है।

## कोतवाली का होगा सुंदरीकरण, बनेगा विशाल पार्क व गेट

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली के सुंदरीकरण कार्य में विशाल मेन गेट, पेयजल के लिए हैंडपंप तथा पार्क का विस्तार जन सहयोग से कराए जाने की योजना तैयार की गई है। अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो जल्द ही कोतवाली का सुंदर स्वरूप देखने को मिलेगा। मालूम हो कि कोतवाली भवन में कोई मुख्य द्वार नहीं बना है। जिस वजह से परिसर में अन्ना जानवर व अनाधिकृत व्यक्ति घूमते रहते हैं। अन्ना जानवरों के घूमने की वजह से पार्क में लगे वृक्ष एवं पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचता है। इसी प्रकार पेयजल के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार सिंह राठौर व एडिशनल इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ, उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने घूम-घूमकर कोतवाली परिसर का अवलोकन किया। पुलिस अधिकारियों ने योजना बनाई है कि जन सहयोग से 10 फीट ऊंचा एवं 12 फीट लंबा कोतवाली का मुख्य द्वार गेट जन सहयोग से तैयार कराया जाए। इसी प्रकार पानी के लिए हैंडपंप एवं पानी की टंकी स्थापित कराई जाएगी। इसके अलावा परिसर में बने पार्क को उपयोगी बनाने के लिए पौधे लगाए जाएगे। इसके अलावा फरियादियों के बैठने के लिए टीन सेट एवं कुर्सियां स्थापित कराई जाएगी। इस व्यवस्था से कोतवाली का कंपाउंड सुंदर लगने लगेगा तथा आने वाली जनता को भी सुविधा प्रदान होने लगेगी। इसके लिए गणमान्य नागरिकों से सहयोग लेकर कार्य पूरा करा दिया जाएगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र में ग्राम बिरगुवां के समीप रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एट थाना क्षेत्र के ग्राम बिरगुवां निवासी वृद्ध किसान रामपाल वर्मा 57 रविवार की सुबह अज्ञात कारणों के चलते झांसी कानपुर रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौत हो गई। रेलवे लाइन पर शव देखकर वहां हड़कंप मच गया। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और सूचना परिजनों को दी। घटना की खबर मिलते ही परिजनों रोते हुए मौके पर पहुंच गए। वहीं परिजनों ने बताया कि मृतक वृद्ध किसान खेती किसानी करते थे। जबकि मृतक के दो पुत्र हैं, जो बाहर रहकर काम धंधा करते हैं। वह पत्नी के साथ गांव में रहते थे।

## जिले में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/उरई।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनडी शर्मा ने बताया कि आज जनपद के 30 ग्रामीण तथा 06 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलो का आयोजन किया गया। जिनमें 46 चिकित्सकों तथा 188 पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा चिकित्सीय कार्य किया गया। 708 पुरुषी तथा 603 महिलाओं सहित 1533 रोगियों का परीक्षण किया गया। जिसमें 222 बच्चे भी शामिल थे 40 आयुष्मान कार्ड बनाये गये 08 व्यक्तियों का कोविड एण्टीजन टेस्ट किया गया। 51 रोगियों की मलेरिया कार्ड द्वारा जांच तथा 24 रोगियों की हिपेटाइटिस की जांच की गयी 51 व्यक्तियों की आखों का परीक्षण किया गया।

## महोबा जिलाधिकारी बनाये गये मृदुल चौधरी

**जन एक्सप्रेस। महोबा**



प्रदेश सरकार ने महोबा जनपद सहित आधा दर्जन से अधिक आईएएस अधिकारियो के स्थानांतरण किये हैं। पूर्व मे उपजिलाधिकारी चरखारी रहे मृदुल चौधरी को महोबा जनपद के जिलाधिकारी का पदभार शासन ने सौपा है। मृदुल चौधरी इस समय लखनऊ स्थित ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकरण उत्तर प्रदेश लखनऊ मे अपनी सेवाएं दे रहे थं। मृदुल चौधरी 2014 बैच के आईएएस अधिकारी बताये जा रहे हैं ट्रेनिंग के दौरान महोबा जिले की चरखारी तहसील मे उपजिलाधिकारी के पद पर रह चुके हैं। अभी तक मनोज कुमार महोबा जिलाधिकारी के रूप मे अपनी सेवाएं दे रहे थे। बीती शाम प्रदेश के जनपद आगरा, हमीरपुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, मथुरा, गौतमबुद्धनगर सहित लखनऊ के जिलाधिकारियो के स्थानांतरण किये गये हैं। बीती शाम प्रदेश सरकार द्वारा किये गये स्थानांतरण मे आगरा में अपनी सेवा दे रहे नवनीत सिंह चहल को प्रयागराज जिलाधिकारी बनाया गया है। राहुल पाडेय को हमीरपुर जिलाधिकारी बनाया गया है।

# डग्गामार वाहन ने सब्जी विक्रेता को रौंदा गुस्साए परिजनों ने लगाया जाम

**जन एक्सप्रेस। महोबा**

वेग की गति से दौड़ रही डग्गामार क्रूजर ने सब्जी विक्रेता को रौंदा, सब्जी विक्रेता की मौत से आक्रोशित परिजनो ने लगाया जाम। जाम की सूचना पर पहुँचे पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के अश्वासन पर एक घंटे बाद जाम को खोला गया था। घटनाक्रम मे पता चला है कि जवाहरलाल पुत्र वृन्दावन साहू उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम सुगिरा साईकिल पर सब्जी लेकर ग्राम भरवारा गया था वापिस गांव आते समय महोबा से राठ की ओर जा रही एक डग्गामार क्रूजर ने सब्जी विक्रेता जवाहरलाल को टक्कर मारकर मौत की नींद सुला दिया और क्रूजर लेकर ड्राईवर रफूचक्कर हो लिया। बताया जाता है कि महोबा, कुलपहाड़ पनवाड़ी तथा राठ रोड़ पर सर्वाधिक डग्गामार वाहन सुबह से शाम तक फर्राटा भरते देखे जाते है। ये डग्गामार वाहन प्रायः जनधन की हानि पहुँचा रहे हैं और पुलिस तथा परिवहन विभाग के अधिकारी डग्गामार वाहन स्वामियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के स्थान पर बंधी माहवारी वसूलना अपना कर्तव्य समझते है। यही कारण है कि बेखौफ सुबह से शाम तक डग्गामार वाहन फर्राटा भरते देखे जाते है। कीरत सागर के तट पर चल रहे कजली मेले को देखने के लिए ग्रामीण अंचलो से लोग आ जा रहे है। डग्गामार वाहन अधिक धन कमाने के चक्कर मे सवारियो को शहर लाने और उनके गंतव्य तक छोड़ने के लिए वाहनो को आंधी की चाल भगा रहे है। तेज रफ्तार क्रूजर ने सब्जी विक्रेता को बुरी तरह कुचल डाला है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने मातहतों की ली बैठक, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**जन एक्सप्रेस। महोबा**



अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित सभागार, महोबा में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम मे जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारियों, अभियोजन अधिकारी न्यायालय व कोर्ट मुहर्रिर सहित सम्बन्धित शाखा प्रभारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर अभियान को सफल बनाने हेतु समीक्षा की गयी।

अपर पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि उ0प्र0 शासन की अपराधियों पर जीरों टॉलरेन्स की नीति के अन्तर्गत महिला सम्बन्धी अपराध एवं पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अपराधों को चिन्हित करते हुये प्रचलित मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर सजा कराने और न्यायिक कार्यो को समयबद्ध एवं विधि अनुसार सम्पन्न कराने सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियान ऑपरेशन दृष्टि के तहत सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न चैराहों, महत्वपूर्ण स्थलों व अपराध की दृष्टि से अनूय संवेदनशील, सार्वजनिक स्थानों में सीसीटीवी कैमरों को अधिष्ठापित, व्यवस्थापित किये जाने की समीक्षा की, जिस हेतु चिन्हित संवेदनशील स्थलों पर अच्छी गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाने के निर्देश दिये, इस अभियान से जनपद में होने वाले अपराध को नियंत्रण, अपराध के अनावरण, अराजक, आपराधिक तत्वों पर नियंत्रण इत्यादि में उपयोगी साबित होंगे।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी चरखारी उमेश चन्द्र, अभियोजन अधिकारी कृष्ण पाल सिंह सहित जनपद के समस्त थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में जली कार: बाल-बाल बचे जेलर, टला बड़ा हादसा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** नेशनल हाईवे पर बेलगाम ट्रक ने जेलर की कार में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसमें भीषण आग लग गई। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया, और गनीमत रही कि जेलर ने किसी तरह गाड़ी से निकाल कर अपनी जान बचाई। फिलहाल एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

उरई जिला जेल के जेलर प्रदीप कुमार रविवार सुबह किसी काम के सिलसिले में अपनी कार से झांसी गए हुए थे। बताया गया है कि काम निपटाने के बाद वह शाम को उरई वापस लौट रहे थे। तभी नेशनल हाईवे स्थित मोंठ कस्बे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने जेलर की कार में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जेलर की गाड़ी में आग लग गई, और वह धू-धूकर जलने लगी। गनीमत यह रही कि जेलर ने समय रहते गाड़ी से निकलकर अपनी जान बचाई। जबकि हादसे से हाईवे पर हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। घटना की खबर मिलते ही मोंठ थाना पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तब तक पूरी गाड़ी जलकर स्वाहा हो गई।

# बलरामपुर जिला मुख्यालय आसपास ही बनेगा देवीपाटन विवि : दद्दन मिश्रा

**एयरपोर्ट का होगा विस्तार एक्सप्रेसवे की मिलेगी सौगात**

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर तथा श्रावस्ती के विकास हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी तरह से गंभीर हैं। मुख्यमंत्री ने बलरामपुर तथा श्रावस्ती जनपदों के विकास के लिए कई योजनाओं को लागू करने का भी संकेत अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान दिया है।

पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने 3 सितंबर को प्रेस वार्ता मे जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलराम पूर्व श्रावस्ती जनपदों के विकास हेतु कई योजनाओं को शीघ्र लागू करेंगे। बलरामपुर में विश्वविद्यालय का निर्माण कराए जाने की मांग को पूरा करते हुए निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराए जाने का आश्वासन दिया है, जिसके लिए भूमि अधिग्रहण है धन भी अवमुक्त किया जा चुका है। श्रावस्ती बलरामपुर के मध्य एयरपोर्ट के विस्तारीकरण योजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का निर्माण बलरामपुर जिला मुख्यालय के आसपास होगा जिसके लिए भूमि अधिग्रहण के लिए धन भी अवमुक्त कर दिया गया है।

इसी प्रकार श्रावस्ती एयरपोर्ट के विस्तार हेतु 300 करोड रुपए का धन अवमुक्त किया जा चुका है। गोरखपुर से संभल तक एक्सप्रेस वे निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराए जाने का संकेत भी मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया है। उन्होंने बताया कि बलरामपुर के लिए रिंग रोड का निर्माण कार्य भी शीघ्र शुरू होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने स्वयं गोरखपुर देवीपाटन तथा हरिद्वार के बीच आवागमन को सुलभ बनाने के लिए एक्सप्रेस वे के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री जी ने स्वयं कहा कि एक्सप्रेसवे निर्माण हो जाने से बलरामपुर वासी लगभग 6 घंटे में हरिद्वार पहुंच सकेंगे। एक्सप्रेस-वे के निर्माण का प्रमुख उद्देश्य भी पूर्वांचल को पंजाब सहित दिल्ली व उत्तराखंड से सीधे जोड़ना है। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे गोरखपुर से शुरू होकर सिद्धार्थनगर, देवी पाटन, बलरामपुर, श्रावस्ती तथा बहराइच होते हुए संभल तक जाएगा, जिसको शीघ्र मूर्त रूप दिया जाएगा।

एक सवाल के जवाब में पूर्व सांसद ने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों बलरामपुर के विकास के लिए काफी संवेदनशील हैं। यही कारण है कि आजादी के बाद पहली सबसे अधिक लागत वाली 500 करोड़ की रेल परियोजना इस क्षेत्र के लिए उपलब्ध कराई गई। खलीलाबाद, बस्ती डुमरियागंज, बलरामपुर श्रावस्ती होते हुए बहराइच तक जाने वाली रेल लाइन का भूमि भजन 2019 में किया गया था और अब इसके भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी चालू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि गोंडा बलरामपुर गोरखपुर मीटर गेज लाइन को ब्रॉड गेज मे बदलने का कार्य भी केंद्र की मोदी सरकार ने तीव्र गति से कराया था। देश के कई हिस्सों के लिए रेलगाड़ियों का संचालन भी कराया गया, परंतु दुर्भाग्य बस 2019 में भाजपा का सांसद न होने के कारण विकास की गति में ब्रेक सी लगी है। इसके बावजूद भी उन्होंने स्वयं अपने स्तर से रेल मंत्री व सड़क परिवहन मंत्री से मिलकर श्रावस्ती और बलरामपुर जनपदों के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग तथा नई रेल गाड़ियों के संचालन हेतु लगातार मांग किया है, जिसका परिणाम सकारात्मक जवाब के रूप में प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि 2024 में पुनः मोदी जी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद अधूरी पड़ी सारी योजनाएं पूर्ण होगी और एक ने के रूप में दोनों जनपद निखर कर सामने आएंगे। वार्ता के दौरान पूर्व सांसद के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी डीप सिंह बैस, नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता व उपाध्यक्ष वरुण सिंह मोनू सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पीस कमेटी की बैठक में त्योहार को सकुशल संपन्न कराने की अपील की गई



जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई बलरामपुर

स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगामी त्यौहारों को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अभय सिंह व क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह ने किया। त्योहार को सकुशल संपन्न बनाने के लिए सभी को हिदायत दी गई। त्योहार आपसी भाईचारे का होता है। किसी ने भी खलल डाला तो कार्रवाई तय है। महाराजगंज थाना परिसर में आगामी त्यौहार कजरी तीज, जन्माष्टमी, गणेश पूजन महोत्सव को लेकर बैठक की गई। जिसमें तुलसीपुर एसडीएम अभय सिंह ने बताया कि सभी त्यौहार भाईचारे का होता है सभी लोग मिलजुल कर मनाएं। अगर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाई गई तो उसके विरुद्ध कार्रवाई तय है। अफवाहों से सोशल मीडिया से लोग दूर रहे। सीओ राधा रमन सिंह ने सभी लोगों को त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की हिदायत दी। किसी भी प्रकार का कोई भी त्यौहार में व्यवधान पहुंचता है तो तत्काल सूचना दें। उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने त्योहार की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था व अन्य बिंदुओं पर सम्भ्रांत व्यक्तियों से सुझाव भी लिए। त्योहारों के संबंध में शासन के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया व आपसी भाईचारा शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण रखते हुए त्यौहार मनाने की अपील की गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान जगदंबा मिश्रा गणेश सोनी मंगल देव सिंह सलाहुद्दीन प्रधान मोवीन देव नारायण वर्मा कलाम मौजूद रहे।

# चारित्रिक दोष के संदेह पर पति ने पत्नी को गला दबाकर मार डाला

जन एक्सप्रेस । बहराइच

**रविवार की सुबह थाने पहुंचकर किया सरेंडर**

शहर के थाना दरगाह क्षेत्र के मोहल्ला सालार गंज निवासी एक महिला की उसके पति ने कथित तौर चरित्र में संदेह होने के चलते बेरहमी से हत्या कर दी। घटना का पता रविवार की सुबह तब चला जब इसकी सूचना हत्यारोपी पति ने खुद दरगाह थाने पहुंचकर दी। इसके बाद पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया। मृतका के मां की तहरीर के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

शहर के मोहल्ला सलार गंज के घोसियारी मस्जिद के निकट रहने वाली रेशमा (32) शनिवार की रात अपनी बेटी और बेटे के साथ सो रही थी, तभी आधी रात को उसका पति आसिफ कमरे में घुस आया। उसने अपने बच्चों को कमरे से बाहर जाने के लिए कहा और जैसे ही वे बाहर निकले, उसने अपनी पत्नी के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। हमले से रेशमा बेहोश हो गई और उसके पति ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इस भयावह घटना को देखकर बच्चे रोने लगे। रविवार सुबह पति दरगाह थाने पहुंचा और पत्नी की हत्या की बात कबूल कर ली। पुलिस ने उसी वक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पति ने अपनी पत्नी को मोबाइल फोन पर किसी से बात करते देख लिया था। जिसके बाद उसने शक में उसकी हत्या कर दी। मृतक महिला की मां के बयान के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। मृतक महिला के छह साल के बेटे ने बताया कि उसके पिता ने उन्हें नाश्ता लाने के बहाने घर से बाहर भेजने की कोशिश की थी, लेकिन वे सभी बाहर नही गए। इसके बाद देर रात रेशमा के साथ फिर मारपीट की गई। पति ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और फिर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले में संशोधन को लेकर बीएड अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**ज्ञापन सौंप कर सरकार से न्यायालय के फैसले को अध्यादेश के जरिए बदलने का अनुरोध**

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर मे अखिल भारतीय बीएड न्याय समिति के नेतृत्व में बीएड अभ्यर्थियों ने रविवार को प्राइमरी शिक्षक में बहाली हेतु रैली और धरना प्रदर्शन किया । प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने एम एल के पी जी कॉलेज से रैली का आयोजन किया जिसमें मांग की गई कि केंद्र सरकार तत्काल प्रभाव से एक अध्यादेश जारी करे और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पिछले महीने आए निर्णय को बदले। जानकारी के अनुसार 3 सितंबर को अखिल भारतीय बीएड न्याय समिति के नेतृत्व में बीएड अभ्यर्थियों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया।

बीएड अभ्यर्थियों ने जोर देकर कहा कि हमारे साथ अन्याय हुआ है क्योंकि हम सभी अगर जनता द्वारा चयनित स्वतंत्र और संप्रभु सरकार द्वारा जारी गजट नोटिफिकेशन की बात न मानें तो क्या करे ? इन अभ्यर्थियों ने कहा कि हमने नैक द्वारा मान्यता प्राप्त कॉलेजों से बी एड किया है न कि किसी अवैध कॉलेज से। अपने प्रदर्शन के दौरान इन अभ्यर्थियों ने कहा कि इन बहनों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के महत्त्वाकांक्षी बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के तहत बी एड की पढ़ाई करके कोई अपराध तो नहीं किया है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पिछले महीने के 11 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय ने 28 जून, 2018 को नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन द्वारा जारी इस गजट नोटिफिकेशन को रद्द कर दिया था जिसमें बी एड अभ्यर्थियों को भी प्राइमरी शिक्षक हेतु पात्र माना था, शर्त यह थी कि चयनित अभ्यर्थियों को 6 माह का ब्रिज कोर्स करने की बात कही गई थी।

धरना प्रदर्शन में बैनर, तिरंगा झंडा और प्लेकार्ड्स के द्वारा संकेतात्मक प्रदर्शन किया गया। इन अभ्यर्थियों ने आज की रैली के उपरांत एकता बनाकर आन्दोलन को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की बात दोहराई। इस रैली में हरि ओम पांडेय, श्रीधर मिश्र, दीपक पाण्डेय, प्रशांत सिंह, तरुण कुमार, कृष्ण कुमार, शिवपाल, विशाल कुमार, अंकुर तिवारी, रितेश, अनुषा सहित सैकड़ों बी एड अभ्यर्थियों ने लाखों अभ्यर्थियों की आवाज बनकर प्रतिभाग किया।

# परिवार परामर्श केंद्र ने दो दंपतियों की कराई विदाई, दो में सुलह कराया समझौता

जन एक्सप्रेस । बहराइच



पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पर पारिवारिक विवाद के मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान दो मामलों में महिला पुरुष के बीच समझौता करा कर विदाई कराई गई जबकि दो मामलों में सुलह समझौता करा कर अगली तारीख पर बुलाया गया है।

परिवार परामर्श केंद्र के काउंसलर फहीम किदवई,सर्वजीत सिंह, डीपी सिंह, अजय शर्मा, अनुराधा श्रीवास्तव, रंजना उपाध्याय व महिला प्रभारी निरीक्षक शीला यादव, महिला आरक्षी निशा सिंह, महिला आरक्षी पूर्णिमा, महिला आरक्षी निहारिका व अन्य परामर्शदाताओं की उपस्थिति में पारिवारिक मामलों में सुलाह-समझौते का प्रयास किया गया। महिला थाना प्रभारी शीला यादव ने बताया कि उनके समक्ष काफी ऐसी शिकायत थाने पर एवं उच्च अधिकारियों से प्राप्त होती हैं। जिनमें पति-पत्नी में घरेलू कलह होने कारण मुकदमें शुरू हो जाते हैं। पति एवं अन्य ससुरालीजनों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। परिवारों में विघटन न हो इस कारण से परामर्शदाताओं का सहयोग लेकर प्रत्येक रविवार को थाना परिसर में पक्षकारो के मध्य समझौता कराया जाता है। महिला थाना प्रभारी शीला यादव व टीम ने 02 परिवार को बिखरने से बचाया गया और उनकी साथ-साथ विदाई करायी गयी। 02 प्रकरण में सुलह समझौता कराया गया। जिन पति-पत्नी की विदाई करायी गयी। उनको भी अगले रविवार को कुशलक्षेम पूछने के लिए पुनः बुलाया गया है। जिससे सुलह की स्थिति से अवगत करा सकें। इस तरह से सुलह कराने से परिवारों को बिखरने से बचाने के लिए किये जा रहे।

## तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने लगाया पिंजरा

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत कतर्नियाघाट वन क्षेत्र के नवीनपुरवा मटेही गांव में शनिवार को सुबह गांव निवासी महिला इंदू देवी पर तेंदुए ने हमला कर दिया था। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिला अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। वहीं गांव के आसपास तेंदुए के मौजूदगी से ग्रामीण दहशत में है। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। कतर्निया घाट वन्य जीव क्षेत्र के नवीन पूरवा मातेही गांव निवासी एक महिला पर तेंदुए ने उस समय हमला कर दिया था जब वह घर के बाहर सफाई कर रही थी। तेंदुए के हमले के बाद ग्रामीणों में खासी दहशत है ग्रामीणों का मानना है कि तेंदुआ अभी भी गांव के आसपास ही मौजूद है। ग्रामीणों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग के अधिकारियों से मांग की थी। घटना के बाद डीएफओ कतर्नियाघाट आकाशदीप बधावन ने घटनास्थल का जायजा लेकर ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर घटनास्थल के पास तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगवाया है। डीएफओ के निर्देश पर डब्ल्यू डब्ल्यू एफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हशन ने फील्ड सहायक मंसूर अली के साथ गांव में घटनास्थल व उसके आसपास तेंदुए पर निगरानी के लिए 6 थर्मोसेन्सर कैमरे व 5 फॉक्स लाइट लगाई हैं।डीएफओ के निर्देश पर वन कर्मियों की एक टीम गांव में तैनात की गई है। टीम लगातार गश्त कर रही है। घटना के बाद सहमे ग्रामीणों ने पिंजरा लगाए जाने के बाद राहत की सांस ली है।

## ई रिक्शा की टक्कर से दो महिलाओं समेत चार घायल

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** रूपईडीहा थाना क्षेत्र के बाबागंज नानपारा मार्ग पर ई रिक्शा चालक ने सड़क पर जा रही दो महिला और दो बच्चों को टक्कर मार दी। जिससे चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बाबागंज पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। दो की हालत नाजुक बनी है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार दो महिलाएं और दो बच्चे अफजल धर्म कांटा के सामने से अपने घर जा रहे थे। तभी नशे में धुत एक ई रिक्शा चालक तेजी से निकाला और इन चारों को टक्कर मार दी जिससे सभी सड़क पर गिर गए। चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी बाबागंज चौकी पुलिस को हुई जिस पर पुलिस ने सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है दुर्घटना कर भाग रहे ई रिक्शा चालक को स्थानीय लोगों ने पदकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। एक महिला की हालत गंभीर बताई जाती है।

## ससुराल गए युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** पयागपुर थाना क्षेत्र की ग्रामपंचायत शिवदहा के मजरा बरगदही निवासी एक व्यक्ति अपनी पत्नी को छोड़ने शनिवार की दोपहर ससुराल गया था। जहां पर संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। इसके बाद ससुराल के लोग उसका शव लेकर गांव पहुंचे। इस पर परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए थाने पर तहरीर दी हैं। पयागपुर थाना क्षेत्र के बरगद गांव निवासी नत्थू राम तिवारी पुत्र स्व रघुराज शनिवार को अपनी पत्नी मुस्कान उर्फ़ शशि को ससुराल गोविंद पुर कटघरा में छोड़ने गया था। लेकिन संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी वहीं पर मौत हो गई। जहां से रात्रि 3-30 बजे जब शव को लेकर सास राजेश्वरी देवी पत्नी चन्द्र प्रकाश तिवारी उर्फ गुड्डू निवासी गोविंद पुर कटघरा जनपद श्रावस्ती, राजन एवं मृतक की पत्नी मुस्कान उर्फ शशी जब बरगदही शिवदहा पहुंची। परिजनों में शव देखने के बाद कोहराम मच गया सभी रोने बिलखने लगे। परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के चाचा मुरारी की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सरकार वायदा करने के बाद भी फ्री बिजली नहीं दे रही है, गन्ना मूल्य नहीं बढ़ा रही है : गौरव टिकैत

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



किसानों के समस्याओं के समाधान हेतु तथा स्वाभिमान व सम्मान से जीने के लिए एकजुट होकर भारतीय किसान यूनियन को मजबूत करना होगा और ताकत का प्रदर्शन करते हुए सरकार पर दबाव बनाना होगा। उक्त उद्गार भारतीय किसान यूनियन के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गौरव टिकैत ने सर्किट हाउस में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, गौरव टिकैत ने किसने का आवाहन किया कि गन्ना मूल्य बढ़ाने के लिए, फ्री बिजली हेतु, छुट्टा जानवरों से निजात पाने के लिए, ट्रैक्टर को एनजीटी से बाहर रखने के लिए 18 सितंबर 2023 को इको गार्डन लखनऊ में आयोजित किसान मजदूर महापंचायत में भारी संख्या में पहुंचना होगा।

श्री टिकैत ने कहा कि सरकार वायदा करने के बाद भी फ्री बिजली नहीं दे रही है, गन्ना मूल्य नहीं बढ़ा रही है, और अरबों रुपए चीनी मिलों पर बकाया है जिसका भुगतान नहीं कर रही है, छुट्टा जानवरों से खेती को बचाने हेतु कोई कदम नहीं उठा रही है, एक सवाल के जवाब में गौरव टिकैत ने कहा कि 2024 में किसान चाहता है कि सरकार फसलों के लाभकारी मूल्य देवे, एम.एस.पी. गारंटी कानून बनाएं, किसानों के कर्ज माफ करें।

गौरव टिकैत मंडल के एक-एक ब्लॉक अध्यक्षों से 18 सितंबर को लखनऊ की किसान महापंचायत में कितने कार्यकर्ताओं के साथ कैसे पहुंचेंगे जानकारी लिया और भारी संख्या में पहुंचने के लिए टिप्स भी दिए। कार्यक्रम में बलराम सिंह लंबरदार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, घनश्याम वर्मा राष्ट्रीय महासचिव, अनुज सिंह युवा प्रदेश अध्यक्ष, शालिकराम यादव मध्यांचल जॉन अध्यक्ष, रामकिशोर पटेल, अनिल वर्मा, राम गणेश मौर्य, विनय वर्मा, अवधेश मौर्य, विशाल मौर्य, अभयराज ब्रह्मचारी, आलोक वर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भारतीय किसान यूनियन जनपद अयोध्या की तरफ से सभी पदाधिकारी को माला पहनकर तथा अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने गौरव टिकैत को भारतीय संविधान की पुस्तक भेंट किया।

# स्वच्छ भारत मिशन में अयोध्या नंबर वन बने : अभिषेक सावंत

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या** के निवासी और अयोध्या से रामेश्वरम के साइकिल यात्री रामानुगामी अभिषेक सावंत अब एक नयी यात्रा पर है। यात्रा का उद्देश्य अयोध्या को स्वच्छ भारत मिशन में पहले स्थान पर ले जाना है। केंद्र और प्रदेश की सरकार के प्रयास से उपेक्षित रही अयोध्या अब विश्व में पर्यटन के क्षेत्र में अपनी अलख जगाने की ओर अग्रसर है। पर्यावरण के बिना पर्यटन की परिकल्पना अधूरी है। स्वच्छ शहर-स्वस्थ शहर होने से देश विदेश से पर्यटकों का आकर्षण बढ़ता है।

प्रदूषण मुक्त अयोध्या अभियान के तहत अभिषेक सावंत अयोध्या को स्वच्छ और स्वस्थ शहर बनाने का मॉडल तैयार कर रहे है। इसी कड़ी में लखनऊ अयोध्या मार्ग सहादतगंज चौराहे पर शहीद रामप्रसाद यादव स्मृति उपवन से प्रदुषण मुक्त अयोध्या अभियान की शुरुवात करेंगे। 7 सितम्बर 2023 को प्रातः 7 बजे उपवन की साफ़ सफाई के साथ शहर को स्वच्छता का सन्देश देंगे। अभिषेक सावंत कहते है कि बटरफ्लाई गार्डन से मशहूर शहीद रामप्रसाद उपवन इस समय उपेक्षा का शिकार है। सहादतगंज से अयोध्या कैंट शहर और राम की पैड़ी को जोड़ता यह चौराहा आवागमन का व्यस्ततम चौराहा है।

# सपा का जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में साइकिल यात्रा का कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने अयोध्या जनपद में सभी विधानसभाओं में साइकिल यात्रा का कार्यक्रम बनाया है। जिसका नेतृत्व समाजवादी लोहिया वहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव द्वारा किया जा रहा है। सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार समाजवादी साइकिल यात्रा 4 सितंबर 2023 को जनपद अयोध्या सुल्तानपुर की सीमा पर रात्रि विश्राम करेंगे। 5 सितंबर 2023 को कार्तिकेय गेस्ट हाउस चौरे बाजार सीमा से मंगरी होते हुए गोला बाजार से कोछा बाजार से बल्लीपुर बाजार तक विधानसभा गोसाईगंज के सभी पदाधिकारीगण के साथ विधायक अभय सिंह साइकिल यात्रा के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। बल्लीपुर बाजार से मिल्कीपुर विधानसभा से सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में मिल्कीपुर 5 नंबर कोठी तक साइकिल यात्रा चलकर रात्रि विश्राम करेंगे 6 सितंबर 2023 को पांच नंबर पर राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक के आवास से मिल्कीपुर होते हुए विधानसभा रुदौली के लिए अमानीगंज होते हुए पहुंचेगे। रुदौली में पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव एवं जिला उपाध्यक्ष अनित शुक्ला जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अली, रुदौली चेयरमैन जब्बार अली, मोहम्मद आरिफ डॉक्टर पुष्कर यादव सरफराज नसरुल्लाह एवं सभी पदाधिकारी गण सहयोग करेंगे। रात में रुदौली चेयरमैन जब्बार अली के कार्यालय के पास रात्रि विश्राम करेंगे। रुदौली से 7 सितंबर को बीकापुर विधानसभा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# स्वामीनारायण संप्रदाय के लोग सनातन समाज के संतों–महंतों से और अनुयायियों से मांगे माफी

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

श्री राम नगरी के अयोध्या के संतों-महंतों ने हनुमान जी महाराज को स्वामीनारायण संप्रदाय के सहजानंद स्वामी के भक्त और दास के रूप में दिखाने पर विरोध प्रकट किया है और अगर स्वामीनारायण संप्रदाय के लोग सनातन समाज के संतों महंतों से और अनुयायियों से माफी नहीं मांगते हैं तो अयोध्या के संत स्वामी नारायण संप्रदाय की जन्मस्थली गोंडा जिले के छपिया नामक स्थान पर पहुंचकर कड़ा विरोध करेंगे। संतों का विरोध प्रदर्शन श्री पंच तेरह भाई त्यागी खाक चौक, संकट मोचन हनुमान किला मंदिर के पीठाधीश्वर महंत परशुराम दास जी महाराज के नेतृत्व में हुआ।

श्री महाराज ने कहा कि सहजानंद स्वामी संत हैं और हमारे सनातन धर्म में आने को संत हुए हैं जिसमें संत तुलसीदास स्वामी वाल्मीकि जी महाराज जगतगुरु रामानंदाचार्य जी महाराज सहित सैकड़ो संत हैं जिन्होंने हनुमान जी को अपना आराध्य माना और श्री राम जी के दास के रूप में उनकी पूजा करते हैं ना कि हनुमान जी को अपना दास बनाया ऐसे में सनातन धर्म और संस्कृति का स्वामी नारायण संप्रदाय के लोगों ने एक चित्र के माध्यम से अपमान किया है जो निंदनीय है जिसको कभी क्षमा नहीं किया जा सकता और अगर वह माफी नहीं मांगते हैं और तत्काल इस चित्र को नहीं हटते हैं तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा और स्वामीनारायण की जन्मस्थली छपिया पहुंचकर हम संत जन इसका विरोध करेंगे क्योंकि हम अपने प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का अपमान अब सनातन संस्कृति के लोग नहीं बर्दाश्त करेंगे और अब कोई भी अगर सनातन संस्कृति पर वार करता है तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा। इस अवसर पर महंत विजय रामदास महंत धर्मदास महंत मंगलदास श्री राम कथा के मर्मज्ञ चंद्रांशु जी महाराज संगीत के मर्मज्ञ मानस दास भोला बाबा दरोगा दास सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



# मुर्गी वाहन में पीछे से घुसी कार चार लोगों की मौत, दो गंभीर घायल

* लखनऊ से पिकनिक मनाने नैनीताल जा रहा था परिवार
* पीलीभीत शाहजहांपुर बॉर्डर पर हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





**पूरनपुर।** लखनऊ निवासी एक परिवार पिकनिक मनाने उत्तराखंड के नैनीताल जा रहा था। खुटार क्षेत्र से पीलीभीत की सीमा में प्रवेश करते ही कार हाईवे के किनारे खड़े मुर्गी वाहन में पीछे से घुस गई। दुर्घटना में तीन महिलाओं समेत चार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ माह का मासूम व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक घंटे तक चल रेस्क्यू के बाद घायलों को कार से बाहर निकल गया। घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई। हादसा रविवार सुबह शाहजहांपुर बार्डर के करीब गढ़वाखेड़ा चौकी से तीन किमी. दूर जंगल के पास हुआ।लखनऊ के मुहल्ला खदरा निवासी अब्दुल्ला शनिवार की रात पत्नी सइमा राहत चचेरी बहन बुतूल व मरियम और चचेरे भाई मोहम्मद अमीन व 6 माह की बेटी अभिहा के साथ पिकनिक स्पाट नैनीताल जा रहे थे। कर सवार 250 किलोमीटर का सफर तय कर मंजिल की ओर बढ़ रहे थे।बस्ती मार्ग से शाहजहांपुर से पीलीभीत की गढ़वा खेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र में प्रवेश करते ही ड्राइवर को झपकी आ गई। कर हाईवे के किनारे खड़े मुर्गी वहां में पीछे से घुस गई। सुबह तड़के तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की नींद खुल गई। मुर्गी वाहन में टकराने से कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद हाईवे पर चीख पुकार मच गई। आस्क पड़ोस के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। कार में सवार लोग गंभीर हालत में दर्द से कराह रहे थे। संभावित प्रयासों के बाद भी कर के अंदर फंसे लोगों को नहीं निकाला जा सका। घटना की सूचना पर थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस मौके पर पहुंच गई।एक घंटे चले रेस्क्यू अभियान के बाद बमुश्किल कार का गेट तोड़कर फंसे लोगों को बाहर निकल गया।हादसे में अब्दुल्ला (25) पुत्र नौशाद,साइमा राहत उर्फ अमरीन (21) पत्नी अब्दुल्ला,बुतूल (20) पुत्री नशीम मरयम (18) पुत्री इजहार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।अभिया 8 माह,अब्दुल्ला,अमीन (18)पुत्र इजहार अली निवासी मोहल्ला खदरा लखनऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने आनंद-फानन में घायल मासूम बाय एक युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना के बाद सुबह लखनऊ से मृतकों के स्वजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक अब्दुल्ला के चाचा नशीम की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है।

### सुबह तड़के हाईवे से अस्पताल तक चीख पुकार

हादसे की भयानकता रविवार की सुबह पूरनपुर असम हाईवे पर चाहुओर थी। वही मची चीख पुकार और अपनों के लिए विलाप करती वेदनाएं मानो आसमान चीरने को आतुर दिखी। भाग्यवस बच गया मासूम अस्पताल में जिंदगी मौत की जंग जूझ रहा था। दुर्घटना में चार लोग कार के अंदर ही मौत की नींद सो गए, तो मासूम व एक युवक लहूलुहान हो गया। पल भर में वहां चीख पुकार मचने लगी। वाहन रोंक कर उतरे लोग बचाव कार्य में जुट गए।पुलिस ने घायलों को उठाकर अस्पताल भेजा।खौफनाक मंजर देख लोगों का कलेजा कांप गया। सुबह तड़के सड़क खून से लाल हो गई। वीभत्स मंजर देख वहां से निकल रहे लोग घबरा गए। राहगीर भी घायलों की मदद को जुट गए।



“ घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के बाद मोर्चरी में रखवा दिया गया। परिजनों को सूचना दे दी गई है। तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

**-आलोक कुमार**
पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर

# बरामद गोवंश के मांस को चौकी परिसर में दबाया, नोटों की चमक में छोड़ दिए आरोपी

* अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने चौकी परिसर से बरामद किया मांस
* पुलिस की कार्यशैली से गुस्साएं कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** पुलिस ने तस्करों से बरामद गोवंश के मांस को चौकी परिसर में ही दबा दिया। पकड़े गए तस्करों को लाखों रुपए लेकर छोड़ दिया गया। गोवंश के मांस के साथ पकड़े गए एक आरोपी को मादक पदार्थ के आरोप में जेल भेज कर पूरे मामले को दबा दिया। मामले की भनक लगने पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की शर्मनाक करतूत का पर्दाफाश कर दिया।कार्यकर्ताओं ने चौकी परिसर में दबाया गया गोवंश का मांस गड्ढा खोदकर बरामद कर लिया।कार्यकर्ताओं ने तस्करों को संरक्षण देने का आरोप लगाकर नारेबाजी कर जमकर हंगामा किया।हंगामा होता देख पुलिसकर्मी मौके से खिसक गए।
सरकार गोवंशीय पशुओं के संरक्षण के प्रति बेहद सजग है। आवारा गोवंशीय पशुओं के लिए गौशालाओं का निर्माण कराकर उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है।थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने अपनी करतूत से खाकी को शर्मसार कर दिया। आर्थिक लाभ के लिए पुलिस ने गोवंश के मांस के साथ पकड़े गए आरोपियों को सांठ गांठ के बाद लाखों रुपए लेकर क्लीन चिट दे दी। पुलिस ने अपना दामन बचाने के लिए पकड़े गए एक आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर इतिश्री कर ली। मौके से पकड़े गए आरोपी को पूछताछ के लिए बुलाने की बात कह कर उच्चाधिकारियों को गुमराह कर दिया।मंगलवार देर रात थाना सेहरामऊ उतरी की गढ़वा खेड़ा पुलिस ने क्षेत्र के गांव धनेगा में दबिस देकर एक घर से गोवंश के मांस के साथ पांच आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों को साथ गांठ के बाद लाखों रुपए की वसूली कर छोड़ दिया गया। बरामद मांस को चौकी के पास में ही गड्ढा खोदकर दबा दिया गया। एक आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की कार्रवाई कर पूरे मामले पर पर्दा डाल दिया।जिसकी जानकारी पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के गौ सेवा प्रमुख शिवम सिंह भदौरिया और उनकी टीम को लगी।वह शनिवार की रात चौकी पर पहुंच गए। उन्होंने जिस स्थान पर गोवंश का मांस दबाया गया था वहां पर खुदाई कराई। चौकी परिसर से गोवंश का मांस बरामद कर लिया। मांस बरामद होने के बाद कार्यकर्ताओं ने चौकी गेट के सामने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का गुस्सा बढ़ता देख चौकी इंचार्ज मौके से खिसक गया। रात में ही मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। देर रात कार्यकर्ताओं ने पुलिस क्षेत्राधिकार के ऑफिस में पहुंचकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

### इंस्पेक्टर बोले मांस बरामद नहीं तो किस पर करें करवाई

मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता ने थाना सेहरामऊ उत्तरी इंस्पेक्टर मदन मोहन चतुर्वेदी से घटना के बाबत जानकारी ली। इंस्पेक्टर का कहना था कि सूचना पर पुलिस ने धनेगा के घर में दबिस दी थी।मौके से मांस बरामद नहीं हुआ। इंस्पेक्टर व राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी का ऑडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। पुलिस चौकी परिसर से ही मांस बरामद होने से इंस्पेक्टर के झूठ की पोल खुल गई। पुलिस की करतूत से खाकी की खासी फजीहत हो रही है।

### पशुवध के लिए गन्ने के खेत में डाली गई चारपाई

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में बीते डेढ़ सप्ताह से गोकशी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।चर्चा है कि तस्कर पुलिस से सांठगांठ के बाद बेखौफ होकर पशुओं का वध कर रहे हैं। चार दिन पूर्व पशुवध के लिए गन्ने के खेत में डाली गई चारपाई का फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। चर्चा है कि गोमांश तस्कर गन्ने के खेतों में पशुवध के बाद मांस को क्षेत्र में ही ठिकाने लगा रहे हैं। मिली भगत के चलते कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

“ मामला संज्ञान में आया है। तथ्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। मामला सही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-आलोक कुमार**
पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर

## फास्ट फॉरवर्ड

### कोर्ट से घर जा रहे अधिवक्ता का बदमाशों ने गला रेता

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता रविशंकर यादव उर्फ दया निवासी चांदपुर, लाइनबाजार शनिवार की देर शाम कोर्ट से अपने घर के लिए निकलें थें कि होटल उत्सव मोटल निकट वाजिदपुर तिराहे के पास पहले से घात लगाकर बैठे दो मोटरसाइकिल पर सवार बदमाशों ने अधिवक्ता की हत्या करने के उद्देश्य से उनपर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे उनकी गर्दन में गम्भीर चोटें आईं।वह लहुलुहान होकर जमीन पर गिर गये। उन्हें तत्काल टीडी कॉलेज रोड स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। गर्दन में बीस से अधिक टांके लगने के बाद भी जब रक्तश्राव जारी रहा तब बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर बीएचयू रेफर कर दिया गया।ट्रामा सेंटर बीएचयू में दवा उपचार चल रहा है घटना से अधिवक्ता समुदाय अत्यंत आहत है। बदमाशों का अभी तक पता नहीं चल सका।

### बिजली पोल से टक्राकर बाईक सवार युवक की मौत

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर रेलवे फाटक के समीप शनिवार देर रात घर के लिए वापस लौट रहे युवक की सडक किनारे लगे बिजली पोल से टकरा जाने से दर्दनाक मौत हो गई, पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई मे जुट गई है। जंगीपुरकला गांव के निवासी अनुज यादव 24 वर्ष शनिवार देर रात अपने किसी निजी काम से कहीं गया हुआ था। देर रात जब वह घर के लिए लौट रहा था इसी दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर बहाउद्दीनपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक बिजली पोल से जा टकरा गई, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

# चर्चित हरीश हत्याकांड का खुलासा न होने पर सीओ सिटी को दिया ज्ञापन

* बीसलपुर कोतवाल पर गलत विवेचना करने का लगाया आरोप
* न्याय न मिलने पर आंदोलन छेड़ने की दी चेतावनी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** क्रांतिकारी विचार मंच के कार्यकर्ताओं ने नगर में 1 वर्ष पूर्व हुए चर्चित मेडिकल स्टोर स्वामी हरीश हत्याकांड का पर्दाफाश न होने पर शनिवार को मृतक की पत्नी के साथ प्रभारी पुलिस अधीक्षक एवं सीओ सिटी को ज्ञापन देकर बीसलपुर कोतवाल पर गलत विवेचना करने का आरोप लगाते हुए मामले की सीबीआई जांच कराई जाने की मांग उठाई।
पुलिस अधीक्षक की गैर मौजूदगी में प्रभारी पुलिस अधीक्षक एवं सीओ सिटी को दिए गए ज्ञापन में बीसलपुर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी मृतक हरीश गंगवार की पत्नी सत्य प्रभा गंगवार ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके पति मेडिकल स्टोर स्वामी हरीश गंगवार (45) छह सितंबर 2022 को पीलीभीत के आसाम चौराहे से रहस्यमय ढंग से लापता हो गए थे। दस सितंबर को बरेली के भुता थानाक्षेत्र में गांव अटकोना नहर में उनका क्षत-विक्षत शव मिला था। सुनगढ़ी पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हरीश के परिवार वालों ने 11 सितंबर को बीसलपुर के 12 पत्थर चौराहे पर शव रखकर जाम लगाया था। तब कहीं जाकर सुनगढ़ी थाना पुलिस ने मुकदमें की गुमशुदगी को हत्या में तरमीम कर दिया था। पुलिस जांच में जुटे थी लेकिन कातिलों का कोई सुराग नहीं लगा पाई। परिवार वाले सुनगढ़ी इंस्पेक्टर की जांच से संतुष्ट नहीं थे। उनकी मांग पर तत्कालीन एसपी ने जांच सुनगढ़ी से हटाकर बीसलपुर इंस्पेक्टर को दे दी थी। आरोप लगाया कि बीसलपुर कोतवाली प्रभारी ने हत्या के इस मामले को आत्महत्या दर्शाकर इसमें अंतिम रिपोर्ट लगाकर न्यायालय को भेज दी है। पति की हत्या की घटना का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। हत्या आरोपित खुलेआम घूम रहे हैं। महिला ने इस मामले की उच्च स्तरीय व सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की। मृतक की पत्नी व पुत्र आशीष कुमार के साथ क्रांतिकारी विचार मंच के संरक्षक देव स्वरूप पटेल, यशवंत पटेल, रामपाल एडवोकेट, कमलेश कुमार व पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। पटेल ने बताया कि इस मामले को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करेंगे। फिर भी न्याय नहीं मिला तो सड़कों पर आकर आंदोलन छेड़ा जाएगा।

# महिला ने एक विचित्र नवजात को दिया जन्म, चार घंटे बाद हो गई मृत्यु, देखने के लिए लोगों की लगी भीड़

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जनपद के थाना गजरौला कला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार की रात करीब 10ः00 एक महिला ने विचित्र बच्चे को जन्म दिया जिसका शरीर आम लोगों की तरह था लेकिन नीचे का डर मछ्ली के आकार होने से लोग उसे जलपरी और मछली का जैसा बता रहे हैं थे जिसको देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई और फोटो लेकर सोशल मीडिया पर वायरल दिनभर फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे लोगों के अलग-अलग मत रहे,परिजनों ने बताया कि विचित्र नवजात शिशु का जन्म की खबर पाकर अनेक लोगों ने उनसे मोबाइल पर संपर्क भी किया। शनिवार की रात करीब 10ः बजे जन्म होने के 4 घंटे बाद करीब मौत हो गई बच्चे के शरीर आम लोगों की तरह था लेकिन नीचे का धर मछली की पूंछ की तरह था लोग इसे जलपरी कहे रहे हैं, बताया जा रहा है कि गांव बिधिपुर उर्फ के यशपाल की पत्नी पुष्पा देवी ने पहले नवजात को जन्म दिया था। गजरौला अस्पताल के एएनएम बिमल गंगवार ने बताया है कि इस नवजात बच्चे का जन्म नॉर्मल था अपने जीवन काल में पहली बार ऐसा बच्चा देखा है और 4 घंटे बाद उसकी मृत्यु हो गई।




# शिक्षामित्रों ने निकाली बाइक रैली वरुण गांधी जिंदाबाद के लगाए नारे

* छह सूत्रीय मांगों को लेकर सांसद के कार्यालय पर सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



रविवार दोपहर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की जनपद शाखा के पदाधिकारियों ने जनपद के सैकड़ों शिक्षामित्रों के साथ बाइक रैली निकाली। हाथ में तिरंगा लिए शिक्षामित्र अपनी मांगों के साथ ही वरुण गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए दिखाई दिए। शिक्षामित्रों ने सांसद वरुण गांधी के संसदीय कार्यालय पर पहुंचकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। सांसद के कार्यालय सचिव दीपक पांडेय ने ज्ञापन लेते हुए शिक्षामित्रों को उनके हक में कार्रवाई का पूर्ण आश्वासन दिया। संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालयों में पिछले 22 वर्षों से गांव से गरीब, शोषित, वंचित व पिछड़े वर्ग को शिक्षा दे रहे हैं। करीब 1.5 लाख शिक्षामित्र अपने बच्चों की पढ़ाई, परिवार की परवरिश, दवाई, बच्चों की शादी आदि को लेकर चिंतित हैं। प्रदेश के शिक्षामित्रों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। उन्होंने प्रमुख मांगे रखते हुए कहा कि नियमावली में संशोधन कर शिक्षामित्रों की योग्यता पूर्ण कराकर पुनः समायोजित/नियमित किया जाए। समायोजन प्रक्रिया पूर्ण होने तक 12 माह 62 वर्ष की सेवा सुरक्षित करते हुए सम्मानजनक वेतन दिया जाए। नई शिक्षा नीति में शिक्षामित्रों को शामिल करते हुए इनका भविष्य सुरक्षित किया जाए। मृतक शिक्षामित्रों को अहेतुक सहायता प्रदान कर परिवार के आश्रित को जीविकोपार्जन के लिए नौकरी दी जाए। टीईटी उत्तीर्ण शिक्षामित्रों को नियमों में शिथिलता देते हुए सहायक अध्यापक के पद पर नियमित किया जाए। मूल विद्यालय में वापसी से वंचित शिक्षामित्रों को पुनः एक अवसर प्रदान करते हुए मूल विद्यालय में वापस किया जाए। साथ ही महिला शिक्षामित्रों को विवाह के उपरांत उनके ससुराल के जनपद में स्थानांतरित किया जाए। इस दौरान संरक्षक सूर्यकांत मिश्रा, जिलाध्यक्ष हरिओम पांडेय, जिला महामंत्री वीर सिंह गंगवार, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह समेत तमाम शिक्षामित्र मौजूद रहे।

## विद्यावती प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किए गए 11 होनहार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

विकास खंड खुटहन क्षेत्र रुस्तमपुर गांव की पूर्व प्रधान स्व.विद्यावती पांडेय की स्मृति में पं.दीनदयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज रुस्तमपुर द्वारा मेरा देश मेरा अभिमान विषय पर ब्लॉक स्तरीय ऑनलाइन हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को विद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुभाषचंद्र पांडेय ने 11 विजेता प्रतिभागियों को विद्यावती प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रतियोगिता में मेज़बान विद्यालय के कक्षा छठवीं के छात्र सक्षम शुक्ला को प्रथम स्थान मिला। जबकि सरस्वती इंग्लिश स्कूल बनहरा के कक्षा नौवीं के छात्र सुमित विश्वकर्मा तथा कक्षा आठवीं की छात्रा साक्षी यादव को क्रमशः द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं सांत्वना पुरस्कार के लिए ग्राम विकास इंटर कॉलेज खुटहन के कक्षा सातवीं के छात्र सौरभ उपाध्याय, गायत्री विद्या मंदिर इंटरमीडिएट के 11वीं कक्षा की छात्रा आंचल तिवारी, अनुरूप बालिका इंटर कॉलेज अकबरपुर के नौवीं कक्षा की छात्रा शुभा विश्वकर्मा, गांधी स्मारक इंटर कॉलेज के कक्षा 11वीं के छात्र अभिषेक तिवारी, पं.दीनदयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज प्रतिभागियों को विद्यावती प्रेरणा पुरस्कार 2023 के तहत प्रोत्साहन राशि व प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

# उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत बेहद खराब है: रागिनी सोनकर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निर्देश पर विवेक यादव के नेतृत्व में चल रहे लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ साईकिल यात्रा आज दूसरे दिन मछ्लीशहर से निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डॉ. अवधनाथ पाल एवं विधायक रागिनी सोनकर ने झंडा दिखाकर रवाना किया वहीं साईकिल यात्रियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत बेहद खराब है, अपराधी और दबंग सरेआम हत्याएं कर रहे हैं। अपराधी खूनी खेल-खेल रहे है। महिलाएं, बेटियां और आम आदमी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। कहा कि जौनपुर में ही पिछले दिनों सरेआम छात्र नेता के पिता की हत्या कर दी गई। प्रदेश में हत्या, लूट, दबंगई और छेड़खानी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है कहा कि ऐसा लगता है कि उत्तर प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। अपराधी जो चाहे, जहां कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी पिछले 7 सालों से दावा कर रहे हैं कि अपराधी उत्तर प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं, तो क्या जो अब अपराध हो रहा है, वह भाजपा के लोग कर रहे हैं या उन्हें सरकार का संरक्षण मिला हुआ है हम सभी इस लोकतंत्र एव संविधान बचाओ साईकिल यात्रा के माध्यम से जन जन तक भाजपा सरकार के असंवैधानिक कार्य बताया जायेगा और लोगों को उनके झूठे वादे कर जनता को जो भरमाया गया सब पोल खोला जायेगा। भाजपा हटाओं देश बचाओं भाजपा हटाओं संविधान बचाओं तहत जनता को जागरूक करेगें यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री राजनरायन बिन्द पंधारी लाल यादव यादव राकेश मौर्या, सूर्य भान यादव, श्याम नरायन बिन्द, विशाल यादव, योगेंद्र यादव, दलशित यादव, गुलाब बिन्द अनुपमा पटेल, अखिलेश यादव, राजेश यादव, अनील दूबे, आदि शामिल रहे।।

# संगम की परंपरा को गुफ़्तगू ने आगे बढ़ाया : न्यायमूर्ति डॉ. गौतम

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज




संगम नगरी में अलग अलग रीति, परंपरा, धर्म और संस्कार देखने को मिलते हैं। लोग मिलजुलकर प्रेम के साथ रहते हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए संस्था ‘गुफ़्तगू’ ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान किया है। ऐसे आयोजन होने चाहिए। यह बातें इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी ने रविवार को गुफ़्तगू की तरफ से मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय में आयोजित ‘गुफ़्तगू साहित्य समारोह-2023’ के दौरान कही। न्यायमूर्ति डॉ. गौतम ने कहा हम सबको मिलजुलकर अच्छे देश और समाज के निर्माण के लिए कार्य करना चाहिए। गुफ़्तगू के अध्यक्ष इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी ने कहा, यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने कहा कि कार्यक्रम को देखकर यह कहा जा सकता है कि गुफ़्तगू ने हर क्षेत्र के लोगों का संगम प्रयागराज में एकत्रित कर दिया है। विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार उर्फ़ अन्नू भइया, साहित्यकार डॉ. पूनम अग्रवाल ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता नेहरु ग्राम भारती यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति ने की। गुफ़्तगू के ‘धनंजय कुमार विशेषांक’, संपदा मिश्रा की तीन पुस्तकों और प्रो.शबनम हमीद की पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र जय ने किया। दूसरे सत्र में मुशायरे का आयोजन किया गया। डॉ. एस.एम. अब्बास, मुनेश्वर मिश्र, हमीक रेशादुल इस्लाम, अर्चना जायसवाल, डॉ. वीरेंद्र तिवारी, सिद्धार्थ पांडेय, भारत भूषण वार्ष्णेय, संजय सक्सेना, मधु गौतम, इश्क़ सुल्तानपुरी, कमल किशोर कमल, धीरेंद्र सिंह नागा, अशोक श्रीवास्तव कुमुद, सरिता श्रीवास्तव, अफ़सर जमाल, अरविन्द अवस्थी, गोविन्द गजब, कमलेश पांडेय, रचना सक्सेना, आसिफ़ उस्मानी, शिबली सना, मनीषा श्रीवास्तव, राकेश मालवीय, सुनीति केशरवानी, अनूप श्रीवास्तव, कौशल कुमार और मिली श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### इन्हें मिला सम्मान

**अकबर इलाहाबादी सम्मान**

डॉ. शबनम हमीद, कैलाश गौतम सम्मान धनंजय कुमार (अमेरिका), प्रमोद दुबे (जबलपुर), डॉ. ओम प्रकाश कादयान (हिसार, हरियाणा), अनिल मानव (कौशांबी), केदारनाथ सविता (मिर्ज़ापुर) को मिला। सुभद्रा कुमारी चौहान सम्मान ऋतिका रश्मि (उड़ीसा), अर्चना त्यागी (जोधपुर), सुशीला साहू (रायगढ़), डॉ. शबाना रफ़ीक़ (बांदा), डॉ. अमिता दुबे (लखनऊ), शिल्पी भटनागर (हैदराबाद) और डॉ.राहत इंदौरी सम्मान डॉ. हरिप्रकाश श्रीवास्तव (लखनऊ), खुरशीद खैराड़ी (जोधपुर) और डॉ. आनंद प्रकाश शाक्य (मैनपुरी) के नाम घोषित किया गया। डॉ. सुधाकर पांडेय सम्मान आशा झा (दुर्ग, छत्तीसगढ़), सीमा राय (लखनऊ), अनंतदेव पांडेय (ग़ाज़ीपुर), शेषनाथ राय (ग़ाज़ीपुर) और सुहैल खान (दिलदानगर), कुलदीप नैयर सम्मान, लईक़ रिज़वी, पी.एन. द्विवेदी, छत्रपति शिवाजी, सुनील कुमार शुक्ल, लक्ष्मीकांत पांडेय, सीमा अपराजिता सम्मान डॉ. पल्लवी कौशिक (देवधर, झारखंड), डॉ. अनुराधा प्रियदर्शिनी (बहराइच), खुश्बू गौतम (लखनऊ), कान्ति सिंह (सुल्तानपुर), नाज़ (प्रयागराज) मिल्खा सिंह सम्मान असद क़ासिम (क्रिकेट), सुजीत कुमार (हाकी), मोहम्मद रुस्तम खान (एथलेटिक्स), अभिषेक मालवीय (बॉक्सिंग), पवन कुमार शर्मा (टेबिल टेनिस) के नाम रहा।

# कश्मीर-अरुणाचल में जी20 बैठकें कराना हमारा अधिकार

## पीएम बोले, देश के हर हिस्से में इवेंट्स होंगे, चीन और पाकिस्तान ने आपत्ति जताई थी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश में जी20 बैठक कराने पर पाकिस्तान और चीन की आपत्ति को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश के किसी भी हिस्से में बैठक करने का अधिकार है। ये बात उन्होंने पिछले हफ्ते न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कही थी। इस इंटरव्यू की जानकारी रविवार को सामने आई। दरअसल, चीन (जी20 सदस्य) और पाकिस्तान ने कश्मीर के कुछ इलाकों में जी20 का एक इवेंट आयोजित करवाने पर आपत्ति जताई थी। दोनों देशों ने कहा था कि कश्मीर विवादित क्षेत्र है, इसलिए यहां आयोजन नहीं होना चाहिए। इसे लेकर पीएम मोदी ने कहा कि ऐसा सवाल तब जायज होता, जब हम कश्मीर और अरुणाचल में बैठक कराने से बच रहे होते। हमारा देश इतना विशाल, खूबसूरत और विविधताओं से भरा हैं। जब देश में जी20 बैठक हो रही है, तो ये स्वाभाविक है कि देश के हर हिस्से में बैठकें होंगी।

### पीएम बोले, 2047 तक विकसित हो जाएगा भारत

पीएम मोदी ने कहा कि 2047 तक भारत विकसित देश बन जाएगा। तब हमारी जिंदगियों में भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता की कोई जगह नहीं रहेगी। लंबे समय तक दुनिया भारत को 100 करोड़ भूखे लोगों का देश मानती रही, लेकिन अब हम 100 करोड़ महत्वाकांक्षी मन और 200 करोड़ हुनरमंद हाथों का देश बन गए हैं। भारतीयों के पास आज ऐसे विकास की बुनियाद रखने का मौका है, जिसे अगले हजार साल तक याद रखा जाएगा। शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं की सूची में हमने एक दशक से कम समय में पांच पायदानों की छलांग मारी है। जल्द ही भारत दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।

## साइबर अपराध को लेकर पीएम मोदी ने जताई चिंता, कहा डार्क नेट-मेटावर्स का फायदा उठा रहे आतंकवादी संगठन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध को लेकर चिंता जताई है। पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध, सामाजिक और भू-राजनीतिक तनाव उत्पन्न कर सकते हैं। एक इंटरव्यू में साइबर अपराध से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवादी संगठन कट्टरपंथ के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहे हैं और डार्क नेट, मेटावर्स और क्रिप्टोकरेंसी प्लेटफॉर्म जैसे उभरते डिजिटल तरीकों का फायदा उठा रहे हैं।

### निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की जरूरत

प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि साइबर अपराधों के सामाजिक, भू-राजनीतिक प्रभाव हो सकते हैं और इससे निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक का अनुमान है कि साइबर हमलों से 2019-2023 के दौरान दुनिया को लगभग 5.2 ट्रिलियन अमरीकी डालर का नुकसान हो सकता है, लेकिन इसका प्रभाव सिर्फ वित्त तक ही सीमित नहीं है।

### तकनीक का फायदा उठा रहे आतंकवादी संगठन

उन्होंने कहा कि आतंकवादी संगठन कट्टरपंथ के लिए तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग्स की कमाई को आतंकी फंडिंग के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं और अपने नापाक इरादों के लिए डार्क नेट, मेटावर्स और क्रिप्टोकरेंसी प्लेटफॉर्म जैसे उभरते डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि साइबर आतंकवाद, ऑनलाइन कट्टरपंथ, मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर ड्रग्स और आतंकवाद तक धन पहुंचाने के लिए नेटवर्क प्लेटफार्म का उपयोग किया जा रहा है। साइबर स्पेस ने अवैध वित्तीय गतिविधियों और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक बिल्कुल नया आयाम पेश किया है।

## उड़ीसा, गुवाहाटी और केरल हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्ति, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी मंजूरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वकील सिबो शंकर मिश्रा और न्यायिक अधिकारी आनंद चंद्र बेहरा को उड़ीसा हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है। इसके अलावा बुदी हाबुंग को गौहाटी हाईकोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश और जस्टिस सीएस सुधा को केरल हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया। नियुक्ति की घोषणा कानून और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल ने की। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पिछले महीने उड़ीसा हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए वकील सिबो शंकर मिश्रा और न्यायिक अधिकारी आनंद चंद्र बेहरा के नामों की सिफारिश की थी।

### स्थायी न्यायाधीशों के लिए पांच नामों की सिफारिश

इससे पहले भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने 31 अगस्त को मद्रास हाईकोर्ट के स्थायी न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की भी सिफारिश की थी। जिन पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की गई, वे थे- न्यायाधीश ए. ए. नक्कीरन, निदुमोलू माला, एस. सौंथर, सुंदर मोहन और कबाली कुमारेश बाबू।

## एक देश-एक चुनाव भारतीय संघ पर हमला : राहुल गांधी

### 'यह भाजपा की साजिश, पहले अपना भ्रष्टाचार तो रोकिए'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



एक देश-एक चुनाव के मुद्दे पर राजनीति शुरू हो गई है। 3 सितंबर को इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (ट्विटर) पर लिखा- इंडिया यानी भारत, यह राज्यों का संघ है। वन नेशन-वन इलेक्शन का आइडिया संघ और राज्यों पर हमला है। वहीं, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक देश-एक चुनाव को भाजपा की साजिश बताया। ये भी कहा कि वो (भाजपा सरकार) कहते हैं कि इससे चुनावी खर्च में कमी आएगी, लेकिन इससे पहले वे अपना भ्रष्टाचार रोकें। केंद्र ने पूर्व राष्ट्रपति को कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। उन्हें इससे राजनीति को दूर रखना चाहिए। जो कमेटी बनाई गई है, वो भाजपा की बात को ही फॉलो करेगी। यह तानाशाही है। वे इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस से डर गए हैं।

### लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहती है भाजपा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स (जो पहले ट्विटर था) पर लिखा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे-धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाए। वन नेशन वन इलेक्शन पर कमेटी बनाने की यह नौटंकी भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का हथकंडा है। 2024 में लोगों के पास वन नेशन वन सॉल्यूशन है। भाजपा के कुशासन से छुटकारा पाना।

### अधीर रंजन बोले, मैं इस कमेटी में काम नहीं करूंगा

कमेटी में नाम आने के बाद अधीर रंजन ने गृहमंत्री अमित शाह को लेटर लिखा। उन्होंने कहा कि मैं इस समिति में काम नहीं करूंगा। इसका गठन ऐसे किया गया है कि नतीजे पहले से तय हो सकें। आम चुनाव से पहले ऐसी समिति सरकार के गुप्त मंसूबों की ओर इशारा करती है, जिसमें संवैधानिक रूप से एक संदिग्ध व्यवस्था को लागू करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को शामिल नहीं करना संसदीय लोकतंत्र का अपमान है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश के लिए क्या जरूरी है? वन नेशन वन इलेक्शन या वन नेशन वन एजुकेशन (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसी अच्छी शिक्षा), वन नेशन वन इलाज (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसा अच्छा इलाज), आम आदमी को वन नेशन वन इलेक्शन से क्या मिलेगा?

## मणिपुर हिंसा: इंफाल से अंतिम 10 कुकी परिवार भी निकले, कांगपोकपी में शिफ्ट किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल



मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा के 4 महीने पूरे हो चुके हैं। इस बीच खबर है कि इंफाल घाटी में रह रहे अंतिम 10 कुकी परिवार भी चले गए हैं। इनका आरोप है कि उन्हें जबरन निकाला गया। सरकार की तरफ से इन कुकी परिवारों को 2 सितंबर को कांगपोकपी जिले में शिफ्ट किया गया। वहीं, एक अफसर का कहना है कि कांगपोकपी जिला कुकी समुदाय बहुल है, ऐसे में वे सुरक्षित रहेंगे। इन परिवारों को कांगपोकपी के मोटबंग ले जाया गया है। इस बीच 24 अगस्त को मणिपुर सरकार ने आर्मी से रिटायर्ड कर्नल नेक्टर संजेनबम को राज्य का सीनियर सुपरिन्टेंडेंट (कॉम्बैट) नियुक्त किया है। मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच 3 मई से जारी हिंसा में अब तक 170 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

## अमेरिका में 70 हजार लोग कीचड़ में फंसे

### कल्चरल फेस्टिवल के लिए इकट्ठा हुए थे, सरकार ने खाना-पानी बचाने को कहा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अमेरिका के नेवाडा राज्य में बर्निंग मैन फेस्टिवल के लिए इकट्ठा हुए 70 हजार लोग कीचड़ में फंस गए हैं। एक की मौत हो चुकी है। सरकारी अधिकारियों ने उन्हें खाना और पानी बचाने को कहा है। दरअसल, अमेरिका के नेवाडा राज्य में हर साल हजारों लोग एक कल्चरल फेस्टिवल मनाने के लिए इकट्ठा होते हैं। इस बार भी ऐसा हुआ। हालांकि, लगातार 24 घंटों तक बारिश की वजह से पूरा रेगिस्तानी इलाका कीचड़ में तब्दील हो गया। इससे लोग चल भी नहीं पा रहे हैं। अमेरिका के लैंड मैनेजमेंट ब्यूरो ने कहा कि कीचड़ के बीच गाड़ी चलाना खतरे से खाली नहीं। आगे के कुछ दिनों में और भी बारिश होने की संभावना है। ऐसे में लोगों के पास जरूरत का सारा सामान होना जरूरी है।

### फंसे रह सकते हैं लोग


बर्निंग मैन फेस्टिवल नेवाडा के ब्लैक रॉक सिटी में होता है। जो दुनिया के सबसे बेजान रेगिस्तानों में से एक है। यहां लोग कैंप लगाकर कई दिनों तक रहते हैं। अब इमरजेंसी सर्विसज के अलावा इस इलाके में सभी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस इवेंट के ऑर्गेनाइजर्स का कहना है कि लोग कई दिनों तक यहां फंसे रह सकते हैं।

### 1990 में हुई इस फेस्टिवल की शुरुआत

इस फेस्टिवल की शुरुआत 1990 में हुई थी। तब यहां सिर्फ 80 लोग जुटे थे। 1993 में पहली बार यहां पहुंचने वाले लोगों की संख्या 1000 के आंकड़े तक पहुंची। इस बार यहां 70 हजार से ज्यादा लोग जुटे हैं। इस फेस्टिवल का आयोजन अमेरिका में छुट्टियों के दौरान मनाया जाता है। यहां दुनियाभर से आए लोग सेलफोन, इंटरनेट जैसी अत्याधुनिक सुख-सुविधाओं से दूर रहकर पारंपरिक नाच-गाने और गीत संगीत के बीच एक सप्ताह गुजारते हैं। बर्निंग मैन नाम इसलिए पड़ा क्योंकि फेस्टिवल के आखिरी दिन यहां अपनी ही बनाई गई कलाकृतियों को जला दिया जाता है। इसके पीछे का विचार ये है कि अपनी बनाई चीज को जलाकर हम अपने अंदर के अंहकार को खत्म कर देते हैं। फेस्टिवल में आने वाले लोगों को अपने तरीके से जीने की आजादी दी जाती है। उन पर किसी भी तरह की रोक नहीं लगाई जाती। ताकि, वो सही मायने में आजादी का मतलब समझ सकें। हालांकि, यहां पर ऐसी किसी भी चीज का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं, जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए।

## जी-20 समिट की सुरक्षा करेगा नेत्र एयरक्राफ्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने वाली जी-20 समिट में 19 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपति समेत ब्रिटेन और जापान के प्रधानमंत्री भी आएंगे। भारत विदेशी मेहमानों की सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था कर रहा है। भारतीय वायुसेना हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए स्वदेशी सर्विलांस और मॉनिटरिंग एयरक्राफ्ट 'नेत्र' तैनात करने की तैयारी कर रही है। वायुसेना का यह एयरक्राफ्ट फरवरी 2019 में बालाकोट स्ट्राइक के समय भी चर्चा में था। तब पाकिस्तानी एफ-16 लड़ाकू विमानों की निगरानी के लिए इसे तैनात किया गया था। दिल्ली की हवाई सुरक्षा के लिए मिसाइलें भी तैनात की जाएंगी। सेना के हेलिकॉप्टर एयर पेट्रोलिंग करेंगे। इनमें एनएसजी कमांडो रहेंगे। समारोह स्थल के आसपास बड़ी और ऊंची इमारतों पर सेना और हस्त्र स्नाइपर तैनात होंगे। पहली बार एंटी ड्रोन सिस्टम लगाया गया है, यानी समिट के दौरान पतंग भी नहीं उड़ेगी। समिट की सुरक्षा के लिए दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरे भी लगाए गए हैं। कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर ये कैमरे तुरंत सुरक्षा अधिकारी को अलर्ट मैसेज भेज देंगे। जहां विदेशी मेहमान ठहरेंगे, वहां एंटी ड्रोन सिस्टम और बुलेट प्रूफ शीशे लगवाए गए हैं। वहीं, आईटी एक्सपर्ट की टीम समिट के दौरान सोशल मीडिया पोस्ट, ट्रेंड्स पर नजर रखेगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)